धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
18.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ





khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 218 | 06


मनुष्य की सेवा ही पूजा है: स्वामी रामकृष्ण परमहंस



# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का दावा आर्थिक मोर्चे पर मजबूत है झारखंड

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार वर्ष 2025-26 के आम बजट को अबुआ बजट बनाने की कोशिश कर रही है। समावेशी और विकासोन्मुख बजट के लिए जनता जनार्दन की भी राय ली गई है। सरकार ने इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले अपने लक्ष्य से अधिक राजस्व प्राप्त करने की पहल तेज कर दी है।

इधर बजट से पूर्व राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दावा किया है कि राज्य की आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटा अगर 3% भी हो तब भी इसे ठीक माना जाता है, लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की कुशल वित्तीय प्रबंधन की वजह से राजकोषीय घाटा सिर्फ 1.5% है।

**राज्य की आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत :** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य की अच्छी वित्तीय स्थिति के बावजूद सरकार अपने राजस्व बढ़ाने और लक्ष्य से 5 से 10 हजार करोड़ रुपये अधिक की वसूली के लिए प्रयास कर रही है।

### मंईयां योजना के लिए राशि की कोई कमी नहीं

राज्य के वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए इस वित्तीय वर्ष में राशि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि तकनीकी वजहों से लाभुकों के खाते में राशि नहीं गई है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार टैक्स चोरी रोक कर अपने लक्ष्य 128000 करोड़ से 5000 करोड़ ज्यादा राजस्व प्राप्त करना चाहती है और इसके लिए सभी डीसी और अधिकारियों को आदेश भी दिए गए हैं। वहीं राज्य का राजकोषीय घाटा भी बेहद कम है। ऐसे में कल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार को धन की दिक्कत भी नहीं होगी।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 128000 करोड़ का लक्ष्य रखा था। जिससे अधिक राजस्व वसूली हो इसके लिए जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभुकों के 2000 ऋण आवेदन बैंकों में लंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के दो हजार लोन आवेदन बैंकों के पास लंबित हैं। एमएसएमई के मुताबिक अब तक राज्य में इस योजना के तहत पांच हजार लाभुकों ने ऋण के लिए बैंकों में आवेदन किया। इसमें 3051 आवेदकों को ऋण की स्वीकृति दी गई। वहीं, 2100 आवेदकों को ऋण दिया गया। जबकि, दो हजार आवेदन अब भी बैंकों के पास लंबित हैं। इस पर एमएसएमई ने बैंकों से जल्द से जल्द इन आवेदनों के निष्पादन का आग्रह किया है।

**क्या है पीएम विश्वकर्मा योजना** : पीएम विश्वकर्मा योजना पीएम द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत केंद्र सरकार सस्ती ब्याज दरों पर कई प्रकार के कारीगरों को लोन अथवा ऋण उपलब्ध करवा रही है। विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य है, कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में मान्यता देकर उन्हें योजना के अंतर्गत सभी लाभों के लिए पात्र बनाना।

**योजना के तहत 38 हजार आर्टिजन्स निबंधित :** इस योजना के तहत राज्य में अब तक 38 हजार आर्टिजन्स (कारीगर) निबंधित किए गए हैं। वहीं, योजना के तहत कुल 4.20 लाख लोगों ने आवेदन किया था। इनमें से 22 हजार आर्टिजन्स को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

### सस्ती ब्याज दर पर 3 लाख तक ऋण का प्रावधान

इस योजना के तहत पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थी तीन लाख रुपये तक का ऋण सस्ती ब्याज दर पर ले सकते हैं। यह ऋण उन्हें 5 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा। हालांकि, पहले चरण में उन्हें एक लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। दूसरे चरण में दो व तीसरे चरण में वे तीन लाख रुपये तक ऋण ले सकते हैं।

## वीर बुधु भगत ने अंग्रेजों के खिलाफ किया आवाज बुलंद : कुलपति डॉ तपन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शाण्डिल्य ने कहा है कि कोल विद्रोह के महानायक बुधु भगत ने अंग्रेज के दमनकारी शासन के विरोध में आवाज बुलंद किया था। वह डीएसपीएमयू में आयोजित वीर वुधू भगत जन्म जयंती समारोह में बोल रहे थे। इसके पहले कायर्क्रम की शुरूआत बीर बुधु भगत के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया है। इसके बाद कुड़ुख विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। डॉ रामकिशोर भगत द्वारा रचित पुस्तक वीर बुधु भगत जीवन और दर्शन भेंट किया गया। कायर्क्रम में विषय प्रवेश डॉ बिनोद कुमार ने दिया। उन्होंने कहा कि वीर वुधू भगत पर गहन शोध की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ जिंदर सिंह मुंडा ने कहा कि भारत के परिप्रेक्ष्य में बहुत ही कम झारखंडी बीरों को याद करते हैं। जबकि इसकी संख्या काफी है। साहित्यकार महादेव टोप्पो ने झाऱखंड की धरती को बहुत ही अद्भूत बतलाते हुए कहा कि इस कोल विद्रोह में अंग्रेजों द्वारा केवल वीर बुधु भगत ही शहीद नहीं हुये थे। बल्कि इनके साथ इनके पूरे परिवार 100 लोग एक साथ शहीद हुये थे।डॉ सुभाष चंद्र मुंडा ने इसके संघषर्पूण दास्ता को याद रखने की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि वीर बुधु का जन्म वतर्मान झारखंड के रांची जिला स्थित चान्हों प्रखंड के शिलागाईं गांव में 17 फरवरी 1792 ई को किसान परिवार में हुआ है। इन्होंने कम उम्र से ही दमनकारी अंग्रेजी हुकुमतों के खिलाफ लोगों को संघर्ष करने को प्रेरित करते थे। वे कोल विद्रोह के महानायक के रूप में झाड़खंडी जनजीवन में जाने जाते हैं। ये 1832 को शहीद हुए। इस अवसर पर डॉ मनोज कच्छप, डॉ मालती बागिशा लकड़ा, डॉ निताई चंद्र महतो, डॉ सिता कुमारी, सुनिता कुमारी, शांति केरके ट्टा, डॉ डुमनी माई मुर्मू, डॉ दसमी ओडेय़ा आदि उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ जय किशोर मंगल एवं धन्यवाद ज्ञापन सुनिता कुमारी ने की।

## ओबीसी विभाग को जिला स्तर से बूथ लेबल तक करना होगा मजबूत : केशव महतो कमलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग की कार्यसमिति की बैठक सोमवार को कांग्रेस भवन में ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर झारखंड प्रभारी राजकिशोर बारिक उपस्थित थे। बैठक में झारखंड के सभी जिले से ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि ओबीसी विभाग को आप लोग जितना मजबूत करेंगे कांग्रेस पार्टी उतना मजबूत होगी। ओबीसी संगठन को जिला, पंचायत, प्रखंड होते हुए बूथ लेवल तक ले जाना है। ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में मेहनत करने की जरूरत है। ओबीसी जाति में बहुत सारे उपजातियां है सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्‍चित करना चाहिए तभी ओबीसी विभाग मजबूत होगा। प्रखंडों से लेकर जिला में प्रत्येक महीना एक बैठक ओबीसी विभाग का होना चाहिए। ओबीसी विभाग के प्रभारी श्री बारिक ने कहा कि पार्टी हाई कमान का मानना है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, इसलिए हम लोगों को झारखंड में ओबीसी विभाग को मजबूत करते हुए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। मैं सभी जिला का दौरा करूंगा और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए आप सभी के साथ में मिलजुल कर कार्य करूंगा। प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू ने कहा कि संगठन की मजबूती हेतु मैं बहुत जल्द प्रदेश के पदाधिकारी को जिला का प्रभारी बनाकर बूथ लेबल तक संगठन खड़ा करने के लिए जिले का दौरा करूंगा और पार्टी हाई कमान का एवं प्रदेश नेतृत्व का दिशा निर्देश का पालन करने का कोशिश करूंगा।

## अमर शहीद वीर बुधु भगत को याद किया



**रांची।** कोल विद्रोह के महानायक अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर पर उपस्थित नेताओं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि जब मुगलकाल में बहुत सारे व्यापारियों का प्रवेश छोटानागपुर में हुआ और उनके द्वारा आदिवासियों का शोषण किये जाने लागा तो उसके खिलाफ इन्होंने लड़ाई की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत गोरिला युद्ध में निपुण थे। इसका फयादा उठाकर कई बार इनके नेतृत्व में आदिवासी योद्धाओं ने अंग्रेजी हुकुमत को परास्त किया था। इनको पकड़ने के लिए अंग्रेज सरकार ने इनाम की घोषणा की परन्तु कोई भी इनाम के लालच में नहीं आया।

श्रद्धांजलि देने वालों में राकेश सिन्हा, अभिलाष साहु, आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता, राजन वर्मा, सुरेन राम, फिरोज रिजवी मुन्ना, धर्मेन्द्र सोनकर, राजेश चन्द्र राजू, अजय कुमार, टिंकू वर्मा, नेली नाथन, अरुण मंडल, दीपक गुप्ता, रामानंद केशरी, आलोक दूबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह कॉलेज के समीप कोकर, रांची मे शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली, जिसमें मुख्य रूप से युवा एवं महिलाएं रहीं। पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यगणों और जिला व रांची महानगर के वरिष्ठ नेतागणों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे मुख्य रूप से संजय ठाकुर के साथ विक्की एवं अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। संयोजक मंडली के सदस्यों द्वारा बताया गया कि पार्टी नेतृत्व के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी द्वारा 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है, और जिस तरह सदस्यता अभियान मे पार्टी से जुड़ने के लिए लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है हम निश्‍चित ही लक्ष्य से भी ज्यादा नए सदस्य बनाने मे सफल होंगे।

मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। आज हमलोग रांची महानगर अंतर्गत कोकर मे सदस्यता अभियान चला रहे है। जिस तरह झारखंड की जनता ने पूरा समर्थन देकर हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया है, उसी तरह लोग विशेषरूप से महिलाएं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी से जुड़ रही हैं।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड में फिर करवट लेगा मौसम, बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मौसम करवट लेगा। मौसम केंद्र ने झारखंड में मेघ गर्जन, बारिश और वज्रपात की आशंका को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में 18 फरवरी से बादल छाया रहेगा और 22 फरवरी तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार, 19 फरवरी को राज्य के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। जबकि 20 फरवरी को दक्षिण तथा निकटवर्ती मध्य हिस्से में बारिश हो सकती है। इसके अलावा राज्य के कई जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है।

### रिम्स में हृदय रोगियों को आज डॉ हेमंत नारायण देंगे परामर्श

**रांची।** रिम्स में मंगलवार को ओपीडी में हृदय रोगियों को डॉ हेमंत नारायण परामर्श देंगे। वहीं मेडिसिन ओपीडी में डॉ अजीत, सर्जरी ओपीडी में डॉ पंकज बोदरा, ऑर्थो ओपीडी में डॉ गोविंद गुप्ता, न्यूरोसर्जरी इमरजेंसी में डॉ आनंद प्रकाश और ईएनटी में डॉ जेडएम खान मरीजों को परामर्श देंगे।

### सामूहिक रूप से आदिवासी- मूलवासियों को दी जाएंगी दुकानें : योगेंद्र

**रांची।** राज्य में नई उत्पाद नीति एक अप्रैल से लागू होनी है। विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि नई व्यवस्था बिल्कुल पारदर्शी तरीके से काम करेगी। राज्य में किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि छोटे-छोटे समूह बनाए स्थानीय मूलवासियों, आदिवासियों व विस्थापितों को शराब की दुकानों का आवंटन किया जाएगा, ताकि रोजगार का सृजन हो सके। मंत्री ने कहा कि राज्य में आलोचकों की कमी नहीं है, लेकिन इस नीति पर 16 मार्च तक सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। जो सुझाव आएंगे, उस पर विचार किया जाएगा। मंत्री ने दावा किया कि नई उत्पाद नीति से राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 3500 से 4000 करोड़ का लक्ष्य रखा जाएगा। वर्तमान में यह आंकड़ा 2700 के आसपास है।

### रेलवे स्टेशन पर अनियंत्रित भीड़ को नियंत्रित करने की ठोस पहल हो : चैम्बर

**रांची।** कुंभ मेला की भीड़ के कारण ट्रेनों में बढ़ते यात्री दबाव से यात्रियों को परेशानी नहीं हो इसके लिए सोमवार को झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने डीआरएम को पत्राचार किया। रांची रेलवे स्टेशन पर रविवार को अनियंत्रित भीड़ के कारण यात्रियों को हुई असुविधा पर चिंता जताते हुए चैम्बर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि संजय अखौरी ने यह सुझाया कि एयरपोर्ट की भांति रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर यात्री टिकट की जांच सख्ती से की जाय। संभव हो तब कुंभ मेला तक प्लेटफॉर्म टिकट जारी ही नहीं किया जाय ताकि कम से कम लोगों का प्रवेश प्लेटफॉर्म में हो सके। चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि यह सुनिश्‍चित किया जाना चाहिए कि रिजर्वेशन वाले यात्री को असुविधा न हो। यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेलमंडल द्वारा 19 फरवरी को कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने के दक्षिण पूर्व रेलवे को दिए गए प्रस्ताव को उचित बताते हुए चैम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि कुंभ मेला चलने तक प्रतिदिन रांची से स्पेशल ट्रेन परिचालित करने का प्रयास किया जाए। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## खबर एक नजर में

### कोटा सिस्टम का बार संचालकों ने किया विरोध

**रांची।** राज्य सरकार के उत्पाद विभाग के द्वारा बनायी जा रही नई उत्पाद नीति में कोटा सिस्टम का बार संचालकों ने विरोध शुरू कर दिया है। सोमवार को झारखंड बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में एसोसिएशन के सभी सदस्य उत्पाद मंत्री योगेंद्र महतो से मिले। मंत्री से मिलकर बार एंड रेस्टोरेंट में में लगाए जा रहे कोटा सिस्टम को हटाने की मांग की गई। सदस्यों ने मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें बताया गया कि पूरे देश में किसी भी राज्य में बार एंड रेस्टोरेंट में कोटा सिस्टम तय नहीं किया गया है, लेकिन झारखंड में कोटा सिस्टम बार एंड रेस्टोरेंट पर थोपा जा रहा है, जिससे उनके व्यवसाय को चलाने में बहुत परेशानी हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मंत्री को यह भी बताया गया कि जो नई उत्पाद नीति सरकार द्वारा तैयार की जा रही है, उसमें जो वर्तमान कोटा सिस्टम चल रहा है, उसमें भी 15% बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव रखा गया है। ऐसे में इस व्यवसाय से जुड़े हुए व्यवसायियों को आने वाले समय में अपना व्यवसाय करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि समीक्षा करके कोटा सिस्टम को झारखंड से समाप्त कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में रंजन कुमार, गुरुचरण सिंह, कमल नागपाल, उमेश सिंह, बबलू महतो, सुनील सिंह शामिल थे।

### आदिवासी बच्चों के सशक्तिकरण केलिये मोदी सरकार संकल्पित : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी बच्चों की समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके सशक्तिकरण केलिये मोदी सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने झारखंड में आदिवासी बच्चों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिये एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक साथ 44 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शुरू किये जा रहे हैं। इससे आदिवासी छात्रों को नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। ये विद्यालय आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण के साथ छात्रों के समग्र विकास में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षा आदिवासी समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से आदिवासी बच्चों को उज्वल भविष्य देने का प्रयास किया जा रहा है। नि:शुल्क और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराकर सरकार न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दे रही है। बल्कि उनके समग्र उत्थान में भी योगदान दे रही है।

### आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दे राज्य सरकार : राफिया नाज



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि महंगे पर्यटन आयोजनों के बजाय आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आयोजित स्काईडाइविंग फेस्टिवल 2025 पर राज्य सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाये हैं। उन्होंने इस महंगे आयोजन को आम आदमी की पहुंच से बाहर बताते हुये राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा किया। स्काईडाइविंग जैसी महंगी गतिविधियों को बढ़ावा देना अनुचित है। जबकि वास्तविकता में यह गतिविधियां सिर्फ समाज के एक विशेष वर्ग के लिये उपलब्ध हैं। यह महंगा आयोजन राज्य के गरीब और मझले वर्ग के लिये न केवल दूर का सपना है। बल्कि यह सरकार की प्राथमिकताओं का वास्तविक प्रतिबिंब भी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महंगे पर्यटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है। वहीं, सरकार लगातार यह दावा करती है कि उसके पास बजट की कमी है। इससे विकास कार्य और जनता की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। यह सरकार की दोहरे मापदंड को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी इसी तरह के महंगे आयोजनों पर खर्च किये गये पैसे के बाद ऑडिट में कई बड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसके बावजूद सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जब सरकार जनता के बुनियादी मुद्दों को हल करने के लिए बजट के आभाव का दावा करती है, तो ये महंगे आयोजन किस उद्देश्य के लिए हो रहे हैं। उन्होंने विधवा महिलाओं के लिए पेंशन योजना शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को रियायती राशन मिले और सरकारी कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान तत्काल किया जाये।

### परीक्षा में बुर्का प्रकरण पर रिपोर्ट के आधार पर करवाई हो : बिजय चौरसिया



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने कहा है कि चल रही परीक्षाओं में हर हाल में सुचिता, पारदर्शिता सुनिश्‍चित होना चाहिये। उन्होंने कहा कि परीक्षायें तय स्कूल ड्रेस में हीं संचालित हो।समुदाय विशेष के दबाव में आकर बच्चों के भविष्य बर्बाद न करे राज्य सरकार। दरअसल, गिरिडीह के जमुआ प्रखंड के जेपीके कॉलेज भंडारों के केंद्राधीक्षक को दुर्भावना से ग्रस्त होकर हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि साजिशकर्ता विक्षक सज्जाद अंसारी और मो असगर अंसारी पर अविलंब करवाई हो। साथ हीं अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे केंद्राधीक्षक को पुनः नियुक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि समुदाय विशेष को खुश रखने को लेकर घिनौना खेल न खेले हेमंत सरकार। उन्होंने गिरिडीह के एक परीक्षा केंद्र में हुये बुर्का प्रकरण को लेकर जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर करवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित परीक्षाओं पर सांप्रदायिक रंग न चढ़ाया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य के बहुत सारे परीक्षा केंद्रों से यह सूचना आ रही है कि एक समुदाय विशेष की बच्चियां बुर्के में परीक्षा देने जा रही है। इससे परीक्षार्थियों के सही पहचान को लेकर समस्या आ रही है और परीक्षा में कदाचार हो रहा है। किसी परीक्षा केंद्राधीक्षक द्वारा जब बच्चियों से उसके चेहरे से बुर्का हटाने को कहा जाता है तो हंगामा हो रहा है। उन्होने कहा कि झारखंड परीक्षा अधिनियम का पालन कर रहे कर्तव्यनिष्ठ केंद्राधीक्षकों और शिक्षकों के खिलाफ साज़िश रची जा रही है। ऐसे केंद्राधीक्षकों को परीक्षा केंद्रों से हटाया जा रहा है।

### अरूण श्रीवास्तव के निधन प्रदेश कांग्रेस ने शोत जताया

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूण श्रीवास्तव का निधन सोमवार को मेडिका अस्पताल में हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक जुझारू साथी जो संगठन और पार्टी के लिए सदैव संघर्ष किया। पार्टी के हर कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। ऐसे संघर्षशील कार्यकर्ता आज हमारे बीच नहीं हैं। यह एक अपूरणीय क्षति है, जिसके निकट भविष्य में भरपाई नहीं हो सकती है। इस दुख की घडी में पूरी कांग्रेस उनके परिवार के साथ हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि हमारा एक लंबा अंतराल साथ में काम का रहा, हमारे चुनाव की प्रबंधन बखूबी श्रीवास्तव किया करते थे। आज उनके निधन की समाचार सुन कर मन व्यथित हो गया। ईश्वर उन्हें श्रीचरणों में जगह दें। ज्ञात हो पिछले दस दिनों से मेडिका अस्पताल में ईलाजरत थे। शोक व्यक्त करने वालों में अनादि ब्रश, प्रदीप तुलस्यान, राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, आभा सिन्हा, अभिलाष साहु, राजेश सिन्हा सन्नी, राजन वर्मा, राजेश चन्द्र राजू, रोहित सिन्हा आदि शामिल थे।

### आईसीएल के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बने दिनेश सोनी



**रांची।** इंडियन कॉन्फिडरेशन ऑफ लेबर के 13वीं राष्ट्रीय अधिवेशन वेस्ट बेंगल कोलकाता में हुआ। जिसमें दिनेश सोनी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य सदस्यों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिर्बन भट्टाचार्य, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष उर मेहरात,राष्ट्रीय महासचिव अवतार सिंह,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के पद्मावती,वाइस प्रेसिडेंट संध्या भादुरी, ठ वेंकटेशन सहित,संदीप कुमार पात्रो, ड्यूटी सेक्रेटरी जनेरल ललन सिंह, कविता रहमान, अशोक महतो को चुना गया है।

# 24 से झारखंड विस के बजट सत्र में हंगामे के आसार

## रणनीति बनाने 23 को भाजपा और कांग्रेस ने बुलायी की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 24 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सत्र को ले कर अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दोनों ही अपनी-अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। वहीं स्पीकर ने बजट सत्र को ले कर 21 को उच्चस्तरीय बैठक बुलायी है। बजट सत्र के दौरान 3 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025 -26 का बजट वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सदन में पेश करेंगे। इसके अलावा सत्र के दौरान सरकार की ओर से कई विधेयक लाने की भी तैयारी की जा रही है।

**23 को सत्ता व विपक्ष की बैठक :** भाजपा ने 23 फरवरी को पार्टी विधायकों की बैठक बुलायी है। इसी बैठक में सरकार को घेरने की रणनीति तय की जायेगी। वहीं सत्तारूढ़ दल के घटन कांग्रेस ने भी उसी दिन अपने विधायक दल की बैठक बुलायी है। इसके बाद सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद की संयुक्त बैठक होगी।

**दोनों पक्ष तैयार :** सत्र के दौरान विपक्ष सरकार से सदन में जानना चाहेगा कि चुनाव के वक्त जो वादे किये गये थे उनका क्या हुआ। भाजपा ने सदन में रियायती दर पर गैस सिलेंडर, धान के एमएसपी 3200 किए जाने, मंईयां सम्मान योजना सहित कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। इसके अलावा नगर निकाय चुनाव को लेकर कराये गये ओबीसी सर्वेक्षण की खामियों को भी सदन में उठाने की तैयारी की जा रही है। वहीं विपक्ष की तैयारी का करारा जवाब देने के लिए सत्तारुढ दल भी तैयार है। सत्ता पक्ष का कहना है कि यदि विपक्ष सदन को नहीं चलने देगा तो इससे राज्य की जो मूलभूत समस्या है उसको हल करने में बाधा आयेगी। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वह जानबूझकर सरकार को बदनाम करने की साजिश रचती रहती है, ऐसे में इसका करारा जवाब देने के लिए भी हम तैयार हैं।

### 21 को स्पीकर करेंगे बैठक

बजट सत्र को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने 21 फरवरी को उच्च स्तरीय बैठक बुलायी है। बैठक में राज्य के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। विभिन्न दलों के नेताओं के साथ भी विधानसभा अध्यक्ष की बैठक होगी। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष की घोषणा अभी तक नहीं होने के वजह से सस्पेंस बरकरार है। इस बैठक में भाजपा की ओर से कौन मौजूद रहेंगे यह देखना होगा।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

18.02.2025

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 218



12 पुतिन से जल्द मिलेंगे ट्रंप

## न्यूज डायरी

### झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक आज शाम 4 बजे

**रांची।** झरखंड मंत्रिमंडल की बैठक कल मंगलवार को शाम चार बजे से होगी। मंत्रिमंडल की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय के मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### इडी के डिप्टी डायरेक्टर देवव्रत झा का तबादला

**रांची।** झारखंड में कई चर्चित मामलों की जांच कर रहे ईडी के डिप्टी डायरेक्टर देवव्रत झा का तबादला कर दिया गया है। देवव्रत झा ईडी के रांची जोनल ऑफिस में पदस्थापित थे। उनका तबादला कोलकाता कर दिया गया है, साथ ही उनके जगह राकेश कुमार को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में पदस्थापित किया गया है। रांची में पोस्टेड देवव्रत झा को प्रोन्नति के बाद रांची जोनल आफिस-1 का प्रभारी बनाया गया था। असिस्टेंट डायरेक्टर से डिप्टी डायरेक्टर रैंक में उनकी प्रोन्नति हुई थी। श्री झा रांची जमीन घोटाले समेत कई महत्वपूर्ण कांडों के अनुसंधान से जुड़े रहे हैं।

### फिर लगा महाजाम, डेढ़ करोड़ ने लगायी डुबकी

**प्रयागराज।** सोमवार को महाकुंभ के 36वें दिन एकबार फिर जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। रात आठ बजे तक करीब डेढ़ करोड़ लोगों ने पवित्र स्नान किया। बता दें कि 13 जनवरी से अब तक 54.31 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। सोमवार को भीड़ के कारण प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गये। 12 किमी तक रोड पर कारों की लंबी लाइन है। नैनी ब्रिज नया पुल भी जाम है।

**कुंभ क्षेत्र में पांचवी बार लगी आग**
वहीं मेला परिसर में सोमवार दोपहर एक बार फिर आग लग गयी। यह आग की पांचवीं घटना है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया। श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। कोई जनहानि नहीं हुई है। जांच चल रही है।

### नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर टिकट की बिक्री बंद

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद कर दी गई है। रेलवे स्टेशन प्रशासन ने बताया कि अगले एक सप्ताह (26 फरवरी तक) के लिए शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री नहीं की जायेगी। यह निर्णय शनिवार को महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर भीड़ से हुई भगदड़ के बाद लिया गया है। अब स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा बलों की कंपनियां तैनात की गई हैं, जबकि मेट्रो की सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ की एक कंपनी को रेलवे सुरक्षा के लिए लगाया गया है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक जिनके पास बुकिंग टिकट होगा सिर्फ वही स्टेशन पर प्रवेश कर पाएंगे।

# प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू, मिलेगा ₹25 लाख का नकद पुरस्कार

■ पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति की आयु 40 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 2025 के संस्करण (आईडीवाई 2025) के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। पुरस्कार उन लोगों और संगठनों दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रचार-प्रसार और विकास में महत्वपूर्ण और निरंतर योगदान दिया है।



आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी सहित चिकित्सा और कल्याण की पारंपरिक प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। ये पुरस्कार राष्ट्रीय व्यक्ति, राष्ट्रीय संगठन, अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति और अंतर्राष्ट्रीय संगठन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसके तहत प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा जायेगा। प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों का उद्देश्य समाज पर योग के गहन प्रभाव को सम्मानित करने के लिए स्थापित, इस क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान का जश्न मनाने, रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन और जीवनशैली से संबंधित विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका को सुदृढ़ करना है।

पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति की आयु 40 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और योग के प्रचार में कम से कम 20 वर्षों का समर्पित अनुभव होना चाहिए। आवेदन और नामांकन प्लेटफार्म MyGov (https://innovateindia.mygov.in/pm.yoga.awards.2025/) के माध्यम से 31 मार्च, 2025 तक या उससे पहले जमा किए जा सकते हैं। आपको बता दें, यह लिंक आयुष मंत्रालय की वेबसाइट और इसके स्वायत्त निकायों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध होगा। संस्थाएं सीधे आवेदन कर सकती हैं या किसी प्रमुख योग संगठन द्वारा नामांकित हो सकती हैं। प्रत्येक आवेदक/नामांकित व्यक्ति प्रति वर्ष केवल एक श्रेणी (राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय) के लिए आवेदन कर सकता है। आयुष मंत्रालय द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी सभी आवेदनों की समीक्षा करेगी और मूल्यांकन करने वाले निर्णायक मंडल को प्रत्येक पुरस्कार श्रेणी में अधिकतम 50 नामों की सिफारिश करेगी। निर्णायक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी और यह निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था होगी।

## सीएम हेमंत की अध्यक्षता में राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में निर्णय

# 37 कैदियों की रिहाई पर सहमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में सोमवार को सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में आयोजित की गयी। इस बैठक में राज्य की विभिन्न जेलों में आजीवन सजा काट रहे कैदियों की रिहाई से संबंधित अस्वीकृत किये गये मामलों सहित कुल 103 मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किये जाने पर सहमति बनी। इस दौरान रिहाई से संबंधित नये मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया जो झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किये गये थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

बता दें कि बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त करने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई के लिए अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिये गये मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच रिहाई के लिए प्रस्तावित सभी मामलों पर विचार के बाद कुल 37 कैदियों को रिहा किये जाने के निर्णय पर सहमति दी।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो नसीम सहित अन्य अधिकारी थे।

### सीएम आज जेएसएससी से चयनित 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को जेएसएससी की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा। नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। इधर राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है।



## केंद्रीय गृह मंत्रालय की मिली मंजूरी

# अब अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा झारखंड अग्निशमन विभाग

■ केंद्र सरकार ने विभाग को 147 करोड़ रुपये किये स्वीकृत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/धनबाद।** झारखंड अग्निशमन विभाग अब अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए अग्निशमन विभाग को 147 करोड़ रुपए स्वीकृत किये हैं। डीजी होमगार्ड अनिल पालटा ने धनबाद सर्किट हाउस में सोमवार को बताया कि केंद्र सरकार से 147 करोड़ रुपए की राशि 15वें वित्त आयोग से मिली है। इसे 31 मार्च 2026 के पहले खर्च किया जाना है। श्री पालटा ने कहा कि इस राशि से 11 नए फायर स्टेशन, एक राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर और एक राज्य स्तरीय फायर फाइटिंग कंट्रोल रूम बनेगा। इसके अलावा फायर ब्रिगेड, छोटे फायर टेंडर और मोटरसाइकिल फायर टेंडर भी खरीदे जाएंगे। साथ ही नए हाईड्रोलिक प्लेटफार्म भी खरीदे जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि शहर की तंग गलियों में आग लगने पर तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया जा सके। नए फायर स्टेशन बनने से विभाग को अपने भवन में संचालित किया जा सकेगा। विभाग में कर्मियों के प्रमोशन के बाद अग्निचालकों की कमी का सही आकलन किया जा सकेगा। वहीं धनबाद अग्निशमन विभाग को भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि होमगार्ड जवानों की बहाली को लेकर भी तैयारियां जोरों पर है।

### नये सीइसी के चयन पर बैठे मोदी और राहुल, कांग्रेस बोली- बैठक अभी रद्द हो

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले नए सीइसी की नियुक्ति के लिए सोमवार को चयन समिति की अहम बैठक आयोजित की गयी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे। बैठक में कांग्रेस ने सरकार को सुझाव दिया है कि सीइसी चयन की बैठक तब तक के लिए टाल दी जानी चाहिए थी, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई न हो जाये।





दरअसल, कांग्रेस ने चयन समिति में पदाधिकारियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। नये मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर कांग्रेस सरकार से कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि सीइसी के चुनाव से संबंधित एक बैठक हुई। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस मामले की सुनवाई 19 फरवरी को होगी। समिति की संरचना पर निर्णय दिया जायेगा, ऐसे में यह बैठक स्थगित की जानी चाहिए थी। बैठक में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया, लेकिन कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सीइसी के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव आयोग की निष्पक्षता नहीं, बल्कि उस पर नियंत्रण चाहती है।

### पूजा सिंघल को विभाग की जिम्मेवारी मिलेगी या नहीं, फैसला 21 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ईडी की ओर से दाखिल याचिका पर सोमवार को बहस पूरी हो गयी। ईडी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा और अगली सुनवाई 21 फरवरी निर्धारित की है। ईडी ने पूजा सिंघल को कोई विभाग ना देने की अर्जी दी है। दरअसल ईडी ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह कहा है कि अगर पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वह अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं। मालूम हो कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट की महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे। पूजा सिंघल को दिसंबर महीने की 7 तारीख को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं लेकिन कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

## एडीजीपी ने महाकुंभ को लेकर की समीक्षा बैठक, सुरक्षा के दिये निर्देश

# स्टेशनों पर कम से कम एक डीएसपी स्तर के अधिकारी और दंडाधिकारी होंगे, जो सुरक्षा व्यवस्था के लिए होंगे जिम्मेवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपर पुलिस महानिदेशक संजय आनंदराव लाठकर ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार से महाकुंभ मेला को लेकर यात्रियों के आवागमन के मद्देनजर राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम और रेलवे स्टेशन में उपलब्ध कंट्रोल रूम से आपसी समन्वय स्थापित करने को कहा ताकि रेलवे स्टेशन और जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम में सीधा संपर्क बना रहे। स्टेशन पर बनारस और प्रयागराज की ओर जाने या आने वाली ट्रेनों की जानकारी उपलब्ध रखने को कहा। इसके साथ ही स्टेशनों पर कम से कम एक पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी एवं दंडाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने को कहा जो वहां के सुरक्षा व्यवस्था के लिए सम्पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे। भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर ट्रैफिक की सम्पूर्ण व्यवस्था करने और पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्री लाठकर ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्टेशन पर यथासंभव एक एम्बुलेंस, पाराडिक्स स्टाफ प्रतिनियुक्ति करने और स्थानीय पुलिसकर्मी के पास फर्स्ट एड किट उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। उपायुक्तों को अपने स्तर से डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक रांची अमोल विनुकांत होमकर, आइजी अभियान नरेन्द्र कुमार सिंह, आइजी रेल प्रियदर्शी आलोक, डीआइजी रेल विजय आशीष कुजूर सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, आरपीएफ के अलावा रेलवे के वरिष्ठ पदाधिकारी, रांची, धनबाद, देवघर, पलामू, कोडरमा समेत कई जिलों के उपायुक्त तथा सभी एसएसपी शामिल हुए।

### 'रांची रेलवे स्टेशन का जिला प्रशासन ने लिया जायजा



**रांची।** रांची स्टेशन से कुंभ स्नान को लेकर प्रयागराज जाने और आने वालों की भीड़ को लेकर रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीएम उत्कर्ष कुमार सहित जिला प्रशासन के कई पदाधिकारियों ने सोमवार को स्टेशन पर भीड़ की स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में पदाधिकारियों ने रेलवे के अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिये। बता दें कि पुलिस मुख्यालय ने रेलवे स्टेशनों पर सर्तकर्ता बरतने का निर्देश दिया है।

### पेपर लीक की बातें निराधार: सीबीएसई

**नयी दिल्ली।** सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं में पेपर लीक की बात को निराधार और झूठ बताया है। सीबीएसई के अधिकारियों ने इन बातों पर तुरंत लगाम लगाते हुए बताया कि पेपर लीक की सभी बातें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक अफवाह है और छात्रों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बोर्ड ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों से कहा है कि वे केवल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर भरोसा करें। अधिकारियों ने यह भी सलाह दी है कि छात्र किसी भी असत्यापित स्रोत से आने वाली जानकारी या सोशल मीडिया की अफवाहों पर विश्वास न करें। सोमवार 17 फरवरी को देश भर में सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के लिए फिजिकल एजुकेशन (शारीरिक शिक्षा) की परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू हुई थी। इसी बीच सोशल मीडिया पर बोर्ड परीक्षा के लीक होने के विषय में अफवाह फैलाने की घटना सामने आयी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 79800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख





## वित्त मंत्री सीतारमण ने एमएसएमई के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की

# एमएसएमई उद्यमियों को अब प्लांट व मशीनरी के लिए 100 करोड़ तक 60 फीसदी गारंटी कवरेज के साथ मिलेगा कर्ज

**विनिर्माण को बढ़ावा**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को एमएसएमई के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की, जिसकी घोषणा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 में की गयी थी। इस योजना के अंतर्गत एमएसएमई सेक्टर के उद्यमी प्लांट और मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपये तक का कर्ज 60 फीसदी गारंटी कवरेज के साथ प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना उपकरण या मशीनरी की खरीद के लिए एमसीजीएस-एमएसएमई के तहत पात्र एमएसएमई को स्वीकृत 100 करोड़ रुपये तक की क्रेडिट सुविधा के लिए सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने योजना की शुरूआत करते हुए मुंबई में योजना के तहत पात्र एमएसएमई को मंजूरी पत्र भी वितरित किए।



योजना की शुरुआत करतीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

इस योजना से एमएसएमई के लिए ऋण की आसान उपलब्धता की सुविधा मिलने और भारत में विनिर्माण क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। योजना के अनुसार, उधारकर्ता एक वैध उद्यम पंजीकरण संख्या के साथ एक एमएसएमई होना चाहिए, गारंटीकृत ऋण राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, परियोजना लागत अधिक राशि की भी हो सकती है और उपकरण या मशीनरी की न्यूनतम लागत परियोजना लागत का 75 प्रतिशत है।

कार्यक्रम के दौरान एक मीडिया बातचीत में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि पिछले तीन बजटों में एमएसएमई में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसमें वर्तमान बजट में सरकार द्वारा गारंटीकृत ऋण भी शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का ध्यान पूंजीगत व्यय से उपभोग व्यय की ओर नहीं गया है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि केंद्र सरकार बीमा क्षेत्र में और अधिक सुधारों पर काम कर रही है, जिसमें 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी गई है। इसके अलावा मौजूदा बजट में बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है।

# दिल्ली के नये मुख्यमंत्री का 20 फरवरी को शपथ

## रामलीला मैदान में समारोह की तैयारी जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली को जल्द ही नया मुख्यमंत्री मिलने वाला है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

**19 फरवरी को विधायक दल का नेता चुना जायेगा** : सूत्रों के मुताबिक 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जायेगा। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। इसके अगले दिन 20 फरवरी (गुरुवार) को शाम 4.30 बजे दिल्ली के नये मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह रामलीला मैदान में होगा।

**शपथ ग्रहण समारोह में 1.5 लाख लोगों के आने की संभावना** : सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह में 1.5 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है।

**दिल्ली की कुर्सी पर 27 साल बाद भाजपा काबिज** : बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत से जीत हासिल की है। इस तरह दिल्ली की कुर्सी पर 27 साल बाद अब भाजपा काबिज हो चुकी है। भाजपा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की।

## स्पीड न्यूज

### राधेश्याम बने पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पलामू जिला पंचायत सचिव संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के मुख्य संरक्षक मनु तिवारी व संचालन जिलाध्यक्ष विनय शर्मा ने किया। जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा हुई। इस दौरान संघ के प्रखंड स्तरीय अनुशासिक इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राधेश्याम शर्मा को प्रखंड अध्यक्ष, वहीं मंजर अंसारी को सचिव बनाया गया। दोनों को कमेटी के पूर्ण गठन का जिम्मा सौंपा गया। बैठक में संघ के कई सदस्य मौजूद थे।

### सीओ ने की क्रशर प्लांट-माइंस की जांच

**छतरपुर पलामू।** सीओ उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में अंचल क्षेत्र के कामकला स्थित एबीएस प्लांट और तेलाड़ी में संचालित संजय सिंह के क्रेशर प्लांट और माइंस की जांच की गयी। उक्त प्लांट में कई अनियमितताएं मिली। उन्होंने बताया कि इस इलाके में उद्योग के रूप में क्रेशर और माइंस संचालित है लेकिन सरकार के मानक के अनुरूप जो नहीं चलते पायेंगे वैसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई निश्चित रूप से की जायेगी।

### रामगढ़ को हरा नौडीहा बहेरा चैंपियन



**पांकी पलामू।** सिंचाई विभाग के मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व विधायक दिवंगत स्व विदेश सिंह की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट खेला गया। जिसका फाइनल रामगढ़ बनाम नौडीहा बहेरा के बीच खेला गया। फाइनल के मुख्य अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद रहे। मैच में रामगढ़ पहले बैटिंग करते हुए 16 ओवर में 187 रन बनाया। नौडीहा बहेरा की टिम 15 ओवर में ही 188 रन बना ली। मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल का अच्छा प्लेटफॉर्म मिले तो निश्चित रूप से अच्छा खिलाड़ी निकल सकते हैं। मौके पर मनोज सिंह, प्रेम प्रसाद, बशारत अंसारी, अरविंद सिंह, रफीक अंसारी, हफीजुल अंसारी, अफताब आलम भी थे।

### देवरी बनकट में खुला उदगम प्ले स्कूल



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के बनकट के समीप रविवार को उदगम किड्स एकेडमी स्कूल खोला गया। उद्घाटन पंसस अरविंद मेहता, मुखिया ममता देवी, पूनम देवी, उपेंद्र मेहता, रमेश मेहता, परशुराम मेहता ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व अल्फा एजुकेशन के शिक्षक सह निदेशक माया शंकर मेहता ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना में कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। श्री मेहता ने इसे सराहनीय कदम बताया। मुखिया ने कहा कि यह पंचायत क्षेत्र में नन्हे मुन्हे बच्चों के बुनियादी शिक्षा के लिए स्कूल खोलना संचालक बधाई के पात्र है। मौके पर राजेश कुमार, अंशु कुमारी, प्रतिमा कुमारी, चांदनी कुमारी, पवन कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### बंसीखुर्द के जावेद को लगी गोली

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के बंसीखुर्द निवासी शाहिद अहमद के पुत्र जावेद (45) को रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली पेट के दाहिने साइड में लगी। दाहिना हाथ भी जख्मी है। गंभीर स्थिति में उसे एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। सूचना मिलने पर मनातू थाना पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में जावेद एवं उसके भाई तौहिद खान का सोमवार दोपहर 1 बजे एमआरएमसीएच में बयान लिया गया।

### 18 एकड़ अवैध पोस्ता की फसल नष्ट

**मेदिनीनगर।** वन विभाग मनातू एवं मनातू थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आप्ति के जंगल में लगभग 12 एकड़ अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गयी, जिसमें संयुक्त टीम ने पूरी फसल नष्ट कर दी। खेती करने वालों की पहचान हो रही है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उक्त जानकारी पलामू पुलिस कप्तान रीशमा रमेशन ने दी।

### जन-जन के नेता थे कर्पूरी ठाकुर : संतोष



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अनुमंडलीय कर्पूरी ठाकुर मैदान में सोमवार को राष्ट्रीय नाई महासभा हुसैनाबाद ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जिसमें विभिन्न राजनीतिक सामाजिक प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रखंड सचिव (राष्ट्रीय नाई महासभा) संतोष ठाकुर ने कहा कि समाज में सभी वर्ग के लोग कर्पूरी ठाकुर को सम्मान देते हैं वे बिहार के सीएम रहते हुए लोगों को जगाने व समाजिक अवधारणा जमीन पर लागू कराया एवं सभी वर्गों के विकास सम्मान बढ़ाया और वे जन जन के नेता बन गये। कार्यक्रम में शक्ति पासवान, दिनेश पासवान, विजय ठाकुर, अमरेश ठाकुर, रविरंजन ठाकुर, भिकारी ठाकुर, अरुण ठाकुर, राजेश सिपाही, अशोक ठाकुर भी थे।

### विधायक और जिप उपाध्यक्ष ने शहीद कुंदन को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद पलामू।** स्पेशल फोर्स झारखंड जगुआर की स्थापना दिवस पर शहीद कुंदन कुमार सिंह के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर झारखंड जगुआर के पदाधिकारी, स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,एसडीएम गौरांग महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने शहीद कुंदन कुमार सिंह के घर गमहर बीघा पंहुच कर गांव में स्थापित शहीद कुंदन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर लोगों ने शहीद कुंदन सिंह के पिता सुरेश सिंह, माता शारदा देवी को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि कुंदन कुमार सिंह ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर पुलिस बल व अपने परिजनों के साथ साथ इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा की शहीद कुंदन कुमार सिंह ने राज्य और देश के लिये अपने जीवन का बलिदान देकर इस और गांव घर परिवार समाज के लिए मिशाल कायम किया है।

# देश और राज्य को समृद्धशाली बनाने वाला है केंद्रीय बजट : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



**खास बातें :** इस बजट में दलहन, सब्जी, फलों की खेती करने वाले लोगों को भी विशेष ध्यान रखा गया है। उच्च फसलों वाले बीजों को व्यवसायी क्षेत्र में भी उपलब्ध कराया जायेगा। कपास की खेती करनेवाले किसानों को काफी राहत दी गयी है। केसीसी से खेती करनेवाले लोगों को कृषि के लिए ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। सूक्ष्म व लघु उद्योग के लिए क्रेडिट कार्ड भी उपलब्ध कराया जायेगा। इसमें सूक्ष्म उद्योगों को भी मजबूती दी जायेगी। देश के इतिहास में पहली बार उद्योग वाले लोगों को पांच वर्षों तक दो करोड़ का सावधिक ऋण दिया जायेगा। इस बजट में मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया जायेगा। अटल कृषि, सरकारी चिकित्सा एवं विद्यालयों में भी बजट का प्रावधान रखा गया है। आईआईटी क्षमता वाले केंद्रों में विस्तार करने की योजना है। देश के विभिन्न राज्य व जिला कुशल चिकित्सक के अभाव का दंश झेल रहा है जिसे पूरा करने के लिए मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में दस हजार अतिरिक्त सीटों को बढ़ाया गया है इससे छात्र छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा। सांसद श्री राम ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में कैंसर सेंटर , वर्ष 2025-26 में दो सौ सेंटर स्थापित किया जायेगा। कहा कि गेगा वकर्स के लिए आईडी कार्ड भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, श्यामनारायण दूबे, अविनाश वर्मा, प्रफुल्ल सिंह, विजय ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक समेत कई लोग मौजूद थे।

**मेदिनीनगर।** आजादी के बाद पहली बार देश को समृद्धशाली बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय बजट पीएम मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया है। समाज के हर वर्ग को ध्यान में रख बजट प्रस्तुत किया गया है। इसके माध्यम से लघु उद्योग, खिलौना उद्योग, चमड़ा उद्योग, कृषि उद्योग के साथ छोटे बड़े व्यवसायी वर्ग को ध्यान में रख महिला उद्यमियों पठन-पाठन कार्य करने वाले विद्यार्थियों के साथ ही 12 लाख तक कमाने वाले लोगों को विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। उक्त बातें सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर होटल ज्योतिलोक में प्रेस वार्ता कर कही।

पांकी विधानसभा के जंगली क्षेत्रों में हो रहे पोस्ता खेती पर विधायक ने किया खुलासा

# पुलिस, वन विभाग और दलाल के गठजोड़ से हो रही पोस्ता की खेती : डॉ शशिभूषण

■ पोस्ता खेती करने-कराने वाले हैं मालामाल, निर्दोष भेजे जा रहे हैं जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पोस्ता की अवैध खेती की जा रही है जो राज्य ही नहीं देश के लिए एक बड़ा चुनौती बन चुका है। पलामू जिला के पांकी विस क्षेत्र के मनातू, चक, डुमरी, मिटार समेत विभिन्न पंचायतों के जंगली क्षेत्रों में पोस्ता की खेती वन विभाग, पुलिस एवं दलालों के गठजोड़ से फल फूल रहा है जो पांकी ही नहीं पलामू जिला के अलावे पूरे राज्य के लिए चिंतनीय विषय है। उक्त बातें पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर डीजीपी, एसपी को भी सूचना दी गयी है लेकिन पोस्ता की खेती कराने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं कर निर्दोष लोगों को फर्जी तरीके से पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज रही है। जो नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पोस्ता की खेती कराने वालों को संरक्षण प्राप्त है जिस कारण वे पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने मनातू थाना प्रभारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनातू थाना प्रभारी के कनीय पुलिस अधिकारी व पिकेट प्रभारी तथा वन विभाग के कर्मियों के द्वारा पोस्ता की खेती करायी जा रही है। इसमें दलालों के सहयोग से पारा शिक्षक, डीलर, चौकीदार एवं पंचायत जनप्रतिनिधि के परिजन धड़ल्ले से पोस्ते की खेती करने में शामिल हैं।

पलामू उपायुक्त ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर लिया भीड़ का जायजा, बोले

# रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

■ रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट, मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की होगी तैनाती

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान रेल परिवहन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं अन्य रेल यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने धनबाद रेल मंडल के डालटनगज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म की लंबाई-चौड़ाई, भीड़ नियंत्रण के इंतजाम, यातायात व्यवस्था, पार्किंग सुविधा आदि का बारिकी से जायजा लिया। उन्होंने महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं एवं अपने गंतव्य तक यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिले, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय लागू किए जाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सवोच्च प्राथमिकता है।



जायजा लेने पहुंचे डीसी, डीडीसी व अन्य पदाधिकारी।

**खास बातें :** उपायुक्त ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। यहां से स्टेशन के अन्य प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन क्षेत्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने भीड़ नियंत्रण के इंतजामों, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बैठने की सुविधा, पेयजल, स्टेशन के बाहरी भाग में पार्किंग सुविधा आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 10 से 15 हजार रेल यात्रियों का आवगमन होता है। विशेषकर शाम से मध्य रात्रि के बाद तक परिचालित एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनों में बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं।

# मेरा मुकाबला ग्रील तुड़वाकर नहीं लंबी लाइन खींच कर करें : अरुणा

■ चैनपुर में स्वीट पैलेस का शानदार उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** मेदिनीनगर निगम की प्रथम महापौर ने चैनपुर स्थित स्वीट पैलेस का उद्घाटन किया। मौके पर संस्थान के मालिक वरुण कुमार, अखिलेश कुमार एवं पूरे परिवार के लोगों ने प्रथम महापौर को शॉल और बुके देकर स्वागत किया। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे चैनपुर शाहपुर मेरे मायके जैसा लगता है। जब भी मैं इधर आता हूं सभी लोग खासकर माताएं बहनें एक बेटी और बहन की तरह प्यार देते हैं। जैसे मेदिनीनगर शहर में नित्य एक से एक अच्छे प्रतिष्ठान खुल रहे हैं वैसे ही चैनपुर शाहपुर में भी एक से बढ़कर एक दुकान खुल रही है।





मेयर को सम्मानित करता स्वीट पैलेस का संचालक।

**खास बातें :** चैनपुर शाहपुर में कई ऐसे चीज हैं जो मेदिनीनगर शहर में उस क्वालिटी की नहीं मिलता और आज उसी में एक और प्रतिष्ठान शामिल हो गया जहां एक से एक लजीज व्यंजन मिलेंगे। कहा कि जल्द मेरे कार्यकाल का पारित चैनपुर में गांधी उद्यान की तर्ज पर एक शानदार पार्क सूर्य मंदिर प्रांगण में बनकर तैयार होने जा रहा है जहां हमारी माताएं बहनें बुजुर्ग एवं बच्चे पार्क का आनंद उठा सकेंगे। प्रथम महापौर ने दुख भरे शब्दों में कहा कि मेरे कार्यकाल का निर्मित कोयल रिवर फ्रंट को बेदर्दी से तोड़ने वाले का पता शहर थाना प्रभारी ने लगा ली है जो मेरे एक प्रतिद्वंद्वी के बेटे का मित्र है। उन्होंने कहा कि हमेशा मुकाबला लंबी लाइन खींच कर करनी चाहिए किसी चीज को नष्ट करने से क्या फायदा? मैं पुनः टूटे हुए ग्रिल को बनवाऊंगी ताकि सुंदरता कोयल रिवर फ्रंट का बनी रहे। थाना प्रभारी ने तोड़ने वाले को नोटिस किया है पर दबाव में कोई कार्रवाही आज तक नहीं हुई जो दुखद है। मौके पर शैलू, चंदू गुप्ता, रवि, पप्पू सुनील गुप्ता, भूटू, श्रवण गुप्ता एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड परिसर में 11 सूत्री मांगों को लेकर भाजपा नेता का आमरण अनशन शुरू

■ हाथ में तख्ती लेकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध पैदल मार्च निकाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड परिसर में सोमवार से नगर पंचायत, प्रखंड तथा अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध 11 सूत्री मांग को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन का आमरण अनशन शुरू हो गया है। इससे पहले अररूआ खुर्द स्थित मवि मैदान से सैकड़ों लोगों ने हाथ में नारे लिखी तख्ती लेकर पैदल मार्च कर आमरण अनशन स्थल प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। राजीव ने कहा कि अनेक बार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है। परंतु अधिकारी इसे



अनसुनी कर दे रहे थे। इससे बाध्य होकर आमरण-अनशन का निर्णय लिया। वहीं देव कुटुंबा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललन भुइयां ने कहा कि गरीबों की सकारात्मक सोच के प्रति झारखंड सरकार की कार्यशैली विपरीत है। जबकि अन्य वक्ताओं ने प्रखंड अंचल तथा नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार पर जमकर प्रहार किया। अध्यक्षता जेपी गुप्ता ने की।

## बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा निखारने में कारगर होगी विज्ञान प्रदर्शनी: सौरभ चौबे

■ विश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में बच्चों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बीपी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में सोमवार को विशाल विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, नावाडीह ओपी प्रभारी चंदन कुमार व एसआई शिवनाथ रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने विज्ञान से संबंधित 40 प्रोजेक्ट प्रदर्शित किये, जिसमें सोलर सिस्टम, ग्रीन हाउस, सूर्यग्रहण, रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेंपल, रंगोली ऑन वाटर, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग,



रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेंपल, रंगोली ऑन वाटर, सिक्को का एटीएम बॉक्स, एरोप्लेन, स्ट्रक्चर ऑफ यूथ, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट, ज्वालामुखी, सौर्य मंडल व पवन चक्की प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहा। बेहतर प्रोजेक्ट प्रदर्शित करने वाले टीम को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत किया।

### निर्बाध चल रहा है मिशन समृद्धि का अभियान



**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था मिशन समृद्धि का अभियान निरंतर व निर्बाध रूप से संचालित है। यह अभियान कभी रुका नहीं, बल्कि और जुड़ता ही गया। यह संस्था समृद्ध लोगों से रोटी जुगाड़ कर गरीबों व असहायों में बांटती रही है। पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों और शनि मंदिर में पुरी सब्जी का पैकेट 40 व्यक्तियों के बीच बांटा गया। यह कार्य हम सबकी सेवा की भावना को सुकून देता है। भोजन देने वाले परिवारों का शुक्रगुजार हैं जिनके सहयोग से यह अभियान चल रहा है। सभी बधाई के पात्र हैं। इस अभियान में बेबी पांडेय, ममता, आशा शर्मा, शिल्पी गोस्वामी, बैजंती गुप्ता, वीणा राज सबों का सहयोग सराहनीय होता है।

### अंतरर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट होगा खिलाड़ियों के कैरियर में मील का पत्थर : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल आयोजन समिति ने अंतरर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसके विशिष्ट अतिथि अविनाश देव थे। मुख्य अतिथि पलामू एसपी रीष्मा रमेसन, समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर और शांति के प्रतीक सफेद कबूतर व बैलून उड़ा कर मैच का शुभारंभ किया। शहीदों के परिजनों को फूलमाला, अंगवस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री देव ने कहा कि खेल युवा दिलों का धड़कन बनेगा और कैरियर में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

### सबके सहयोग से हुसैनाबाद होगा नंबर-1 : विधायक



**हुसैनाबाद पलामू।** दाता नगर में यूनाइटेड मिली फोरम ने हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव का सम्मान किया। अध्यक्षता वरिष्ठ झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। संचालन मास्टर जुबैर अहमद ने किया। मौके पर विधायक को अंगवस्त्र व फूल माला देकर फोरम ने सम्मानित किया। मौके पर ने विधायक को मांग पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि उत्तर कोयल मुख्य नगर की सभी वितरणी नहरों को पक्कीकरण करा कर सिंचाई की समुचित व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

## गरमा मूंग की खेती के लिए सतबरवा प्रखंड क्षेत्र उपयुक्त

■ मूंग फसल लगाने को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** मूंग फसल लगाने को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बैठक की गयी, जिसमें कृषक मित्र, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रीमा देवी ने की। संचालन सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की कर रहे थे। बैठक में जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पप्पू सिंह, बीएओ संतोष कुमार, बीटीएम वरुण



सिंह यादव समेत सभी किसान मित्रों ने अपनी बातें रखी और लोगों ने कहा कि गरमा मूंग फसल की खेती करने के लिए सतबरवा प्रखंड क्षेत्र उपयुक्त है। यहां के चार पंचायत के गांव के खेतों को डैम से पानी मिलता है।

### पंचायत सचिव पूर्णिमा पर लगा कार्य में शिथिलता का आरोप

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लेस्लीगंज पंचायत में पदस्थापित पंचायत सचिव पूर्णिमा कुमारी पंचायत के किसी भी कार्य को नहीं करने ग्राम सभा एंव कार्यकारिणी से पारित योजनाओं को क्रियान्वित नहीं कर तथा किये गये कार्य का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाते हुए लेस्लीगंज पंचायत के मुखिया रेखा देवी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी से लिखित शिकायत की है। पंचायत सचिव पूर्णिमा पंचायत के विकास का कार्य 6 माह से बाधित करके रख दी है।

## चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में 21 फरवरी से क्रिकेट टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के कंकारी पंचायत में क्रिकेट क्लब 21 फरवरी से 5 मार्च तक नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। टूर्नामेंट के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी और मुख्य संरक्षक पूर्व जिप शैलेंद्र कुमार शैलू ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जा रहा है। इंट्री लेने वाले खिलाड़ियों को 4100 रुपये प्रवेश शुल्क देना होगा। विजेता को 31



हजार और उप विजेता को 21 हजार और इनाम में शील्ड दिये जायेंगे। श्री शैलू ने कहा कि कंकारी पंचायत के सभी बुद्धिजीवी, ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां के सभी लोग एक साथ मिल कर त्यौहार के रूप में इसे सफल बनाने में जुटे हैं। अध्यक्ष ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से आग्रह किया है कि इसमें काफी संख्या में लोग यहां आकर मैच का लाभ उठायें।

# पांकी के राजीव फैंसी मॉल में लगी आग, कारोबारी ने साजिश का लगाया आरोप

शिवशंकर पासवान

**पांकी पलामू।** पलामू जिले के पांकी बाजार स्थित कपड़ा प्रतिष्ठान राजीव फैंसी मॉल में बीती रात करीब 11:30 बजे अचानक आग लग गयी। इस अगलगी में मॉल के सारे सामान जलकर राख हो गये। आग की लपटें देख आस-पास के लोग घटनास्थल पर जुट गये। लोगों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद दमकल की गाड़ी को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मॉल में आग कैसी लगी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि पांकी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रथमदृष्ट्या से शॉर्ट सर्किट की वजह से मॉल में आ लगी है। हालांकि जांच पूरी होने के बाद आग लगने के सही कारणों का पता चल पायेगा। इधर मॉल में आग लगने की





अगलगी की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे लोग और जानकारी देते पीड़ित संचालक।

खबर से कारोबारी राजीव गुप्ता की तबीयत बिगड़ गयी है।

उन्होंने शॉर्ट सर्किट की बातों को नकारते हुए साजिश के तहत दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि किसी ने जानबूझकर उनकी दुकान में आग लगायी है। उन्होंने बताया कि कल ही सुबह में बड़ी संख्या में कपड़ा मंगाया गया था और उसी रात मॉल में आग लग गयी।



पांकी बाजार में राजीव फैंसी माल में अगलगी की घटना पर दु:ख व्यक्त किया है। साथ ही पलामू जिला प्रशासन से आपातकाल में पांकी बाजार में लोगों की सुरक्षा के लिए, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, इमारतों में अग्नि सुरक्षा के उपाय भी किये जाने चाहिए। - **पंचम प्रसाद, पांकी प्रखंड प्रमुख**

## पांकी विधायक डॉ शशिभूषण पहुंचे पांकी, आगजनी की ली जानकारी



पांकी में राजीव फैंसी मॉल में आगजनी की घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता पहुंचे पांकी। इस दौरान परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद विधायक डॉ मेहता ने हर संभवमदद का भरोसा दिलाया। साथ ही घटना किस कारण घटी है इसे लेकर प्रशासन को जांच का निर्देश दिया है। विधायक ने बताया कि मैं 2023 में फायर ब्रिगेड स्टेशन का विधानसभा मांग किया था। लेकिन विपक्ष में रहने के कारण सरकार नहीं सुनी। उन्होंने बताया मैं पुन: सरकार से फायर ब्रिगेड स्टेशन का मांग करूंगा। अगर सरकार नहीं सुनी तो मैं विधानसभा में धरना पर बैठूंगा। इसी के साथ बिधायक डॉ मेहता ने पांकी के लचर बिजली बेवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए बिजली विभाग के जीएम को 1 मार्च को शिविर लगाने का निर्देश दिया है ताकि पांकी के व्यवसाय सहित प्रखंड के सभी उपभोक्ता अपना बिजली से संबंधित समाधान पा सकते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, समाजसेवी सुनील गुप्ता, राजदेव मेहता, कार्तिक सिंह, संकटेश्वर सिंह सहित काफी संख्या व्यवसायी उपस्थित थे।

# डीसी ने अफसरों को दिये कई निर्देश

## आत्मनिर्भर भारत अभियान पर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना 2020-2021 से 2024-25 तक कुल 5 वर्षों के लिए प्रारम्भ की गई है।

डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में योजनाओं के चयन के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल कमिटी में विगत वित्तीय वर्षों में मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाएं जैसे रेसकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम, बायोफ्लॉक मत्स्य पालन ईकाइयां, मत्स्य हेचरी का अधिष्ठापन, इंसुलेटेड मत्स्य परिवहन वाहन, आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, मत्स्य आहार उत्पादन हेतु फिड मिल इत्यादि कुल 31 योजनाओं का चयन किया गया था, जिसमें कुछ योजनाएं जैसे - बायोफ्लॉक में 5 इकाई में 7.5 लाख इकाई लागत का 60:40 प्रतिषत अनुदान, स्मॉल आरएएस इकाई लागत 7.5 लाख का 60 प्रतिषत अनुदान पर 1 महिला लाभुक का चयन एवं मत्स्य विक्रय के लिए आइस बॉक्स के साथ मोटर-साइकिल 75000/- यूनिट कॉस्ट का 60:40 अनुदान पर कुल 7 लाभुकों का चयन आदि है। उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएलसी गढ़वा के द्वारा केन्द्र प्रयोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सफल संचालन का निर्देश दिया गया। साथ ही योजना वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से धरती आभा जनजातिय उत्कर्ष अभियान प्रस्तावित अभियान में पूर्व चयनित ग्राम पंचायत में मत्स्य पालन करने वाले आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कम्पोनेंट (अवयव) को आगामी वितीय वर्ष में समाहित करते हुए प्राप्त प्रस्ताव में विभिन्न योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके तहत गढ़वा के ओबरा भदुआ ग्राम में अवस्थित अन्नराज जलाशय में 25 लाभुकों को केज मत्स्य पालन इकाईयों का अनुमोदन, जिसका इकाई लागत 3 लाख कुल 50 इकाईयां (150 लाख), चिनियां ब्लॉक के चिरका ग्राम में अवस्थित चिरका जलाशय में 25 लाभुकों को केज मत्स्य पालन इकाईयों का अनुमोदन, जिसका इकाई लागत 3 लाख, लगभग 150 लाख की लागत से पदचनज सहित कुल 300 लाख की परियोजना पारित की गई। इसके अतिरिक्त जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र का प्रस्ताव मत्स्य पालकों को मछली विक्रय हेतु सहुलियत को ध्यान में रखते हुए जिले में देने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही केज मत्स्य पालन से मत्स्य उत्पादन एवं समुदायिक मत्स्य परिवारों, खास कर विस्थापितों को रोजगार एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आकांक्षी जिला निति आयोग के तहत स्वीकृति प्रदान की गई। डीसी श्री जमुआर द्वारा नीति आयोग से प्राप्त निधि से जिला मत्स्य पदाधिकारी गढ़वा को इस पद्धति का सफल संचालन करने का निर्देश दिया गया।

इस प्रकार प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, धरती आभा जनजातिय उत्कर्ष अभियान एवं आकांक्षी जिला नीति आयोग में कुल 240 योजनाओं को पारित किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, डीआरडीए निदेशक रविश राज सिंह, कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमण्डल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, अग्रणी बैंक प्रबंधक, गढ़वा, परियोजना समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र गढ़वा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, धनराज कापसे एवं मत्स्य पालक के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## वीर बुद्धु भगत जयंती व सरना झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत डाढा पंचायत के करमाही धर्म कड़ियां भवन में राजी पाडहा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में वीर बुद्धु भगत जयंती व सरना धर्म झंडा बदली कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अशोक उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर बुद्धु भगत के चित्र पर माल्यार्पण व सरना झंडा बदली कर किया गया। इसके पश्चात अशोक उरांव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए वीर बुद्धु भगत के संघर्ष और जिवनी पर प्रकाश डाला। उनके जीवन के कई प्रेरक घटनाओं का जिक्र करते हुए समाज के लोगो को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आदर्श समाज के निर्माण की बात कही। कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम मे पूरे जिला क्षेत्र से भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी भाई बहनों का सभा हुआ। इस अवसर पर उरांव प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव जिला उपाध्यक्ष मुनिया उरांव, सीतामनी उरांव सहित भारी संख्या में सरना प्रार्थना सभा समुदाय के लोग मौजूद रहे।

### अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध जारी रहा अभियान

## लगभग ढाई एकड़ भूमि पर लगे पोस्ता के पौधौ को किया गया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में चंदवा थाना पुलिस द्वारा अफीम की खेती के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। गत एक सप्ताह से थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत के विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्रवाई कर अफीम की खेती को विनष्ट किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को लगभग ढाई एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत तोरार व बसडीहा ग्राम में पोस्ता की खेती की जा रही है। पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें सैट के जवान व पुलिस शामिल थे।


**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 35/जि०प० दिनांक 07.02.2025 एवं PR No. 346059 तिथि 08.02.2025 के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2024–25 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र० | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 17.02.2025 | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 2 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 19.02.2025, अपराह्न 03:00 बजे तक | 27.02.2025, अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.02.2025, अपराह्न 04:00 बजे | 27.02.2025, अपराह्न 04:00 बजे |

जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा

PR 346583 Panchayati Raj(24-25).D


# जेपी यादव लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल का मना 10वां स्थापना दिवस



उद्घाटन करते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित जेपी यादव लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल प्रबंधक की ओर से 10वां स्थापना दिवस विद्यालय परिसर में धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन विधायक नरेश प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी एवं कांडी प्रमुख नारायण यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा एवं विद्यालय के संस्थापक के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर अलखनाथ पांडेय ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एक जीवन का हिस्सा है। पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी सराहनीय योगदान अनिवार्य है। इसके बाद छात्र एवं छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति कर समारोह का समां बांध दिया। अंत में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## पीएचडी विभाग के जेई ने किया ब्लू पानी का निरीक्षण

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से बने जलमीनर वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है। जिससे लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व तक बालूमाथ के रामघाट नदी से पानी लाकर जल मीनार में पानी चढ़ाया जाता था और वहां से घरों में पानी की सप्लाई की जाती थी। जेई मंगल मिंज ने बताया कि ब्लू डैम का पानी गर्मी के दिनों में भी नहीं सूखता है जिस कारण अब यहां से वाटर सप्लाई करने की योजना बनाई जा रही है। लोगों को जल्द ही पानी सप्लाई मिलने लगेगा।

## महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



कथावाचक देवी प्रतिभा

**केतार।** मां चतुर्भजी मंदिर के सरयुदास राम लीला मैदान में आज काफी भीड़ हुआ। यह यज्ञ काशी वाशी श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महराज के सानिध्य में हो रहा है। श्री सतचण्डी महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में यज्ञ की परिक्रमा तथा पूजा अर्चना की। इधर वृन्दावन से आयी कथावाचक देवी प्रतिभा के द्वारा किए जा रहे श्रीमद भागवत कथा में अन्य जिलों से भी लोग कथा श्रवण के लिए काफी संख्या में आ रहे हैं।

## शहीद वीर बुधु भगत की जयंती मनाई गयी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के दिवाकर नगर स्थित पडहा भवन में शहीद वीर बुधू भगत की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शहीद वीर बुधु भगत के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर बोलते हुए पड़हा राजा प्रभूदयाल उरांव ने कहा कि वीर बुधू भगत ने अंग्रेजों को भगाने के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। मजदूर नेता प्रदीप गंझू ने कहा कि वीर बुधु भगत ने जल, जंगल और जमीन को बचाने में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया।

## उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत भवन परिसर में मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव ने मनरेगा, आवास योजना, ग्रामीण एवं अबुआ आवास योजना तथा अभिसरण से सम्बंधित कई तरह के अहम जानकारी दिया साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर प्रगति लाने हेतु विशेष रूप से चर्चा किया गया। वहीं बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मुख्य उदेश्य ग्रामीण क्षेत्र में आवास की कमी को दूर करना है। योजना विकास मंत्रालय द्वारा संचलित की जाती है। जिसके प्रत्येक परिवार को 25 वर्ग मीटर का आवास उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद मनरेगा में 100 दिन का काम पूरा करने वाले लाभुकों को और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। 2025-26 योजना का बिरसा मुंडा आमबागवानी चयन के लिए जागरूक किया गया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



बरही थाना सनहा सं०–20/25, दि०–30.01.2025 के आलोक में लापता– पुनम आर्या, पे०–रितलाल प्रसाद, सा०–पडरिया, थाना –बरही, जिला –हजारीबाग दिनांक–28.01.2025 को सुबह 7 बजे शौच के लिये घर से बाहर गई थी जो वापस अबतक नही आयी है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:–उम्र–17 वर्ष, लम्बाई–05 फीट, रंग–गोरा, पहनावा–ब्लु रंग का जिन्स पैन्ट, सफेद रंग का भार्ट, पैर में जूती एवं उपर में काला रंग का कोर्ट पहनी हुई है।**

इस संबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बरही/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–

अनु०पु०पदा० बरही, हजारीबाग :– 9006975496

थाना प्रभारी बरही, हजारीबाग :– 9771131413

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग

PR 346555 Police(24-25).D


## डांस क्लासेस की विशेष व्यवस्था

**बरवाडीह।** अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हर अभिभावक का सपना होता है। सभी पेरेंट्स यही चाहते है कि वह अपने बच्चे को तमाम आधुनिक सुविधाओं से संपन्न स्कूल में शिक्षा प्राप्त करवाएं। आज के आधुनिक समय में सवार्धुनिक सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मेन रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल ने कक्षाओं में टेक्नोलॉजी के प्रयोग को प्रोत्साहन दिया है। आइसीएसई एफिलिएटेड यह विद्यालय आज लातेहार जिले के टॉप विद्यालयों में से एक है। यह विद्यालय सुयोग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के साथ तमाम आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

## मकतब मस्जिद-ए-उमर में जलसा सालाना तालीमी मुजाहिरा व इनामी प्रोग्राम का आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ शहर स्थित गालिब कॉलोनी के मकतब मस्जिद-ए-उमर में जलसा सालाना तालीमी मुजाहिरा व इनामी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मगरिब की नमाज के बाद आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरान-पाक से की गई। तालीमी मुजाहिरा में मकतब के बच्चों ने कुरान, हदीस, तकरीर, इस्लामिक क्विज, नात-ए-रसूल, मुकालमा के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति दी। प्रदर्शन के आधार पर बच्चों एवं बच्चियों को इनाम से भी नवाजा गया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में जलसे को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा लातेहार के नाजिम मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने कहा कि कुरान पाक की पहली सूरत में ही अल्लाह ने अल्लाह के लिए पढ़ने का हुक्म फरमाया है। पढ़ाई ऐसी दौलत जिसे कोई छीन नहीं सकता। वर्तमान दौर में भी पढ़ाई के बदौलत पूरी दुनिया का कार्य संभव है।

## सचिव ने की मां गढ़देवी में पूजा अर्चना

**गढ़वा।** गढ़वा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के लिए संस्था के सचिव विकास माली ने मां गढ़देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक विवाह समारोह 19 फरवरी को दानरो नदी के छठ घाट पर संपन्न होगा। इस आयोजन की सफलता के लिए शहरभर में भिक्षाटन कार्यक्रम की भी शुरूआत की गई है।

## जलमीनार और चापाकल की हुई मरम्मत

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत स्थित आदिम जनजाति बाहुल्य लहराहा टोला में जलमीनार और चपाकल की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को पिछले कई महीनों से तालाब का पानी पीना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के बाद पीएचडी विभाग हरकत में आया। विभाग के जेई ने प्रखंड कर्मियों के साथ लहराहा टोला का दौरा किया और खराब पड़े चपाकल की मरम्मत की। इसके साथ ही जलमीनार को भी दुरुस्त किया गया। अब ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिल रही है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया डोर टू डोर अभियान

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिले के मेराल प्रखंड के बाजुडीह गांव में डोर टू डोर कैंपेन चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण लक्ष्मीनिया देवी ने बताया की उसके पति की मौत पहले ही हो चुकी है। उसका पुत्र बबलू राम जो गुजरात में कमाने के लिए गया हुआ था उसकी भी मौत वहां काम करने के दौरान 2016 में ही हो चुकी है। बबलू की मौत के बाद उसकी पत्नी शोभा देवी सदमे से मानसिक स्थिति खराब हो गई।

## शिक्षा विभाग व विद्यालय प्रबंध समिति की लापरवाही से मध्याह्न भोजन बंद

**भवनाथपुर।** शिक्षा विभाग की ढुलमुल रवैया और विद्यालय प्रबंध समिति के लापरवाही के कारण प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रोहो में विगत 8 फरवरी 2025 से मध्याह्न भोजन बंद है। इससे विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राएं 10 दिनों से मध्याह्न भोजन से वंचित है। स्कूल में बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से स्थानीय शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## गरीब बेटियों के हाथ पीले कराने में अधिवक्ताओं ने बढ़ाया सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता




सहयोग देते अधिवक्ता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में 19 फरवरी को दानरो नदी छठ घाट पर आयोजित 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर भिक्षाटन कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को गढ़वा अधिवक्ता संघ के कार्यालय से की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने संस्था के सचिव विकास कुमार माली की झोली में अपना सहयोग प्रदान किया। सामूहिक विवाह की इस पहल को लोगों ने खूब सराहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि संस्था गरीब और असहाय कन्याओं के लिए जो मुहिम चला रही है, वह सराहनीय है। इससे ऐसे परिवारों को राहत मिल रही है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पाते थे। संस्था के प्रयासों से अब ये माता-पिता खुशी-खुशी अपनी बेटियों का हाथ पीला कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी न केवल विवाह आयोजन कर रही है, बल्कि दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है।

## हमारी सरकार ने किया है बेहतर कार्य : बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता



सदस्यता दिलाते बैद्यनाथ राम

**लातेहार।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने सोमवार को अपने लातेहार स्थित आवासीय परिसर में सदस्यता अभियान का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने सैकड़ो लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पूर्व विधायक ने लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना और उन्हें सदस्यता के माध्यम से पार्टी से जोड़ना था।

## मैट्रिक व इंटर की दो विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र 17 फरवरी को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित इंटर की आर्ट्स की परीक्षा में सभी 10 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं मैट्रिक में 06 एचएनभी कुडूख में सभी 10 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। दोनों विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

## 'बीर बुधु भगत' की जन्मदिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया

**लातेहार।** सदर प्रखंड के ग्राम खैरा जागीर में दिन सोमवार को जिला पढ़ा लातेहार के द्वारा धूमकुड़िया में आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारी बाबा 'बीर बुधु भगत' की जन्म दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग अगुवा एवं ग्रामीण उपस्थित थे। लोगों ने उनके नक्शे कदम पर चलने और अपनी जल, जंगल और जमीन की रक्षा करनें की प्रेरणा ली। साथ ही लोगों ने उनके फोटो पर मालार्पण एवं फूल अर्पित की। तत्पश्चात एक सामूहिक बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता पढ़ा बेल चूरामन उरांव ने किया।


**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, राँची**
**कृषि भवन, काँके रोड़, राँची–834008**
**(कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
**Email ID-ddhranchi@rediffmail.com**

**RFE/Horti/05/2024-25**

| | |
|---|---|
| RFE No. | Horti- 05/2024-25 |
| Title of RFE | Request for Very Short Term RFE For Empanelment of Agencies To Supply Quality Seeds (tuber/rhizome/corm) of Elephant Foot Yam And Ginger Under The Schemes of Directorate of Horticulture & State Horticulture Mission |
| Start & End Date & Time for Downloading of RFE document | 18.02.2025 at 11:00 AM to 28.02.2025 at 05:00 PM |
| Pre-Bid meeting | 24.02.2025 at 12 PM at Directorate of Horticulture, 3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi, Jharkhand - 834008. |
| Last date and time for online submission of EMD | 28.02.2025 at 05:00 PM |
| Date of opening of the RFE Technical Bid | 03.03.2025 at 12:00 PM |
| Mode of Empanelment Submission | The application forms along with terms and conditions & etc. can be filled with the link available on the website jharkhandtenders.gov.in along with EMD submitted Online. |
| Total Project Cost | Rs. 1065.00 Lakhs Project Cost for Ginger Seeds = 585.00 Lakhs Project Cost for Oal Seeds (Corms) = 480.00 Lakhs |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Earnest Money Rs.10.00 lakhs (Rupees Ten Lakhs only) to be submitted online only. |
| Period of Supply | Financial year 2024-25 |
| Name and Address of the tender inviting Authority | FaizAq Ahmad Mumtaz, Director Horticulture, Jharkhand, Ranchi |
| Contact No. of e-procurement officer | 9430329944 |

ह०/–
संयुक्त निदेशक उद्यान, झारखण्ड, राँची

PR 346525 Agriculture(24-25).D


### आदिवासी बहुल गांव में बिजली पानी सड़क आदि को लेकर किसान कर रहे

## अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह

### दस बजे से ढ़ाई बजे तक चला आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के अन्नदाता किसानों ने अपनी मुलभूत सुविधाएं बिजली पानी सड़क जमीन के आदि के लिए जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू कर दिया है। सोमवार से खुले आसमान के निचे धूप में किसान भूखे प्यासे जमीन के अंदर दो फीट से अधिक गड्डे के नीचे बैठे और कब्र में लेटे कर सत्याग्रह शुरू किया। पहले दिन सत्याग्रह दस बजे से शुरू होकर ढाई बजे तक चला। सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि वर्ष 2017-18 में पूर्व सांसद ने सांसद आदर्श ग्राम के रूप में आदिवासी बहुल चटुआग ग्राम का चयन किया था, प्रधानमंत्री के योजना अनुसार 2019 तक इस ग्राम पंचायत में सभी बुनियादी सुविधाएं बहाल करनी थी, लेकिन विकास से वंचित सांसद आदर्श ग्राम चटुआग एवं आदर्श पंचायत कामता का करीब छः साल में न तस्वीर बदली नाही तकदीर बदली, उस समय अन्नदाता किसानों को लगा था कि अब ग्राम पंचायत में बिजली पानी सड़क पुल की समस्या दुर होगी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**
**(Email Id- midloh632@gmail.com)**

**2nd Call e-Procurement Notice**

Very Short Tender Reference No. MID/LOHARDAGA/F2-19/2024-25 dt 29/01/2025 Date –15/02/2025

1. वेबसाइड में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :–19.02.2025
2. ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय :– 27.02.2025 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. ऑनलाइन ई–निविदा शुल्क एवं EMD जमा करने की अंतिम तिथि/समय :– 27.02.2025 अपराह्न 5.00 बजेतक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि/समय :– 01.03.2025 अपराह्न 2.00 बजेतक।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मो० न० एवंई–मेल आई०डी० :– 9123447790, eemidloha-cemr-jhr@nic.in
7. कार्य मद :– जिला योजना अनाबद्ध निधि
8. कार्यों का विस्तृत विवरण:–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि | अभियुक्ति। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 3. | रोचो महुआ टोली मुख्य पथ पर जुमरा पुल का मरम्मति कार्य। | रोचो | कुडू | 2138900.00 | 02 माह | |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 346546 (Lohardaga) 24-25 (D)

# सोशल मीडिया की हद

भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही। पिछले दिनों कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इडियाज गॉट टैलेंट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में निंदा हुआ। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निमार्ताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिये तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की श्रृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं?

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

वृष : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

मिथुन : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

कर्क : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

सिंह :शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

कन्या : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

तुला : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक: लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

धनु : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

मीन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

# स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध पर दुनिया भर में बहस





- डॉ आरबी चौधरी

**स्कूलों** में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध एक वैश्विक बहस का विषय बन गया है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को कानूनी दायरे में लाने का फैसला किया है। यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (जेम) टीम के अनुसार, कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो बच्चों के शिक्षा और गोपनीयता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं।

फ्रांस में वर्ष 2018 में स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करता था। इसी तरह, कुछ ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश स्कूलों ने भी स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो विचलित होने और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं।

अन्य देशों ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन के झेंगझओए शहर में, माता-पिता को अपने बच्चों को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्मार्टफोन का उपयोग करने के लिए लिखित सहमति देनी होती है। इसके अलावा, कुछ देशों ने गोपनीयता की चिंताओं के कारण शैक्षिक सेटिंग्स से विशिष्ट अनुप्रयोगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। डेनमार्क और फ्रांस ने दोनों ने गूगल वर्कस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जर्मनी के कुछ राज्यों ने माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इसके विपरीत, कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है, इसके बजाय प्रतिबंध लगाने के। यह दृष्टिकोण शैक्षिक सेटिंग्स में स्मार्टफोन के संभावित लाभों को स्वीकार करता है, जैसे कि ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच और छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाने की क्षमता। भारत में, उदाहरण के लिए, सरकार ने स्कूलों में स्मार्टफोन के जिम्मेदार उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो शिक्षकों को इन उपकरणों को शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले तरीके से अपने शिक्षण प्रथाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

सिंगापुर ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं, जिनमें मोबाइल डिवाइस प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है ताकि स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, कुछ कनाडाई स्कूलों ने स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, जिनमें निर्दिष्ट टेक-फ्री क्षेत्रों का उपयोग शामिल है।

> सिंगापुर ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं, जिनमें मोबाइल डिवाइस प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है ताकि स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, कुछ कनाडाई स्कूलों ने स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, जिनमें निर्दिष्ट ₹टेक-फ्री₹ क्षेत्रों का उपयोग शामिल है।

स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। इसके बजाय एक समग्र प्रतिबंध लगाने के बजाय, स्कूलों और सरकारों को एक संतुलन खोजने का प्रयास करना चाहिए जो छात्रों को स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है जबकि जोखिमों को कम करता है। स्पष्ट नीतियों को लागू करके, छात्रों और शिक्षकों को शिक्षित करके, और स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी करके, स्कूल स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं जो शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, स्कूल स्मार्टफोन की लत और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को बढ़ावा दे सकते हैं।

भारत सरकार ने स्कूली छात्रों में स्मार्टफोन की लत के मुद्दे को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्य उपायों में से एक स्कूलों में जिम्मेदार स्मार्टफोन उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी करना है। ये दिशानिर्देश शिक्षकों को अपने शिक्षण प्रथाओं में स्मार्टफोन को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए, कुछ भारतीय स्कूलों ने परिसर के आसपास मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। अन्य लोग दिन के विशिष्ट समय या स्कूल के क्षेत्रों में फोन के उपयोग को प्रतिबंधित करने की सिफारिश करते हैं। यह दृष्टिकोण विचलित होने को कम करता है और एक स्वस्थ शिक्षा वातावरण को बढ़ावा देता है।

स्मार्टफोन की लत बच्चों पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिनमें ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी, साइबर बुलिंग का खतरा बढ़ना और शारीरिक गतिविधि में कमी शामिल है। इसके अलावा, अत्यधिक स्मार्टफोन के उपयोग को कई नकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य परिणामों से जोड़ा गया है, जिनमें चिंता, अवसाद और अकेलापन शामिल हैं। इन जोखिमों को कम करने के लिए, स्कूल और माता-पिता कई कदम उठा सकते हैं, जिनमें स्मार्टफोन के उपयोग पर सीमाएं निर्धारित करना, शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को प्रोत्साहित करना और डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर बहस जटिल और बहुआयामी है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है। स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देते हुए छात्रों को जोखिमों को कम करने के लिए एक संतुलन खोजने से, स्कूल और सरकारें छात्रों के लिए एक स्वस्थ और समर्थनकारी शिक्षा वातावरण बनाने में मदद कर सकती हैं।

अंततः, स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं शामिल हैं। स्कूल, सरकारें और माता-पिता मिलकर काम करके यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि छात्र स्मार्टफोन का उपयोग शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने वाले तरीके से करते हैं।

(लेखक हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### दलबदल पर अंकुश

हिमाचल प्रदेश में अब पार्टी बदलने वाले विधायकों को पेंशन नहीं मिलेगी। दल बदलने वालों पर शिकंजा कसते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने नया कानून बनाने का निर्णय लिया है। विधायकों की पेंशन बंद करने वाला हिमाचल पहला राज्य होगा। संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत किसी भी विधायक को अयोग्य घोषित किया जा सकेगा, जिससे इसे एक अच्छे और समझदार कानून की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह कदम बेहद जरूरी था,

**– मोहन सिंह, हजारीबाग**

### बाहर का खाना

**बढ़ती** व्यस्तताओं और पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव के कारण लोग घर के पौष्टिक भोजन के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर करके पैक्ड भोजन चुनने लगे हैं। यह भोजन जिन पैकेजिंग सामग्रियों से आता है, पैक्ड भोजन शुद्धता और पौष्टिकता में घर के भोजन का मुकाबला नहीं कर सकता। घर का बना भोजन ही सर्वोत्तम विकल्प है। **–रवि, रांची**

## X ट्वीट

सेवा और सुसंस्कार भारतीय संस्कृति की अत्यन्त सुदीर्घ अभिव्यक्तियाँ हैं। सेवा, औदर्यता एवं परोपकार की प्रवृत्तियाँ मनुष्य में दैवत्व का आरोहण करती हैं। प्रकृति कितनी उदारता पूर्वक हमें अन्न, जल, प्राणवायु एवं औषधियाँ प्रदान कर हमें पोषित कर रही है। सरिताओं के उदर में कितने ही जीव-जन्तुओं को प्रश्रय मिलता है, इसलिए सेवाव्रती बनें। हमारे पास जो कुछ भी है, उसे बाँटना सीखिए। महाकुम्भ 2025 के पुण्यकाल में प्रभु प्रेमी संघ शिविर, प्रयागराज में विविध प्रकल्पों में सेवा देने वाले सेवाव्रतियों-साधकों और प्रभु प्रेमियों के प्रति हृदय से आभार ! आपके सेवा और समर्पण द्वारा ही महाकुम्भ का यह श्रेष्ठ आयोजन सहज संभाव्य हो सका।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# देश की अर्थव्यवस्था और उत्पादन में कृषि की घटती हिस्सेदारी

**रमेश चंदर चंद**

आर्थिक

**विकास** में कृषि की भूमिका संबंधी तमाम दस्तावेजों से स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में ढांचागत बदलाव मुख्य तौर पर अर्थव्यवस्था के उत्पादन में कृषि की घटती हिस्सेदारी को दशार्ता है। साथ ही अर्थव्यवस्था के निम्न आय से मध्य एवं उच्च आय की ओर रुख करने के साथ ही इसकी रोजगार में हिस्सेदारी में गिरावट का भी पता चलता है। इसी आधार पर वृद्धि एवं विकास के लिए बनाई जा रही नीतियों में भी अब गैर कृषि क्षेत्रों, विशेषकर विनिर्माण पर जोर दिया जा रहा है।

इस विचार की जड़ ब्रिटिश अर्थशास्त्री आर्थर लुईस (1954) के काम में दिखती है। उन्होंने आर्थिक विकास का वर्णन वृद्धि की उस प्रक्रिया के तौर पर किया है जिसके तहत संसाधन कम उत्पादकता एवं पारंपरिक तकनीक वाले कृषि क्षेत्र से अधिक उत्पादकता वाले आधुनिक औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित होते हैं। यह सिद्धांत आर्थिक विकास में कृषि की काफी निष्क्रिय भूमिका बताता है, लेकिन औद्योगीकरण का समर्थन करने वाले कई विकासशील देश बड़े पैमाने पर अपने उद्योगों को सहारा देने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। हरित क्रांति के बाद विकास के लुईस मॉडल की कुछ धारणाओं का खंडन किया गया। पहले, हरित क्रांति से पता चला कि प्रौद्योगिकी कृषि को आधुनिक बनाने और उद्योग की कल्पना के अनुसार अधिशेष पैदा करने में महती भूमिका निभा सकती है। दूसरा, खेती में श्रम की असीमित आपूर्ति की धारणा भी अब मान्य नहीं रही है। इन बदलावों का कृषि अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था में आर्थिक बदलाव के मॉडल पर असर पड़ता है।

हालिया अनुभव

विकासशील और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के मामले में बीते तीन से चार दशकों का अनुभव दशार्ता है कि कार्यबल को कृषि से स्थानांतरित करने की प्रक्रिया काफी धीमी है और ये सुचारु भी नहीं है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी कृषि की हिस्सेदारी में काफी तेजी से गिरावट देखी जा रही है जबकि रोजगार हिस्सेदारी में काफी कम गिरावट आई है।

यह आर्थिक बदलाव एवं विकास के विभिन्न चरणों में बड़ी संख्या में देशों के अनुभव से देखने को मिलता है। उदाहरण के तौर पर सन 1991 से 2021 के बीच तीन दशकों के दौरान प्रति व्यक्ति जीडीपी (साल 2015 में डॉलर में मापा गया) चीन में 10 गुना से ज्यादा, वियतनाम में 4.8 गुना, भारत में 3.4 गुना और इंडोनेशिया में 2.4 गुना बढ़ गया। मगर इससे कृषि और गैर कृषि क्षेत्रों में श्रम उत्पादकता (प्रति श्रमिक सकल मूल्य वर्धित) पर असर नहीं पड़ा।

इन चार उभरते देशों में कृषि एवं गैर गैर कृषि के बीच प्रति कर्मचारी उत्पादकता अथवा आय में सबसे ज्यादा असमानता चीन में देखने को मिली, जहां बीते तीन दशकों में प्रति व्यक्ति आय और विनिर्माण उत्पादन में काफी ज्यादा वृद्धि दर्ज किया गया है। चीन में खेती करने वाला श्रमिक गैर कृषि श्रमिक की आय का सिर्फ एक चौथाई ही कमा पाता है। भारत और वियतनाम में भी चीन जैसी ही स्थिति है, लेकिन इंडोनेशिया में कम असमानता है। इन अनुभवों से पता चलता है कि गैर कृषि अथवा तथाकथित आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में तेज वृद्धि से कृषि कार्यबल में कोई भारी बदलाव नहीं हुआ है। नतीजतन, रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी अर्थव्यवस्था के उत्पादन अथवा आय में इसकी हिस्सेदारी से बहुत ज्यादा रही। ये चीन में तीन गुना, भारत और वियतनाम में ढाई गुना तथा इंडोनेशिया में दोगुना से अधिक रही।

ढांचागत बदलाव के पारंपरिक मॉडल के कुछ अन्य विरोधाभास भी हैं। जैसे- पहला, दक्षिण अफ्रीका में प्रति व्यक्ति आय और विकास के काफी उच्च स्तर पर प्रति कामगार आय में सर्वाधिक असमानता भी दशार्ता है। वहां का एक कृषि श्रमिक गैर कृषि श्रमिक की आय के दसवें हिस्से से भी कम कमाता है। दूसरा, कुल सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे कुछ देशों में और पूरे विश्व में हाल के समय में बढ़ी है।

इससे यह भी स्पष्ट होता है कि विनिर्माण और गैर कृषि गतिविधियों की ओर ढांचागत बदलाव सभी क्षेत्रों में उत्पादकता में व्यापक अंतर और कृषि में कम आय को पूरी तरह ठीक करते हैं। यह लुईस मॉल और इस मॉडल पर आधारित आर्थिक विकास के सिद्धांतों के ठीक उलट है। इसका बड़ा कारण विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से नौकरियां पैदा नहीं हो पा रही हैं।

# 'शिव ज्ञाने जीव सेव' 'मनुष्य की सेवा ही भगवान की पूजा है: रामकृष्ण परमहंस

**डॉ. लोकेश कुमार**

जयंती



**स्वामी** विवेकानंद ने गुरु रामकृष्ण परमहंस से एक बार पूछा, आपने ईश्वर को देखा है? परमहंस ने जवाब दिया, मैंने ईश्वर का दर्शन किया है, जैसे वे दूसरों को देखते हैं, बल्कि और भी स्पष्ट रूप से। ऐसे थे गुरु रामकृष्ण परमहंस।

उनका जन्म 18 फरवरी, 1836 को बंगाल के कामारपुर में हुआ था। माना जाता है कि उनके दिए हुए ज्ञान का ही स्वामी विवेकानंद ने विश्व भर में प्रचार-प्रसार किया था। परमहंस 23 साल की आयु में कोलकाता के रानी रासमणि मंदिर के पुरोहित पद पर आसीन हुए थे। वे जीवनभर मां काली की पूजा-अर्चना में संलग्न रहे।

मंदिर की सेवा में लीन, वे सादा जीवन, उच्च विचार रखते थे। उनका मानना था कि जब ईश्वर की कृपा हो जाए, तो दुनिया के दुख-दर्द नहीं रहते हैं। यदि हम ईश्वर से मिली हुई शक्ति का दुरुपयोग करेंगे, तो वह वापस अपनी शक्तियाँ छीन लेगा। पुरुषार्थ से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

एक बार वे अपने परम भक्त मधुरदास विश्वास के साथ वृंदावन, वाराणसी और काशी विश्वेश्वर की यात्रा पर रेल से निकले। यात्रा के दौरान बिहार के वर्धमान गाँव में रुके। उस समय बिहार अकाल की भयंकर चपेट में था। अन्न और जल दोनों की कमी थी। जनता दुख और कष्टों से बेहाल थी। करुणामय रामकृष्ण परमहंस यह स्थिति देखकर व्यथित हो गए। उन्होंने अपने साथी मधुरदास से कहा, देखो, भारत माँ की संतानें कैसी दीन और हीन भाव से ग्रस्त हैं। आप इन दरिद्रनारायण के भरपेट भोजन की व्यवस्था करो, तभी मैं यहाँ से आगे जाऊँगा। मैं इन्हें तड़पते-बिलखते नहीं छोड़ सकता।₹ यह कहने के साथ ही उनकी आँखों से आँसू बहने लगे। मधुरदास कोलकाता गए और उनके लिए भोजन व राशन की व्यवस्था की। उनके इस असीम प्रेम से उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान की लहर दौड़ गई। इसके बाद ही परमहंस ने आगे की यात्रा पूरी की।

एक बार रामकृष्ण परमहंस ने अपने शिष्यों से कहा कि ईश्वर एक है, उस तक पहुँचने के मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं। इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि सभी धर्मों का लक्ष्य एक ही है झ ईश्वर तक पहुँचना। भक्ति के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। यह सुनकर एक शिष्य ने कहा, हम यह कैसे मान लें कि सभी रास्ते सत्य हैं?

इस पर उन्होंने शिष्य को समझाते हुए कहा, किसी अनजाने घर की छत पर पहुँचना कठिन है। छत पर पहुँचने के लिए हम सीढ़ी, रस्सी या बांस का सहारा लेंगे। छत पर पहुँचने के बाद हमें पता चलेगा कि हम सबका लक्ष्य एक ही था, लेकिन पहुँचने के तरीके अलग-अलग थे। हमें भक्ति करते समय किसी एक मार्ग को दृढ़तापूर्वक अपनाना चाहिए और अलग-अलग रास्ते देखकर भटकना नहीं चाहिए, क्योंकि सबका अंतिम लक्ष्य एक ही है।

परमहंस विवेकानंद को समझाया करते थे कि समाज की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। चारों ओर भूख, रोग, अशिक्षा और अज्ञानता फैली हुई है। हिमालय में तपस्या करने से बेहतर है कि वे इन समस्याओं से जूझ रहे लोगों की मदद करें। स्वामी विवेकानंद ने कठोर तपस्या करने के स्थान पर समाज की सेवा को ही जीवन का लक्ष्य बना लिया।

रामकृष्ण परमहंस का गुरु के बारे में मानना था कि संत बुरे व्यक्तियों में भी उनके अंदर की अच्छाइयों को ढूँढ़ निकालते हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह किसी से बैर न रखे और हर चीज में अच्छाइयों को खोजे। अहंकार ही असली रूप में माया है। इस अहंकार को त्याग देना चाहिए। अहंकार को त्यागकर ही मानव अपने लक्ष्य तक पहुँच सकता है।

उनका कहना था कि मानव को निःस्वार्थ भाव से सेवा और मदद करनी चाहिए, भले ही सामने वाला उसका साथ दे या न दे। वे उदाहरण देकर समझाते थे कि यदि हम नदी में गोता लगाते हैं और हमें पहली बार में मोती नहीं मिलता, तो इसका मतलब यह नहीं कि समुद्र में मोती नहीं हैं। वे यह बताना चाहते थे कि मनुष्य को जीवन में प्रयास करते रहना चाहिए। भले ही पहली बार में सफलता हाथ न लगे, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि सफलता मिलेगी ही नहीं।

परमहंस कहा करते थे, ₹व्यक्ति का मन ही उसे गुलाम, बादशाह, ज्ञानी और अज्ञानी बनाता है। इसलिए व्यक्ति को अपने मन को नियंत्रित करके अपना मार्ग सुगम बनाना चाहिए। वे कहा करते थे कि व्यक्ति देखने में अलग-अलग हो सकते हैं झ कोई गोरा, कोई काला, कोई क्रूर। लेकिन सभी में ईश्वर का तत्व मौजूद है। इसलिए सभी में ईश्वर की छवि देखनी चाहिए।

मनुष्य को अपने जीवन में त्याग की भावना रखकर यापन करना चाहिए। उनका कहना था कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। व्यक्ति को इस सच्चाई को पहले ही स्वीकार कर लेना चाहिए, अन्यथा उसे अपनी चीजें खोने का दर्द हमेशा सताता रहेगा।

गुरु रामकृष्ण का आदर्श वाक्य है - 'शिव ज्ञाने जीव सेव', जिसका अर्थ है कि 'मनुष्य की सेवा ही भगवान की पूजा है।'

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

## स्पीड न्यूज

### समाजसेवी शिवनरेश पांडेय का निधन दामोदर नदी में हुआ अंतिम संस्कार



भुरकुंडा (रामगढ़)। समाजसेवी बबन पांडेय एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद पांडेय के पिता पूर्व सीसीएलकर्मी सह समाजसेवी पंडित शिवनरेश पांडेय 90 वर्ष का रविवार की रात्रि उनके निवास बिरसा चौक (हुरुमगढ़ा) भुरकुंडा में हृदयाघात के कारण आकस्मिक निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थें। उनके निधन से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। पंडित स्व. शिवनरेश पांडेय भाजपा जनसंघ के वयोवृद्ध स्थापना काल के संस्थापक के साथ-साथ शिक्षाविद, ज्योतिषाचार्य, कर्मकाण्डी और समाजसेवी भी थें। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार गिद्दी दामोदर नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र बबन पांडेय ने दी। पंडित स्व. शिवनरेश पांडेय अपने पीछे बबन पांडेय, प्रहलाद पांडेय, विक्रमादित्य पांडेय, कृष्ण कन्हैया पांडेय, धर्मराज पांडेय, अमन पांडेय, आकाश पांडेय सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गये। पांडेय बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। जनसंघ से सामाजिक सेवा एवं राजनीतिक योगदान प्रदान करते हुए जनकल्याण क्षेत्र मे कई महत्वपूर्ण कार्यो को संपादित किया। राजनीति के साथ-साथ उन्हें धार्मिक कार्यो में भी उनकी काफी रूची रही। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में विधायक रोशन लाल चौधरी, ए ला एंगलाइज स्कूल के प्राचार्य वियजंत कुमार, राजेश ठाकुर, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, योगेश दांगी, योगेंद्र पाठक, दिलीप दांगी, फुलेंद्र सिंह, प्रदीप मांझी, सागर दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी कई लोग शामिल थे।

### के राजू को धर्मराज राम ने दी बधाई



कुजू। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के रूप में के राजू को मनोनीत किये जाने पर कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि के राजू आंध्र प्रदेश के 1981बैच के भारतीय प्रशासनिक अधिकारी, यूपीए सरकार की तत्कालीन गठित सोनियां गांधी टीम के सरकार में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सचिव के रूप में भी अपना योगदान दे चुके है। वहीं सूचना अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद सुरक्षा बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में इनकी अहम भूमिका रही है। इनके कार्यों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया। धर्मराज ने कहा कि के राजू के प्रभारी बनने से संगठन को और भी मजबूती मिलेगी।

### एजेकेएसएस ने पीओ को सौंपा ज्ञापन



कुजू। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के कुजू कोलियरी सचिव तेजनाथ महतो 10 सूत्री मांग को लेकर कुजू कोलियरी परियोजना पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें मजदूरों का 13 दिन का बकाया वेतन भुगतान करने, समय पर कर्मचारियो का प्रमोशन करने, स्कूल बस व एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करने, रोंग डिगनेशन में कार्य करने वाले कर्मचारियों को ऑथराईजेशन देने, फिल्टर प्लांट में लाइट की सुविधा, केओसीपी में लाईट लगाने, अवैध खनन पर रोक लगाने, श्री राम चौक से लेकर कुजू कोलियरी तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, कुजू कोलियरी के बंद पड़े खदान को पुनः चालू कराने का मांग किया है। उन्होंने कहा है कि अगर 8 दिनों के अंदर मांगों पर पहल नहीं हुआ तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा। आवेदन की प्रतिलिपि गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रौशनलाल चौधरी, सीसीएल कुजू महाप्रबंधक, केंद्रीय महामंत्री सतीश सिन्हा को प्रेषित किया है।

### सड़क हादसे में छह श्रद्धालु घायल

बरही। जीटी रोड पर पीपरा मोड़ के पास सुबह सुबह 3 बजे कुम्भ प्रयागराज से आ रही स्कार्पियो को पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। टक्कर से स्कार्पियो में बैठे 6 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज किया गया। घायलों में वाहन चालक सौबीरुल शेख मल्लिखट्टी,वीरभूम, लालबहादुर सिंह, शोभा सिंह रामपुरहाट, महेंद्र सिंह वीरभूम, संजना सिंह, पुष्पराज सिंह सभी पश्चिमबंगाल वीरभूम निवासी हैं। सभी घायलों को एनएचएआई के एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण और फिर बेहतर इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

### हाइवा से टकरायी बस, दर्जनों घायल

बरही। जीटी रोड पांडेबारा में हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के नजदीक महाकुंभ स्नान कर लौट रही यात्रियों की बस हाइवा से टकरा गई। बस में सवार दर्जनों महिला, पुरुष यात्री घायल हो गए। सभी घायलों का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज किया गया। बस सवार यात्री महाकुंभ स्नान कर गोड्डा लौट रहे थे। घायलों में कुंती देवी, विशेश्वर पंडित,पार्वती देवी, उर्मिला देवी, जयंती देवी, भगवतिया देवी,रुक्मणि देवी, मंजुला देवी, तुलसी पंडित, लाल बहादुर ओझा, नरेश बावरी, विजय नोनिया, प्रभा देवी और टुकलाल साहू शामिल हैं। सभी घायल बस यात्री सरौनी बाजार थाना मुफस्सिल जिला गोड्डा झारखंड के रहने वाले हैं। दुर्घटना के बाद घायलों को एनएचएआई के एंबुलेंस 1033 से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया।

# 11 कस्तूरबा विद्यालयों को मिला नैपकिन वेंडिंग मशीन

**मशीनों का सदुपयोग करें और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें : डीडीसी**



हजारीबाग समहरणालय में सोमवार को स्वस्थता का शपथ लेते अधिकारी ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, जिला समाज कल्याण विभाग ने उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार समाहरणालय सभागार में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन वितरण समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम के तहत, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और कटकमदाग स्थित एक अन्य बालिका आवासीय विद्यालय में कुल 11 सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें वितरित की गईं।

समारोह में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, और सामाजिक सुरक्षा की सहायक निदेशक निवेदिता राय ने संयुक्त रूप से मशीनों का वितरण किया। इन मशीनों में पहले से ही 100 सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध हैं, जिससे छात्राओं को स्वच्छ और सुलभ संसाधन मिल सकें।

उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों का सदुपयोग करें और मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें। स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवश्यक है, जिससे मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को मिटाया जा सके।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने बताया कि इन मशीनों की स्थापना से छात्राओं में मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। प्रत्येक मशीन में 100 सेनेटरी नैपकिन रखने की क्षमता है, जिससे छात्राओं को स्वच्छ संसाधन सुलभ होंगे। कार्यक्रम के दौरान, एक छात्रा ने उपस्थित सभी को ₹बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ₹ के संदेश का पालन करने की शपथ दिलाई, जिसमें लिंग भेदभाव समाप्त करने, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, और लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प शामिल था।

इस पहल से हजारीबाग जिले में मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे छात्राओं को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जीने में सहायता मिलेगी।

# डीए और वेतनमान में हो सुधार : संघ

## पुरानी पेंशन योजना लागू करे सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रमंडलीय सम्मेलन रविवार को पुराना समाहरणालय परिसर स्थित जनसंपर्क सभागार में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में राज्यभर के 46 विभागों के सैकड़ों कर्मचारी और पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया, साथ ही संविधान प्रस्तावना की शपथ ली गई। संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता और अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय ने ठेका, संविदा और आउटसोर्सिंग में नियुक्तियों को बंद करने की मांग की। उन्होंने सरकार से सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियमित बहाली की अपील की। उन्होंने कहा कि एनपीएस (नई पेंशन योजना) को समाप्त कर ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) लागू की जानी चाहिए। इसके साथ ही पीएफ और आरडी फंड्स को कर्मचारियों को लौटाने की मांग उठाई गई। सम्मेलन में महंगाई भत्ता (डीए) की बहाली की भी मांग की गई, जो कोरोना के दौरान रोक दिया गया था। साथ ही, लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों का न्यूनतम ग्रेड पे 2800 रुपये करने और वेतनमान में सुधार पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने सरकार की निजीकरण नीति का विरोध करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र ने कोरोना महामारी और अन्य कठिन समय में अपनी उपयोगिता साबित की है। इसके बावजूद, सार्वजनिक संस्थानों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है। उन्होंने निजीकरण को रोकने और सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने की मांग की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर ने सभी सरकारी कार्यालयों में महिलाओं के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। सम्मेलन में अखिल भारतीय महासंघ की 10 सूत्रीय मांगों को राज्य की विशेष जरूरतों के साथ जोड़कर कर्मचारियों के हितों के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें सेवा अवधि 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने, प्रोन्नति में वरीयता देने और श्रम कानूनों में बदलाव रोकने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं।



### गोपाल पासवान चुने गये हजारीबाग के जिला अध्यक्ष

सम्मेलन में हजारीबाग महासंघ का पुनर्गठन किया गया, जिसमें गोपाल कुमार पासवान को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश रंजन दुबे, महासचिव रवींद्रनाथ ठाकुर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सरकार से कर्मचारियों की जायज मांगों को तुरंत पूरा करने की अपील की। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों को अनदेखा किया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### हजारीबाग में बिजली विभाग के अधिकारी ने उपभोक्ता से मांगा 17 हजार

हजारीबाग। बिजली विभाग में भ्रष्टाचार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक वायरल हो रहे ऑडियो में बिजली विभाग का एक अधिकारी उपभोक्ता से 17,000 रुपये की मांग कर रहा है। ऑडियो में साफ-साफ सुना जा सकता है कि अधिकारी कह रहा है- 15,000 ऊपर देना पड़ेगा और 2,000 रुपया मेरा खर्चा। यह मामला विभाग में गहरी जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार और गरीब उपभोक्ताओं के शोषण को उजागर करता है। बिजली विभाग के कर्मचारी आम जनता से 15,000 से 50,000 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। जो उपभोक्ता पैसे देने में असमर्थ होते हैं, उनके खिलाफ केस दर्ज कर दिया जाता है, जिससे वे कानूनी पचड़ों में फंस जाते हैं। साथ ही इसके पहले भी अलौंजा कला के किसानों से ट्रांसफार्मर, तार ,पोल लगवाने के नाम पर लाखों रुपए अवैध वसूली किया गया है। वायरल ऑडियो ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि रिश्वत नहीं देने पर उन्हें जबरन फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्या बिजली विभाग इस भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करेगा।

# शहीद बक्शी की अंतिम अरदास

हजारीबाग। गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा सभागार में सोमवार को शहीद करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम अरदास आयोजित की गई। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिख समुदाय के सदस्यों और शहीद के परिजनों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद के परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹शहीद करमजीत सिंह बक्शी का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं।₹सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद के सम्मान में महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने बताया कि शहीद के निवास स्थान, जुलु पार्क हॉली क्रॉस रोड, को अब 'शहीद करमजीत सिंह मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। साथ ही, पगोड़ा चौक का नाम 'शहीद करमजीत सिंह चौक' रखा जाएगा।



इस संबंध में उन्होंने संबंधित मंत्री और सचिव से वार्ता की है, और जल्द ही नए नामकरण के संकेत बोर्ड लगाए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा, ₹शहीद करमजीत सिंह बक्शी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिवारजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस आयोजन ने संदेश दिया कि शहीदों का सम्मान सर्वोपरि है।

### इंटर परीक्षा से वंचित छात्र के पिता ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

भुरकुंडा (रामगढ़)। इंटर परीक्षा में स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के कारण परीक्षा से वंचित किये गये छात्र के पिता ने डीसी को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में सीसीएल सौंदा निवासी उदय माली ने कहा है कि मेरा पुत्र सौरभ कुमार केकेसी उच्च विद्यालय प्लस टु सयाल का नियमित छात्र रहा है। मेरे पुत्र का रोल नंबर 50 विद्यालय पंजी में अंकित है। मेरे पुत्र का इंटर का सेशन 2023-25 है। परीक्षा में शामिल होने के लिए मेरे पुत्र ने केकेसी उच्च विद्यालय सयाल में अपना निबंधन कराया था। जिसके एवज में मुझे विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह की प्राप्ति रसीद मुहैया नहीं कराई गई। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले स्कूल द्वारा मेरे पुत्र को प्रवेश-पत्र निर्गत नहीं किया गया। जब इसकी जानकारी मैंने विद्यालय द्वारा लेनी चाही, तो स्कूल प्रबंधन किसी भी तरह की जानकारी देने में असमर्थता जाहिर किया। प्रबंधन के लोग आपस में ही एक-दूसरे को जिम्मेवार बताना शुरू कर दिये।

# आइवीएफ तकनीक से 50 गर्भधारण हुआ

**▸▸ आरोग्यम अस्पताल को मिली कामयाबी, इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी में डॉ. रंजना शरण की रही महत्वपूर्ण भागीदारी**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग । हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रजनन विशेषज्ञ, डॉ. रंजना शरण ने इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया। इस अवसर पर, उन्होंने आरोग्यम अस्पताल की आईवीएफ में 50 सफल मामलों की उपलब्धि साझा की, जो उन दंपतियों के लिए आशा की किरण है जो संतान सुख की प्राप्ति के लिए संघर्षरत थे। आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग जिले का पहला संस्थान है जिसने आईवीएफ तकनीक के माध्यम से 50 सफल गर्भधारण कराए हैं। यह सफलता उच्च स्तरीय आधुनिक प्रयोगशाला, विश्वस्तरीय तकनीक, और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि ने क्षेत्र के दंपतियों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता को कम किया है, जिससे वे अपने ही जिले में उन्नत प्रजनन उपचार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. शरण ने आईवीएफ उपचार से संबंधित नवीनतम तकनीकों और सफलता दर में वृद्धि पर अपने अनुभव साझा किए। उनकी प्रस्तुति को चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने सराहा, जिससे झारखंड में प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में हो रही प्रगति को मान्यता मिली। आरोग्यम अस्पताल के प्रबंध निदेशक हर्ष अजमेरा ने कार्यक्रम में अस्पताल की भागीदारी को गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि आईवीएफ तकनीक में 50 सफल मामलों के साथ, अस्पताल ने झारखंड में संतान सुख की नई उम्मीद जगाई है। उनका उद्देश्य अत्याधुनिक प्रजनन चिकित्सा सुविधाओं को हर जरूरतमंद दंपति तक पहुँचाना है, ताकि वे माता-पिता बनने का सपना साकार कर सकें।

## एक नजर में

### महाकुंभ से लौटे श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत



टाटीझरिया। झरपो पंचायत के सैकड़ों श्रद्धालु सोमवार को प्रयागराज, विंध्याचल, अयोध्या, बनारस और मां भद्रकाली जैसे पवित्र तीर्थ स्थलों की सात दिवसीय यात्रा पूरी कर अपने गांव लौटे। गांव पहुंचने पर समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने फूल-मालाओं और गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। समाजसेवियों में संतोष कुमार, संजय प्रसाद और अजय प्रसाद ने श्रद्धालुओं को झरपो दुर्गा स्थान से बुध बाजार होते हुए देवी मंडप तक पूरे गांव का भ्रमण कराया। श्रद्धालु देवताओं की आराधना और पूजा-पाठ करते हुए अपने आवास लौटे।

इस मौके पर श्रद्धालुओं ने समाजसेवियों का आभार जताया और कहा कि पवित्र स्थलों का भ्रमण और आराधना उन्हें अध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। उन्होंने गांववासियों से अपने माता-पिता की सेवा करने और पूजा-पाठ के माध्यम से पुण्य अर्जित करने का आह्वान किया। गांव भ्रमण और स्वागत कार्यक्रम में झरपो के श्रद्धालुओं में सरजू महतो, जगन्नाथ महतो, दिनेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, प्रकाश महतो, सुगीया देवी, पार्वती देवी और सर्बिया देवी समेत कई लोग शामिल थे। सभी ने तीर्थ यात्रा को एक पवित्र अनुभव बताया और गांव लौटने पर आराध्यों के प्रति आस्था प्रकट की।

### कटकमसांडी पंचायत भवन में लगा डाक चौपाल



कटकमसांडी। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं और योजनाओं को सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को कटकमसांडी पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक अधीक्षक राजीव कश्यप और विशिष्ट अतिथि मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय मौजूद रहे। राजीव कश्यप ने बताया कि ₹डाक चौपाल₹ डाक विभाग की ऐतिहासिक पहल है, जो ग्रामीणों और सरकारी योजनाओं के बीच एक सशक्त कड़ी के रूप में कार्य करेगी। इसके तहत डाकघर के माध्यम से सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सशक्तिकरण खाता, आवर्ती जमा खाता जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, आधार नामांकन, मोबाइल अपडेट, पेंशन योजनाओं, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, और छात्रवृत्ति जैसी सेवाएं ग्रामीण डाकघरों में सुलभ कराई जा रही हैं। डाक जीवन बीमा में कम प्रीमियम पर अधिक बोनस और 18-65 वर्ष के खाताधारकों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस, वाहन बीमा, और 5 लाख से 15 लाख तक के दुर्घटना बीमा की सुविधाएं भी दी जा रही हैं। मुखिया श्रीति पांडेय ने पंचायत स्तर पर डाक विभाग द्वारा इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीणों को जागरूक कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध ग्रामीणों ने भाग लेकर डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### हजारीबाग में जल जमाव से बढ़े मच्छर

हजारीबाग। गर्मी की शुरूआत हुई भी नहीं है और शहर में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन नगर निगम की ओर से फॉगिंग या ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव जैसी आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। नालियों के साथ साथ तालाबों में गंदगी और जलजमाव के कारण मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चो में खासकर इन बीमारियों की वृद्धि हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम केवल टैक्स वसूली में सक्रिय है, लेकिन स्वास्थ्य और स्वच्छता के मुद्दों पर उदासीन बना हुआ है। पिछले वर्षों में भी, फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की कमी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ा था, जिससे कई लोग बीमार पड़े थे। इस वर्ष भी स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलजमाव और गंदगी के कारण मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। नालियों की सफाई न होने से पानी रुकता है, जो मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बनता है। नागरिकों ने कई बार नगर निगम से फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और नालियों की सफाई आवश्यक है। नगर निगम की उदासीनता से नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है, और तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि वे तुरंत फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की व्यवस्था करें, ताकि मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके और स्वास्थ्य संकट से बचा जा सके।

### डिवाइडर से टकराई पिकअप, दो लोग घायल



पदमा। हजारीबाग के पदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मटांड के पास एन-एच-33 पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। जेएमएम पब्लिक स्कूल के समीप एक पिकअप वैन पुलिया के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से दो की हालत गंभीर है और तीन अन्य को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पदमा ओपी प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा। घटना में क्षतिग्रस्त वाहन की पहचान गाड़ी संख्या खल्019ठ 9798 के रूप में हुई है। यह गाड़ी गोरिया करमा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित मेले में मंडई से टेंट का सामान ले जाने के लिए गई थी। सामान लेकर लौटने के दौरान यह हादसा हुआ।

# कोडरमा उपायुक्त ने 17 विशेषज्ञ चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा 17 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें से 1 यूरोलॉजिस्ट से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 1 जनरल सर्जरी से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 2 ऑर्थोपेडिक सर्जन से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 1 शिशु रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 3 स्त्री रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक और 9 चिकित्सक शामिल हैं। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के संकल्प के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति की गयी है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी चिकित्सकों को बधाई दी और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ.अनिल कुमार, डीएस डॉ.रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीपीसी आयुष्मान भारत सुमित कुमार व अन्य मौजूद थे।

## नशा मुक्ति जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं डीसी ने रथ रवाना करते हुए कहा कि यह रथ हर गांव मोहल्ले में जाकर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि नशा करने से अपने स्वास्थ्य के साथ अपना परिवार भी बर्बाद होता है। साथ ही परिवार में हमेशा कलह बना रहता है। उन्होंने कहा कि जिले के हर क्षेत्र, हर गांव और हर गली में इस नशा मुक्त रथ से लोगों को जागरूक किया जाएगा। मौके पर डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।

## टीबी जागरूकता रथ को किया रवाना



**कोडरमा।** जिला मलेरिया पदाधिकारी सह प्रभारी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ.मनोज कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार के द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से सदर अस्पताल परिसर से टीबी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्र में टीबी की बिमारी के बारे में जानकारी एवं बचाव से लोगों को जागरूक करना है। टीबी जागरूकता रथ 17 फरवरी 2025 से 08 मार्च 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों में टीबी का प्रचार-प्रसार करेगा। उक्त कार्यक्रम में संजय वर्मा, वन्दना सिंह, संतोष कुमार, दिपेश कुमार, प्रकाश रवि, सुमीता कुमारी, गणेश कुमार, पॉल एक्का, सुनीता कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## सतगावां में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई के नेतृत्व में सोमवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। वहीं कार्यकर्ताओं ने समलडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम गांगाडीह में अभियान के दौरान दर्जनों महिला व पुरुषों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। लोगों ने प्रदेश की हेमंत सरकार के द्वारा जनहित में किये गए कार्य से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान झामुमो प्रखंड प्रभारी सह पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि हेमंत सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझते हुए बेहतर कार्य कर रही है। इस सरकार से आमजन मानस को काफी उम्मीदें हैं। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय, पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष निशांत कुमार, पूर्व प्रखंड सचिव धर्मेंद्र कुमार, पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष सुबोध कुमार आदि शामिल थे।

## माले मध्य जोन लोकल कमिटी की बैठक आयोजित



**जयनगर (कोडरमा)।** माले मध्य जोन लोकल कमिटी की बैठक टुड़मी गांव में लोकल कमेटी सचिव असगर अंसारी के अध्यक्षता में रखी गई, जहां पार्टी सदस्यों का नवीनीकरण कर लेना है। वहीं पार्टी का सदस्यता अभियान भी चलाने पर जोर दिया गया। प्रखंड कार्यालय और थाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा माले जन आंदोलनों की पार्टी है, जनता के अधिकार के लिए सड़कों पर लड़ने वाली ताकत सबसे मजबूत ताकत माले है। बैठक में माले जिला कमेटी सदस्य मुंना यादव, असगर अंसारी शहजाद खान अशोक दास, मुंशी दास, दिलीप दास, इजरैल खान, विशन दास, अलाउद्दीन अंसारी, लेयाकत अंसारी, इब्राहिम मियां, सहदेव सोनार आदि मौजूद थे।

## चौकीदारों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में अंचल में पदस्थापित 22 चौकीदारों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन पंचायती राज विभाग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य चौकीदारों को 'पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के कार्य एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी देना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान बीडीओ गौतम कुमार ने पंचायत व्यवस्था की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने पंचायती राज के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जबकि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविशंकर समन्वयक ने पंचायत स्तर पर चौकीदारों की भूमिका और उनके कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, प्रखंड नजीर तनेश्वर राम, विवेक कुमार, सुभाष कुमार पासवान सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और चौकीदारों को पंचायत प्रणाली की गहराई से समझ प्रदान किया। प्रशिक्षण में सचिन रजक, सचिन कुमार राणा, प्रीति देवी, दयानंद यादव सहित सभी 22 चौकीदार उपस्थित थे।

### डिजिटल माध्यम से होने वाली यौन हिंसा से बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्यशाला आयोजित

# बाल यौन शोषण और उत्पीड़न सामग्री के प्रसारण पर अब होगी जेल : गौतम

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं चाइल्ड लेबर फ्री माइका कार्यक्रम (सहयोग कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन) के संयुक्त तत्वावधान में वसुंधरा गार्डेन में बाल यौन शोषण और इंटरनेट के माध्यम से बाल यौन उत्पीड़न सामग्री सर्कुलेशन पर रोकथाम को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, चाइल्ड लेबर फ्री माइका कार्यक्रम के जिला समन्वयक मनोज कुमार एवं बालमित्र ग्राम से आए युवाओं व महिलाओं के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि 23 सितंबर 2024 को माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एक ऐतिहासिक फैसला लिया गया है, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द पर रोक लगाते हुए बाल यौन शोषण और उत्पीड़न सामग्री के शब्द को प्रयोग करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बाल यौन शोषण और उत्पीड़न सामग्री रखना, देखना एवं इसे प्रसारित करने को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। ऐसा करने वाले लोगों को अब जेल भी जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज कल के इस इंटरनेट व डिजिटल युग में सावधानी बरतने की जरूरत है, जिससे कि हम न सिर्फ इन अपराधों से बच सकते हैं, बल्कि डिजिटल माध्यम से होने वाले यौन अपराधों की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस, जिला विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर दोषियों को सजा भी दिला सकते हैं। इस तरह के मामलों का निपटारा करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हर संभव सहयोग करने को तैयार है। चाइल्ड लेबर फ्री माइका के मनोज कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य इंटरनेट, डिजिटल माध्यम से होने वाली बाल यौन हिंसा से बच्चों के सुरक्षा सुनिश्चित करने के संदर्भ में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा बाल यौन उत्पीड़न सामग्री सर्कुलेशन पर दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय से लोगों को अवगत कराना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग डिजिटल माध्यम से होने वाले यौन हिंसा उत्पीड़न को बढ़ावा देने वाली सामग्रियों की रिपोर्ट करें एवं दोषियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

कार्यशाला में बाल मित्र ग्राम बेंदी, मधुबन, पारहो, धरगांव, खरखार सहित अन्य बाल मित्र ग्रामों के 300 से अधिक लोग व चाइल्ड लेबर फ्री माइका सहयोगी कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सहायक परियोजना पदाधिकारी महेश कुमार सिंह, रागिनी रंजन व अन्य उपस्थित थे।

# ग्रिजली कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने नालन्दा एवं राजगीर का किया शैक्षणिक भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बिहार प्रदेश के नालन्दा एवं राजगीर का सफल शैक्षणिक भ्रमण किया। राजगीर के घोड़ा कटोरा एवं नालन्दा के प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय का भ्रमण कर उक्त स्थल के सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थितियों के ऐतिहासिक पहलुओं से गाइड डॉ. रंजन कुमार द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया, साथ ही उक्त स्थलों की महता से अभिभूत होते हुए नालन्दा विश्वविद्यालय के विध्वंस के कारण को भी बताया, प्रशिक्षु भारतीय विरासत से अभिप्रेरित होकर अपने धरोहर को आगे बढ़ाने एवं संजोए रखने हेतु संकल्पित हुए, तत्पश्चात उक्त स्थल के मनोरम व्यंजनों का स्वाद का लुत्फ उठाया एवं भारतीय विरासत को विशेष जानकारी हेतु अनेकों किताबें भी खरीदीं।

### पूरा भ्रमण आनंद एवं उर्जा से भरा रहा

वहीं उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण प्रशिक्षुओं को मानसिक एवं शारीरिक तनाव को समाप्त करता है, साथ ही स्मरण शक्ति को बढ़ावा देते हुए ऐतिहासिक स्थलों को देखने और जानने का अवसर प्रदान होता है, जो उन्हें अपने विरासत की ओर अग्रसर करता है। शैक्षिक भ्रमण में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2023-25 के सभी प्रशिक्षु, सभी सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा, डॉ. मनीष कुमार पासवान, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, अनिल दास, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार एवं अन्य सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, सुधीर साव, विवेक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## खो-खो प्रीमियर लीग को लेकर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बैठक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिला खो-खो संघ द्वारा 11 से 13 अप्रैल तक आहूत कोडरमा खो-खो प्रीमियर लीग को लेकर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और टीम कोचों का पंजीकरण 17 से 28 फरवरी तक होगा। इसके बाद नौ मार्च को मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ट्रॉफी और जर्सी का अनावरण समारोह आयोजित किया जायेगा। 23 मार्च को जेजे कॉलेज ग्राउंड में खिलाड़ियों का ट्रायल और चयन होगा। वहीं 30 मार्च को मॉडर्न पब्लिक स्कूल में खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न होगी। टीमों के ओनर्स और चयनकर्ताओं द्वारा खिलाड़ियों को उनकी श्रेणियों (ए, बी एवं सी ग्रेड) के आधार पर टीमों में शामिल किया जायेगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी, जिनमें चाराडीह वॉरियर्स, मरकच्चो योद्धा, कोडरमा झाट्स, डोमचांच ड्रैगंस, तिलैया टाइटंस, सतगावां चौलेंजर्स, जयनगर रॉयल्स व चंदवारा सुपर किंग शामिल हैं। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे, जिनमें से 10 खिलाड़ी कोडरमा जिले से और पांच खिलाड़ी अन्य जिलों से चुने जायेंगे। संघ के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार और जिला सचिव अमित कुमार ने बताया कि बहुत जल्द जिले के प्रत्येक प्रखंड में खो-खो संघ का गठन किया जायेगा।

# एसपी ने मासिक अपराध गोष्ठी का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनवरी माह में किये गए कार्यों की समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी. प्रभारी, संबंधित शाखा प्रभारी को दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें विगत एक माह में थाना प्रभारियों द्वारा किए गए कार्य (विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांड का निष्पादन, वारंट कुर्की का निष्पादन) आदि कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं सभी लंबित काण्डों के समीक्षोपरांत उक्त कांडों में लंबित सभी कार्रवाई पूर्ण कर काण्डों का निष्पादन करने, माह जनवरी 2025 में प्रतिवेदित सभी काण्डों का विस्तृत समीक्षोपरांत लंबित काण्डों का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रपत्र समर्पित करने, सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक प्रभाग को लंबित सभी पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने, अवैध कोयला, बालू, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। वहीं थाना क्षेत्र के उपद्रवियों, आदतन शरारती तत्वों, सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कारवाई करने, वाहन चोरी जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से एंटी क्राइम चेकिंग करने एवं बैंक, एटीएम, ज्वैलरी शॉप जैसे स्थानों के आस-पास पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहने, सभी थाना प्रभारी को अपने स्तर से विशेष अभियान चलाकर लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करने, अंतरराज्यीय, अंतर जिला चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच चलाने, सड़क सुरक्षा हेतु सभी एहतियात कदम उठाने तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर अभियोजन करने, जन शिकायत समाधान से संबंधित सभी काण्डों को निष्पादन करने का निदेश दिया गया।

बैठक में पुलिस सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस से सम्बंधित समस्याओं एवं निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## बाल विकास परियोजना से संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति दयनीय

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति दयनीय है, जो अपने उद्देश्य से भटका हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र कब खुलता है और कब बंद होता है, इसका पता भी लोगों को नहीं चल पाता है। यह कहना गलत नहीं कि केंद्रों का संचालन कागजों पर ही किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटका रहता है और कागज पर केंद्र का संचालन किया जाता है। यूं कहा जाए कि मरकच्चो प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन भगवान भरोसे होता है। सबसे अहम बात है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद संबंधित अधिकारी जांच करने पहुंचते तो जरूर हैं, मगर जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। यही कारण है कि मरकच्चो प्रखंड के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन मनमानी तरीके से हो रहा है। सोमवार को खबर मन्त्र की टीम ने पुरनानगर पंचायत स्थित खटोलिया आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 129 का जायजा लिया। जहां आंगनबाड़ी केंद्र में पौने दस बजे (9:45) तक ताला लटका हुआ पाया गया। सरकार के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 साल के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। स्वास्थ्य वातावरण दिया जाता है, बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाता है, कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा प्रदान की जाती है, मगर आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाला लाभ लोगों को नहीं मिलता दिखाई दे रहा है। जहां आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का समय का दुरुपयोग कर संचालन किया जा रहा है। प्रखंड पर्यवेक्षिका द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में कई आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में प्रखंड पर्यवेक्षिका से फोन के माध्यम से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।


## एक नजर में

### गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड के उरैली पंचायत के पंडरी कला स्थित मां देवी मंडप में मां देवी की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ सोमवार को 2 बजे गाजे बाजे के साथ जलयात्रा के साथ शुरू हो गया। देवी मंडप यज्ञशाला से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु पंडरी स्थित नीलाजन नदी घाट से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जलभरी की। यज्ञशाला पहुंचने पर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ को शुरू करा दिया गया है। 20 फरवरी को भंडारा 3 बजे 6 बजे तक उसके बाद पूणाहुति एवं भंडारा के साथ समापन होगा। मौके पर जिप सदस्य अध्यक्ष ममता कुमारी, महायज्ञ कमेटी के सदस्य विजय यादव, मंगल सिंह, चित्रू सिंह, अखलेश यादव, महेंद्र यादव, भगवान यादव, अभिमन्यु सिंह, मनोज सिंह आदि हजारों महिला व पुरुष जलयात्रा में विशेष रूप से शामिल हुए।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**हंटरगंज/चतरा।** थाना क्षेत्र के जबड़ा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जजलो गांव निवासी महेशी यादव का 40 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण यादव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह उसका शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया। वहीं मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। इधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार जजलों निवासी महेशी यादव के 40 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण यादव का शव एक कमरे में साड़ी के फंदे से लटका हुआ परिजनों द्वारा देखा गया। देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। लक्ष्मण ने किन कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की इसका पता फिलहाल नहीं लग सका है। पुलिस हर एक पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

### अवैध निर्माण हटाने को लेकर दिया गया आवेदन

**गिद्धौर।** प्रतिबंधित भूमि के अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण हटाने को लेकर सिंदुआरी गांव निवासी निरंजन दुबे ने सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया तथा अंचल अधिकारी गिद्धौर को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि थाना क्षेत्र के मौजा मंझगवां के खाता नंबर 16 प्लॉट नंबर 579 में कई अकड़ जमीन पर किसी प्रकार के निर्माण कार्य तथा जोत कोड़ पर सरकार द्वारा रोक लगायी गयी है। सिंदुआरी कला निवासी लुकेश्वर दांगी का पुत्र ब्रह्मदेव दांगी द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जे के साथ अवैध निर्माण कर निजी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। उक्त भूमि के अवैध कब्जा व निर्माण को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

### दहेज मुक्त शादी कर समाज को किया जागरूक

**टंडवा (चतरा)।** समाज में बढ़ती कुरीतियों एवं दहेज प्रथा की रोकथाम में प्रबल जागरूकता बढ़ाने के लिए कानून के रखवाले चालक आरक्षी विद्या नारायण गिरी ने आम नागरिकों को अच्छा संदेश देने के उद्देश्य से अपने पुत्र की बिना दहेज व तिलक की शादी रचाई। विद्या नारायण गिरी का उद्देश्य पब्लिक की रक्षा के साथ-साथ समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने से है। फिलहाल चतरा जिले के टंडवा थाना में चालक आरक्षी के पद पर कार्यरत हैं, जो अपना गांव फुरका थाना इचाक जिला हजारीबाग से अपना बड़ा बेटा राज नारायण गिरी को ग्राम बीघा में रबिन्द्र गिरी की बेटी के साथ बिना दहेज व तिलक की शादी रचाकर समाज को दहेज मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया। श्री गिरी ने बताया कि थाना में दहेज उत्पीड़न के कई मामले हमेशा से देखते आ रहे हैं, जो बिल्कुल ही समाज हित के लिए नुकसानदेह है। इसलिए दहेज प्रथा मुक्त करने के लिए हम सभी लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। इसी उम्मीद और जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने बड़े पुत्र का दहेज मुक्त शादी की।

### 37 फीट लंबे और 6 मी. चौड़े आरपीएफ पोस्ट निर्माण प्रक्रिया शुरू

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5-6 हजारीबाग की ओर 37 फीट लंबे और 6 मीटर चौड़े आरपीएफ पोस्ट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बताते चलें कि 58 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह आधुनिक पोस्ट मात्र तीन महीन में तैयार हो जायेगा। इस पोस्ट में आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी का कार्यालय, सब-इंस्पेक्टर का अलग कक्ष और कर्मचारियों के लिए विशेष कार्यालय का निर्माण होगा। इसके अलावा, मालखाना, महिला पुलिस बल के लिए चेंजिंग रूम और महिला व पुरुष कैदियों के लिए अलग-अलग हाजत की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालय भी बनाया जायेगा। कोडरमा रेलवे स्टेशन का आरपीएफ पोस्ट हजारीबाग टाउन, बड़काकाना, कोडरमा-जमुआ रेलखंड और कोडरमा से बंधुआ तक के क्षेत्र में सुरक्षा का जिम्मा संभालता है। वर्तमान में पुराने पोस्ट में कई असुविधाएं थीं, जिन्हें नये निर्माण से दूर किया जा रहा है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म संख्या 4-5 पर स्थित मौजूदा पोस्ट को भी अपग्रेड किया जायेगा। आरपीएफ धनबाद रेल मंडल के कमांडेंट अनुराग मीणा ने बताया कि कोडरमा रेलवे स्टेशन पर बैरक निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने वाली है, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड के धनवार, जमुआ समेत अन्य स्टेशनों पर तैनाती रहती है। जरूरत के अनुसार अतिरिक्तजवानों की भी तैनाती की जाती है। अकेले यात्रा कर रही महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के लिए 'मेरी सहेली' योजना के तहत विशेष पुलिस सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

### रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में कार्यशाला आयोजित



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय कैपेसीटी डेवलेपमेंट ऑफ ट्रेनी टू राईट द सेमिनार पेपर/आर्टिकल था। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य ड.लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं को सेमिनार और आर्टिकल पेपर तैयार करने व उसके महत्व को बताया। वहीं सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने प्रशिक्षुओं को सेमिनार पेपर या आर्टिकल को लिखने का तरीके को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि आर्टिकल लेखन की शुरुआत सरल और आसान भाषा से होनी चाहिए। आर्टिकल के अंदर कही जाने वाली बातों का उल्लेख करना चाहिए। सीधे-सीधे बातों को पेश न कर उसे रोचक वाले शब्दों से शुरू करना चाहिए। जबकि सेमिनार पेपर में कवर पेज, विषय-सूची, तालिकाओं की सूची, आंकड़े, संक्षिप्ताक्षर, मुख्य पाठ, संदर्भों की सूची, और परिशिष्ट शामिल करना चाहिए। मौके पर राजेश पांडेय, डॉ.संजीव कुमार, मो.सेराज, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, खोमा रानी महतो, जयंती कुमारी व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, सेंटु कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार सहित प्रशिक्षुगण मौजूद थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनगुंडी निवासी मंटू पंडित (40) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मंटू गिरिडीह जिले के खोरीमहुआ में निजी व्यवसाय करता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

## अवैध रूप से ढिबरा परिवहन कर रहा पिकअप जब्त



**डोमचांच (कोडरमा)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर, बरियारडीह में गश्ती के दौरान लगभग 4:30 बजे सुबह देवीपुर उच्च विद्यालय के समीप बगैर पंजीयन संख्या के सफेद रंग का टाटा पिकअप वाहन को अवैध रूप से ढिबरा परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जब्त ढिबरा का कीमत लगभग 80 हजार लगाया जा रहा है। जो डगरनवा जंगल से लाया जा रहा था। जब्त वाहन में लगभग चार टन ढिबरा लोड था, जिसे वन विभाग द्वारा पिकअप वाहन सहित जब्त कर लिया गया। वहीं इस संदर्भ में सुभाष यादव उर्फ शिबू यादव पिता रामेश्वर यादव ग्राम निमाडीह थाना गावां, गिरीडीह निवासी पर वन-वाद दायर किया गया। गश्ती दल में वनरक्षी मनोज कुमार मरांडी, अनिल कुमार साव आदि शामिल थे।

# बेटी जन्म के लिए सिर्फ पिता जिम्मेदार : डॉ अलंकृता

- महिला को कोसना पूरी तरह गलत
- लोगों को सोच बदलने की जरूरत, बेटा-बेटी में न करें फर्क

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** आज के युग में बेटियां घर संभालने से लेकर अंतरिक्ष में पहुंचकर महत्वपूर्ण मिशन में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। आधुनिकता के इस दौर में आज भी कई परिवार में बेटे के जन्म पर बड़े जश्न का आयोजन किया जाता है, जबकि बेटी के जन्म पर परिवार में मायूसी छा जाती और बेटी को जन्म देने वाली महिला को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराते हुए उसे पारिवारिक प्रताड़ना का सामना भी करना पड़ता है। कई ऐसे मामले भी देखे गए हैं जब एक से अधिक बेटी के जन्म पर विवाद इस कदर बढ़ जाता है कि पति-पत्नी को एक दूसरे से अलग होने तक की नौबत आ जाती है।

हालांकि, मेडिकल साइंस के अनुसार किसी महिला के द्वारा बेटा या बेटी को जन्म देने के लिए अकेले सिर्फ महिला जिम्मेदार नहीं होती है। झुमरीतिलैया के सामंतो काली मंदिर के समीप स्थित शीला रानी हॉस्पिटल एवं बांझपन सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. अलंकृता मंडल सिन्हा ने बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु का लिंग परीक्षण करना कानूनन अपराध है, मगर कई बार खबरें सामने आती है कि किसी महिला के गर्भ में लड़की होने की जानकारी मिलने पर भ्रूण हत्या और महिला को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया जाता है, इस तरह की घटना काफी निंदनीय है। लोगों को बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। आज देश-दुनिया के किसी भी क्षेत्र में बेटियां बेटों से किसी मामले में कम नहीं हैं। लोगों को अपनी पुरानी सोच बदलने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि महिला के शरीर में 2 एक्स क्रोमोजोम्स होते हैं। जबकि पुरुष के शरीर में एक एक्स और एक वाई क्रोमोजोम्स होते हैं। महिला के द्वारा गर्भधारण के दौरान एक क्रोमोजोम महिला का और एक क्रोमोजोम पुरुष का मिलकर भ्रूण तैयार होता है। उन्होंने बताया कि चूंकि महिला के शरीर में सिर्फ 2 एक्स क्रोमोजोम्स होते हैं। ऐसे में यदि पुरुष के शरीर से महिला को एक एक्स क्रोमोजोम मिलता है, तो महिला बेटी को जन्म देगी। वहीं जब पुरुष के शरीर से महिला को वाई क्रोमोजोम मिला है तो बेटा जन्म लेता है। बेटा और बेटी के जन्म पर पूरी तरह से पुरुष का क्रोमोजोम निर्भर करता है। ऐसे में यदि किसी महिला के द्वारा बेटी को जन्म दिया जाता है, तो इसके लिए सिर्फ पुरुष जिम्मेदार होते हैं। महिला को जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह से गलत है।

# तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में, डीसी ने लिया जायजा

- पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू 19 फरवरी को करेंगे उद्घाटन
- सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि रहेंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिला प्रशासन ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया जाना था, लेकिन अन्य कार्यक्रमों के कारण अब पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उद्घाटन करेंगे। यह भव्य आयोजन 19 फरवरी को होगा, जिसमें स्थानीय सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्रीय कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देना है। उपायुक्त ने सभी विभागों को तय समयसीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने आम जनता से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान डीडीसी अमरेन्द्र सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश व सचिव बने दीपनारायण



**गुमला।** केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक उरांव क्लब दुन्दरिया में उपाध्यक्ष जयप्रकाश उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्व समिति से सरहुल संचालन समिति का पुर्नगठन किया गया। गठित समिति में मंत्री चमरा लिंडा, सांसद सुखदेव भगत, विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व सांसद समीर उरांव, पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव व पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव को मुख्य संरक्षक, गंगाधर भगत, गिदवार अघन उरांव, पुनई उरांव, अरूण उरांव, विजय कुजूर, प्रदीप कुमार टोप्पो, महादेव उरांव, रवि लकड़ा, बली उरांव, कविता खलखो, रामजी तिग्गा, गौरव उरांव, हरि उरांव व जगन्नाथ उरांव को संरक्षक बनाया गया। वहीं जयप्रकाश उरांव को अध्यक्ष, सागर उरांव को कार्यकारी अध्यक्ष, माधुरी उरांव व जितिया उरांव, गोविंदा टोप्पो, हंदु भगत, मंगलाचरण उरांव, बसंत उरांव, प्रदुम्न भगत को उपाध्यक्ष, दीपनारायण उरांव को सचिव, कमल उरांव, गौरी किंडो, सुनील उरांव, रामावतार भगत, देवराम भगत, तेम्बू उरांव, जितेश उरांव, शिवनंदन उरांव, खुदी भगत दुखी, देवेंद्र लाल उरांव, महेंद्र उरांव, अनिल उरांव, संजय किंडो व संजय भगत को सह सचिव, सुख बिहारी उरांव को कोषाध्यक्ष, महादीप कच्छप, कृष्णा उरांव, भैयाराम उरांव, महेश उरांव को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी समिति में 60 सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरहुल जुलूस में अबीर लगाना, नशापान करना व डीजे बजाना वर्जित रहेगा। बैठक में यह प्रस्ताव लाया गया कि जुलूस के दिन चार पहिया वाहन, बड़ी गाड़ियों को लोहरदगा रोड, जशपुर रोड, सिसई रोड व पालकोट रोड में नहीं घूसने दिया जाएगा। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की अगली बैठक 26 को होगी।

### सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे जल्द नहीं मिला तो होगा आंदोलन : विजय सिंह



**चैनपुर।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के बैनर तले बरवे मैदान से विशाल जुलूस निकालकर चैनपुर ब्लॉक के समक्ष बैंकों में जमा राशि के भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सहारा सहित सभी ननबैंकिंग में जमा पैसे जल्द नहीं मिला तो आंदोलन को हम मजबूर होंगे। विभिन्न ननबैंकिंग कंपनी में पैसा जमा करने वाले एकजुट नहीं होंगे तब तक भुगतान संभव नहीं है। सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि मेहनत का जमा पैसा लोगों को दिलाना सरकार की जिम्मेवारी है। सिंह ने गुमला में होनेवाली 23 फरवरी को शिविर व 5 मार्च को जिला मुख्यालय गुमला में विशाल चेतावनी मार्च को सफल बनाने एवं बजट सत्र के दौरान 19 मार्च को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च को सफल बनाने की अपील की। जुलूस प्रदर्शन के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जल्द भुगतान संबंधी मांग-पत्र माननीय मुख्यमंत्री को भेजी गई तथा 25 फरवरी को चैनपुर, डुमरी व जारी प्रखंड के जमाकर्ता को लेकर चैनपुर हाई स्कूल बरवे मैदान में दिन के 11 बजे से सम्मेलन आयोजित करने के अलावे कई कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। कार्यक्रम में प्रकाश उरांव, फबयानुस सारस, पूरन सिंह, राजकुमार राय, सुनील मिंज, संदीप केरकेट्टा, मनोज बाखला, जॉन मिंज, नीलिमा कुजूर, हेमा कुजूर, कमला देवी, विनीता देवी, सरोज देवी, सुषमा देवी के अलावे भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### के. राजू के झारखंड कांग्रेस प्रभारी बनने पर कांग्रेसियों ने किया हर्ष व्यक्त

**गुमला।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इसपर गुमला के कांग्रेसियों ने हर्ष प्रकट किया है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि के राजू गुलाम अहमद मीर की जगह लेंगे। आशा है कि जिस प्रकार गुलाम अहमद ने पार्टी की मजबूती के लिए काम किया और लोस व विस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया। उसी प्रकार के राजू भी पार्टी हित में कार्य करेंगे। उनके प्रभारी बनने से पार्टी को नई दिशा मिलेगी। हर्ष प्रकट करने वालों में सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, हेमावती लकड़ा, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील, हिमेश कुमार, अमर प्रदीप कुजूर, गुलाम सरवर आदि है।

# शहीदों की जन्मस्थली को दिलायेंगे विशेष पहचान : दीपिका पांडेय सिंह

## शहीद वीर बुधू भगत जयंती समारोह में शामिल हुईं मंत्री, मैना बगीचा में आयोजित हुआ विकास मेला सह समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** हर वर्ष की भांति इस बार भी अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती सह विकास मेला का आयोजन मैना बगीचा में आयोजित किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सांसद सुखदेव भगत व अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पूर्व मंत्री व अतिथियों द्वारा मैना बगीचा में वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि राज्य में जितने शहीदों की जन्मस्थली है वहां को विशेष पहचान दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। टीको, कुडू में शहीद वीर बुधू भगत, शहीद हलधर, गिरधर, रूनिया एवं झुनिया की शहादत स्थली को पर्यटन स्थल के रूप में राज्य सरकार पहचान दिलाएगी। नई पीढी के युवाओं को भी शहीदों के बारे जानना चाहिए। जहां-जहां शहीदों की याद में कार्यक्रम उनकी जन्मस्थली में आयोजित हो रहे हैं, सरकार ऐसे स्थानों में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। युवाओं को रोजगार दे रही है। आवास योजना, मईंया सम्मान योजना आदि से अच्छादित किया जा रहा है।

**टीको शहादत स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में करेंगे विकसित : सांसद**

सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कुडू प्रखंड के ग्राम टीको में वीर बुधू भगत, उनके बेटों व बेटियों के शहादत स्थल को राज्य सरकार के प्रयास से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे। यहां के बच्चों को राज्य के शहीदों के बारे उनके पाठ्य-पुस्तकों में ही जानकारी मिले, इसके लिए राज्य सरकार से बातचीत कर पाठ्य पुस्तक में इस अध्याय को शामिल कराया जाएगा। शहीद वीर-बुधू भगत ने लरका आंदोलन में बड़ी भूमिका निभायी। जल, जंगल और जमीन के लिए उन्होंने ना सिर्फ अपनी शहादत दी बल्कि उनके दो बेटों हलधर और गिरधर, बेटियों रूनिया और झुनिया ने भी अपनी शहादत दी। सांसद भगत ने कहा कि मैंने लोकसभा चुनाव के समय कहा था कि संसद में सबसे पहले मेरा मांग सरना धर्म कोड होगा जिसे मैंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सरना कोड को पास कर केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। लेकिन केंद्र की बहरी सरकार इसपर कोई करवाई नहीं कर रही है। हम मिलकर संघर्ष के रास्ते पूरी कोशिश करेंगे कि सरना कोड लागू हो जाए। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर, अशोक चौधरी, अजय शर्मा, रविन्द्र सिंह, पूर्व नप अध्यक्ष अनुपमा भगत, आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, सांसद के सुपुत्र अभिनव सिद्धार्थ, शाश्वत सिद्धार्थ, कुणाल अभिषेक, शाहिद अहमद बेलू, बारिश कुरैशी, नेसार अहमद, वीरेंद्र यादव, राजनील तिग्गा, सीताराम भगत, जफर खान,संजू साहू, राजू टाना भगत, रवि रोशन बेक, आयोजन समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यगण व जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**परिसंपत्तियों का वितरण**



कार्यक्रम में मंत्री द्वारा जेएसएलपीएस के 740 महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच 3.70 करोड़ रुपये, 39 स्वयं सहायता समूहों एवं 22 ग्राम संगठनों के बीच 33.70 लाख रुपये और 527 स्वयं सहायता समूहों के बीच 18.79 करोड़ रुपये की राशि चेक के माध्यम से वितरित की गई।



# अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की छंटनी कर योग्य को इसका लाभ दिया जाये : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

**मंत्री ने ग्रामीण विकास मनरेगा और पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की**



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य की ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने लोहरदगा परिसदन में विभाग के योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा में सर्वप्रथम मनरेगा में जिला परियोजना पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी। इसमें मनरेगा के बजट अंतर्गत व्यय किये गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ मानव दिवस सृजन, गांवों में संचालित योजनाओं, मनरेगा अंतर्गत मनरेगा सप्ताह की प्रगति, पोटो हो खेल विकास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की छंटनी कर योग्य को इसका लाभ दिया जाये। अगर बिचौलियों द्वारा किश्त की राशि के लिए पैसों की मांग करने की शिकायत आती है तो इसकी जांच करें और कार्रवाई करें। अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना है जिसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। सभी बीडीओ को ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा टोला चिन्हित करने का निर्देश दिया गया जहां पहुंच पथ नहीं है, ताकि वैसे क्षेत्रों में मिट्टी-मोरम का रास्ता उपलब्ध कराया जा सके। जहां अभी भी पोटो हो खेल विकास योजनाएं ली गयी हैं उन्हें जल्दी पूर्ण कराएं। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की योजनाओं, जल छाजन योजना, पंचायती राज की योजना की समीक्षा की गई। जिला में विभिन्न निमार्णाधीन सड़कों व पुलों की समीक्षा की गई। अधूरे सड़कों व पुलों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे।

# वीर बुधू भगत नें अंग्रेजों के खिलाफ कोल विद्रोह का किया था नेतृत्व : तेतरू उरांव

**बम्हनी बाईपास के पास अमर शहीद वीर बुद्ध भगत की मनाई गयी जयंती**



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** खोरा पंचायत के बम्हनी बाईपास के पास अमर शहीद वीर बुधू भगत की जयंती सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर सबसे पहले धूमा टाना भगत एवम खोरा मौजा के पहान हरि उरांव ने अमर शहीद वीर-बुधू भगत के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के सहायक प्राध्यापक डॉ तेतरु उरांव ने अमर शहीद वीर बुधु भगत के बारे में बताते हुए कहा कि उनका जन्म 17 फरवरी 1792 को सिलागाई गांव में हुआ था। जो रांची जिले के चान्हो ब्लॉक में है। वीर बुधू भगत ने अंग्रेजों के खिलाफ कोल विद्रोह का नेतृत्व किया था। जिनका क्षेत्र छोटानागपुर के रांची हजारीबाग पलामू तथा मानभूम तक फैला हुआ था। 1832 में बुधु भगत ने छोटानागपुर के आदिवासियों के साथ अंग्रेजों और जमींदारों के दमनकारी शासन के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। इस विद्रोह को लरका विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर सुरेंद्र टाना भगत, बुधू टोप्पो, हंदू भगत, गंगा उरांव, महेश उरांव, झिरका उरांव, महेंद्र उरांव, कुयूं उरांव, लक्ष्मण उरांव, चीलगू उरांव, विनोद भगत, अंकित तिर्की, आरती कुमारी, उर्मिला, प्रियंका कुमारी, नम्रता, लेंगा, गोंदल सिंह, विमला व कई लोग शामिल थे।

# शहवरण से चुने गये सदस्यों को चेंबर की बैठक में दिया गया प्रमाण पत्र

**व्यापारियों को भी चेंबर का प्रमाण पत्र इस सत्र का जल्द देने का निर्णय, होली मिलन समारोह आयोजित करेगा चेंबर**





खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स की द्वितीय बैठक चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में बस स्टैंड स्थित चेंबर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से पारित भी किया गया। सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पूर्व की बैठक की सम्पुष्टि की गई और किये गये कार्यों की जानकारी दी गई। अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित पदाधिकारीयों व सदस्यों का अभिनंदन किया। जिसके बाद शहवरण से लिए गए सदस्यों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वहीं अध्यक्ष ने इम्तियाज मिनी को पुनः मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की। वहीं महत्वपूर्ण एजेंडा व्यापारी सदस्यों को इस सत्र का सर्टिफिकेट वितरण किए जाने के बारे में था। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर सर्टिफिकेट वितरण का काम शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए क्षेत्रवार सदस्यों का सर्टिफिकेट कार्यकारिणी के सदस्यों को बांटने के लिए सौंपा गया और सभी सदस्यों को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ने पर भी सहमति बनी। दूसरे एजेंडा में उप समिति के बारे में चर्चा हुई। जिसपर अध्यक्ष ने जानकारी दी के 15 उप समिति बनाए गए हैं। जिसमें कार्यकारी के सदस्यों के साथ 12 अन्य सदस्यों को भी नामित किया गया है। सभी नए सदस्यों के बारे में जानकारी दी गई और उप समिति का पत्र उप समिति से संबंधित सदस्यों को सौंपा गया और कैसे चेंबर के पदाधिकारी के साथ तालमेल बनाकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों का निष्पादन करना है। इसकी जानकारी दी गई। बैठक में होली मिलन समारोह पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसका तिथि का निर्धारण अगली बैठक में किया जाएगा। उपाध्यक्ष राजेश लोहानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, दीपक गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य के मुन्नीलाल साहू, गुरमीत सिंह, दिलीप गुप्ता, राहुल केशरी, नीरज गुप्ता, शंकर लाल साहू, बाबू गुडलक, बृज फोगला, उपसमिति के शिवम जायसवाल, रवि गुप्ता, दीपक अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, पंकज सोनी, रूपक, मो शाहनवाज, दिनेश कुमार, आदि उपस्थित थे।

### जिला मुखिया संघ ने मंत्री को सौंपा सात सूत्री मांग पत्र, जल्द निर्णय की अपील



लोहरदगा। जिला मुखिया संघ ने जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव की अगुवाई में जिले के सर्किट हाउस में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात कर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से मुखिया संघ ने कहा कि योजना संबंधी मापी पुस्तक का सत्यापन पहले की तरह मुखिया और पंचायत सचिव करें। झारखंड राज वित्त आयोग की राशि जल्द पंचायतों को मिले, ताकि गांवों का विकास हो सके। संघ ने मांग की कि कार्यकाल के दौरान किसी त्रि-स्तरीय जनप्रतिनिधि की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर 30 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए, ताकि परिवार को सहारा मिल सके। मुखियाओं का मानदेय केरल की तर्ज पर 30 हजार रुपये किया जाए। कार्यकाल समाप्त होने के बाद विधायकों और सांसदों की तरह पेंशन भी मिले। बिना स्पष्टिकरण और जांच कमेटी के मुखियाओं की वितीय शक्ति जब्त न की जाए। पंचायत क्षेत्र में योजनाओं के तहत आवश्यकतानुसार मुखिया द्वारा सत्यापित गाड़ियों से बालू उठाव की अनुमति दी जाए। पंचायत क्षेत्र की सभी योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने का अधिकार मुखिया को मिले। संवेदक योजना शुरू करने से पहले हार्ड कॉपी में पूरी जानकारी मुखिया को दे। योजना बोर्ड में कार्यरत मुखिया का नाम अंकित किया जाए। संघ ने मंत्री से सभी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप उरांव, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, कामिल टोपनो, राजकिशन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

# करमटोली के अनाथ बच्चों का कोर्ट ने लिया संज्ञान

खबर मन्त्र संवाददाता





**गुमला।** जिला के करम टोली में अनाथ बच्चों के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने संज्ञान लेते हुए सचिव डालसा को घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस क्रम में सचिव रामकुमार लाल गुप्ता के निर्देश पर पीएलबी सदस्यों ने करमटोली गांव का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी लिया। गुमला शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 करम टोली बस्ती शनिचरावा महली के घर पीएलवी राजेश सिंह एवं प्रेम कुमार शाह पहुंचे। अनाथ बच्चों के परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना मृतक तेतरु महली की पत्नी का निधन पहले हो चुका है। परिवार में मृतक के पिता शनिचरवा महली तथा माता पैरों देवी हैं। स्व तेतरु महली के तीन बच्चे हैं जो अभी अपने दादा-दादी शनिचरवा महली व पैरों देवी के साथ रह रहे हैं। शनिचरवा महली रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करते हैं। पैरों देवी को वृद्धा पेंशन मिलता है। परिवार का राशन कार्ड है जिसे राशन मिलता है। राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा की बच्चों को स्पॉन्सरशिप से जोड़ा जाएगा तथा बड़ी बच्ची को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा ताकि उनकी देखरेख एवं शिक्षा पूरी हो सके। परिवार में जो भी सरकारी लाभ जिसके लिए वहे हकदार हैं वह उन्हें दिलाया जाएगा।

### घाघरा : युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के डुको गांव निवासी युवक रोहित लोहरा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ गांव पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित अपने नाना खदी उरांव के घर में बचपन से ही साथ रहता था। मृतक रोहित रविवार की रात 8:00 बजे खाना खाकर अपने रूम में सोने चला गया। वहीं सुबह नाना नानी द्वारा दरवाजा खुलवाया गया। लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर दरवाजा को धकेल कर खोल गया तो देखा कि रोहित रूम के अल्बेस्टर के पाइप पर दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

### 44वां एनटीपीसी जूनियर नेशनल चैंपियनशिप तीरंदाजी में कृष चंद्र देव को मिला रजत पदक



लोहरदगा। 44वां एनटीपीसी जूनियर नेशनल चैंपियनशिप तीरंदाजी कंपाउंड प्रतियोगिता में रजत पदक लाकर कृष चंद्र देव ने लोहरदगा जिला सहित झारखंड को गौरवान्वित किया है। कृष चंद्र देव तीरंदाजी के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। विगत 14 से 16 फरवरी तक पश्चिम बंगाल के बोलपुर में 44 में एनटीपीसी जूनियर नेशनल चैंपियनशिप तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कंपाउंड तीरंदाज कृष चंद्र देव ने मिक्स टीम में रजत पदक हासिल किया। मैन एवं वूमेन आर्चरी एसोसिएशन पश्चिम बंगाल चैंपियनशिप 2025 में पदक हासिल करने पर बिरसा आर्चरी केंद्र सिल्ली के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, प्रेसिडेंट नेहा महतो, राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो एवं कृष के माता-पिता भाई बहन के साथ सामाजिक संगठनों ने शुभकामनाएं दीं है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में कमिंस इंडिया लिमिटेड ने प्लेसमेंट ड्राइव का किया आयोजन

**सोलह विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेजों से 510 छात्रों ने कराया पंजीकरण**

>> 19 फरवरी को चयनित छात्रों को ऑन लाइन सूचित किया जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में सोमवार को कमिंस इंडिया लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों के लिए रोजगार का अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 16 विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेजों से 510 छात्रों ने पंजीकरण कराया। प्लेसमेंट ड्राइव की शुरूआत कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्री-प्लेसमेंट टॉक के साथ हुई। जहां कमिंस इंडिया लिमिटेड के मानव संसाधन टीम ने छात्रों को कंपनी, उसके कार्य संस्कृति और कैरियर की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कंपनी के प्रतिनिधि ने संभावित भर्ती के लिए उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी और मानव संसाधन साक्षात्कार आयोजित किए। चयन प्रक्रिया के परिणाम 19 फरवरी तक छात्रों को ईमेल के माध्यम से सूचित किए जाएंगे। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन कमिंस इंडिया टीम के प्रमुख प्रतिनिधि अदनान मोहम्मद ने की। कमिंस इंडिया तीन प्राथमिक व्यावसायिक इकाइयों इंजन, पावर सिस्टम और वितरण में काम करता है। जो ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए डीजल और प्राकृतिक गैस इंजन, साथ ही जनरेटर और पावर सिस्टम का निर्माण करता है। 1962 में स्थापित कंपनी लगभग 30 बिलियन डॉलर के वार्षिक राजस्व के साथ अपने क्षेत्र में लगातार अग्रणी रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज के निदेशक अभिजीत कुमार ने कैंपस ड्राइव में ऑनलाइन शामिल हुए और छात्रों की सफलता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय रोजगार सृजन में गुमला जिले की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रिंसिपल डॉ शिबा नारायण साहू ने प्लेसमेंट ड्राइव के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और छात्रों की लगन और कड़ी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी ब्रोतीश पालित, विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित थे।

# मशरूम की खेती करके किसान आर्थिक रूप से बन सकते हैं स्वावलंबी : महेंद्र भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



विशुनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों के किसानों को दिया गया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**गुमला।** जिले के किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने को लेकर नाबार्ड वाड़ी परियोजना के तहत विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर जिले के किसानों को धान व गेहूं की खेती के अलावे अन्य खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी नीमित गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव बेंदी, चम्पाटोली, चिंगरी, जेहनगुटवा के किसानों को एक दिवसीय मशरूम की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण किसानो को निःशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसानों को निःशुल्क स्पॉम भी दिया गया, ताकि वे इसकी खेती शुरू कर सकें। विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंन्द्र भगत ने कहा कि मशरूम की खेती एक नार्मल टेंपरेचर में भी हो सकती है। जिसका लगभग तापमान 20 से 25 डिग्री होता है। यदि हम तापमान को मेंटेन कर लेते हैं तो मशरूम की खेती में कोई परेशानी नहीं होगी। एक कमरे के अंदर 200 मशरूम के बैग आसानी से लगाया जा सकते हैं। जिसमें 5000 रुपए तक का खर्चा आता है और हमको 15 हजार से 20000 हजार का मुनाफा आसानी से मिल सकता है। वैज्ञानिक सुनील कुमार ने कहा इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। किसान प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने अपने घरों में जाकर ओयस्टर मशरूम और बटर मशरूम की खेती करेंगे। इसकी बाजार में काफी मांग है। जिसकी वजह से किसानों को कही और जाने की जरूरत नहीं होगी। जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगी और वे आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



पुराना कोर्ट गोलचक्कर पर भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष बाबा भीम राव अंबेडकर के समर्थकों ने उनकी आदमकद प्रतिमा लगायी है। यद्यपि यह सब-कुछ टाटा स्टील की अनुमति के बिना किया गया है किन्तु अंबेडकर के समर्थकों के लिए यह जगह अब बहुत महत्व रखता है।

# जानलेवा बनी अन्ना चौक से लेकर जेम्को शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क की बदहाली के खिलाफ उपायुक्त के पास पहुंचे लोग

- विधायक पूर्णिमा साहू के पहल पर प्रतिनिधिमंडल ने छह प्रमुख मांगों पर ज्ञापन सौंपकर ठोस समाधान की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर अन्ना चौक से टाटा पॉवर प्लांट, नुवोको सीमेंट कंपनी एवं टाटा मोटर्स के साउथ गेट होते हुए जेम्को शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में खड़े भारी वाहन एवं ट्रेलर जानलेवा साबित हो रहे हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। आम जनता और दो पहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता किसी जंजाल से कम नहीं रह गया है। जनहित के इस समस्या को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के पहल पर जमशेदपुर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन एवं जमशेदपुर पूर्वी के विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव के नेतृत्व में भाजपा एवं आजसू नेताओं के संग क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त अनन्य मित्तल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रेलरों और भारी वाहनों के कारण पैदल चलने वालों, स्कूल जाने वाले बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, भाजपा गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, भाजपा बमामाईंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, कमलेश सिंह, संजय सिंह, हेमंत खलखो, संतोष सिंह, अजय कुमार सिंह, रामबिलास शर्मा, अरविंद सिंह लोग मौजूद रहे।

### उपायुक्त को सौंपे गये ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने रखी प्रमुख मांगें



- **नो पार्किंग लागू किया जाये :** गोविंदपुर अन्ना चौक से लेकर जेम्को शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क के दोनों ओर खड़े ट्रेलरों और भारी वाहनों की पार्किंग पर पूरी तरह से रोक लगायी जाये। साथ ही, नो पार्किंग के बोर्ड लगाये जायें।
- **गति सीमा तय की जाये :** भारी वाहनों की अधिकतम गति सीमा 20 किमी/घंटा निर्धारित की जाये, ताकि दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके।
- **धूल-मिट्टी की सफाई हो :** नुवोको सीमेंट प्लांट से निकलने वाले हाईवा ट्रकों से सड़क पर जमा धूल-मिट्टी को नियमित साफ कराया जाए, ताकि सड़क पर धूल और फिसलन से होने वाली दुर्घटनाएं रोकी जा सकें।
- **सड़क पर लाइट की व्यवस्था हो :** टाटा मोटर्स, नुवोको सीमेंट प्लांट और पावर प्लांट द्वारा सड़क पर समुचित लाइट की व्यवस्था की जाए, विशेषकर बारीगोड़ा, जोजोबेरा, रहरगोड़ा, बामनगोड़ा और गदड़ा से गोविंदपुर तक, ताकि रात के समय होने वाली दुर्घटनाएं रोका जा सके।
- **बाईपास कॉरिडोर का निर्माण हो :** अन्ना चौक गोविंदपुर से शीघ्र पार्क होते हुए हाईवे तक एक बाईपास कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र किया जाए, ताकि भारी वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।
- **जनहित में कार्य करें कंपनियां :** जनहित में कार्य करें कंपनियां: टाटा मोटर्स, नुवोको सीमेंट प्लांट एवं पावर प्लांट को लोकहित में कार्य करने हेतु निर्देशित किया जाए, ताकि सड़क की व्यवस्था सुधारू हो सके और दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।

### हादसों का प्रमुख कारण बन रहे सड़कों के किनारे खड़े भारी वाहन : डॉ पवन पांडेय

**जमशेदपुर।** आज को एकशीर्ष युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कहा है कि जमशेदपुर शहर हादसों का शहर बनता जा रहा है। आए दिन शहर में बड़ी माल वाहक गाड़ियों से दुर्घटना में किसी ना किसी जमशेदपुर के आम शहरी की जान जा रही है। आबादी के बीचों बीच कई कंपनियां हैं। जिनके माल वाहक गाड़ियां आती जाती रहती हैं। कुछ गाड़ियों द्वारा निर्धारित नियमों की अवहेलना करने पर भी बड़े हादसे होते हैं क्योंकि यहां बड़ी आबादी के बीचों बीच गाड़ियों का परिचालन ड्यूटी और नो ड्यूटी के निर्धारित समय पर होता है। इससे हमेशा दुर्घटना को आमंत्रण बना रहता है। और आए दिन दुर्घटना होती है और लोगों की जान जाती है और फिर मुआवजा के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा प्रदर्शन किया जाता है और फिर मुआवजा और फिर मामले की लिपा पोती है और फिर शहर अगली दुर्घटना और फिर किसी शहरी की जान जाने के लिए तैयार रहता है।

## स्पीड न्यूज

### जुगसलाई : विवाद में युवक को गोली मारी,

जमशेदपुर। जुगसलाई थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती रोड में रविवार देर रात दो युवकों के बीच विवाद हुआ था और विवाद इतना बढ़ा कि एक ने दूसरे पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में मोहम्मद इसरार नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे टीएमएच में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस मामले की जांच में लग गई है मौके वारदात से खोखे बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि मोहम्मद इसरार ब्राउन शुगर का धंधा करता है। उस पर अपराधिक प्रवृति के भाकुड़ नामक युवक के द्वारा फायरिंग की गई है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था उसके बाद तकरीबन 14 राउंड फायरिंग हुई।

### मानगो : सुंदरबन फेज-2 गेट के पास मिला कंकाल

**जमशेदपुर।** मानगो के सुंदरबन फेज टू गेट के पास से एक कंकाल की बरामदगी से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। अब यह कंकाल किसकी है किसी को इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस को इसकी जानकारी मिलने पर इसे बरामद कर डीएनए टेस्ट कराने की प्रक्रियाओं पूरी की गयी है। वैसे कंकाल की बरामदगी के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। कंकाल के बारे में मानगो पुलिस का कहना है कि सालों पुरानी है। कंकाल में सिर्फ हड्डियां ही बची हुई है। घटना के पास से ही एक पुरानी फुलपैंट भी बरामद की गयी है। इससे भी कुछ साफ नहीं हो पा रहा है. कंकाल मिलने के बाद कोई दावेदार भी नहीं पहुंचा है।

### आदित्यपुर : जोस्ट कंपनी के मजदूर की तीन उंगलियां कटी

**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड के दुग्धा पंचायत स्थित जोस्ट कंपनी में कार्य के दौरान राजू मुर्मू नामक एक ठेका मजदूर की तीन अंगुली कट गयी। उक्त मजदूर के इलाज खर्च व स्वस्थ होने तक जीवन यापन के लिए वेतन देने की मांग को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदस्यों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इसकी जानकारी प्राप्त होने पर कंपनी प्रबंधन ने पहल करते हुए प्रदर्शन कर रहे जेएलकेएम नेताओ के साथ वार्ता किया। वार्ता के दौरान उन्होंने इस मुद्दे पर दस दिनों के भीतर समाधान का आश्वसन दिया। बताया गया कि बीते दस फरवरी को कार्य के दौरान उंक्त मजदूर की तीन अंगुली कट गई थी।

### राजद ने किया पूर्व सीएम कर्पूरी को नमन

गम्हरिया। राजद कैम्प कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित राजद के वरिष्ठ नेता अर्जुन प्रसाद ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर मालाकार, महिला जिला अध्यक्ष सुचिता बारिक, पुष्पा सिंह, मुकेश झा, यशोदा गोप, राजकुमारी सिंह, राकेश ठाकुर, सियाराम बैठा, राणा रजक, इंद्रजीत सिंह, अनुंजय सिन्हा, राजकुमार यादव आदि थे।

# शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, कृषि पर खर्च होंगी जिला खनिज फाउंडेशन की राशि

- मंत्री दीपक बिरुआ, सांसद जोबा माझी की उपस्थिति में हुई बैठक, लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा/जमशेदपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत चाईबासा में कोल्हान विश्वविद्यालय परिसर स्थित ऑडिटोरियम मंस राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ, सिंहभूम सांसद जोबा माझी, उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, डीएमएफटी- पश्चिमी सिंहभूम, श्री कुलदीप चौधरी, मझगांव, चक्रधरपुर, जगन्नाथपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक गण, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, सारंडा वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिरूप, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा व जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सेल/टाटा स्टील के प्रतिनिधि, 168 प्रभावित पंचायत के मुखिया गण, अन्य जनप्रतिनिधि गण की मौजूदगी में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी/न्यास समिति की बैठक आहूत की गयी।

उक्त समिति सदस्यों की उपस्थिति में आहूत बैठक के दौरान जिला अंतर्गत ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक विकास हेतु चयनित एवं विधिवत कार्यालय को प्राप्त योजनाओं में से खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के निर्धारित मानकों के अनुरूप योजनाओं को प्रस्तावित किया गया। इसके अलावा बैठक में डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं के सफलतम क्रियान्वयन से संबंधित कई अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

आज की बैठक में आधारभूत संरचना का विकास के तहत सड़क का निर्माण, पुल-पुलिया का निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्ताव रखे गए। बैठक के क्रम में पेयजल से संबंधित योजनाओं के तहत आगामी ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए पेयजल से संबंधित नई योजनाओं को लेने, साथ ही मौजूद जलस्त्रोत जैसे- नलकूप, चापाकल, जलमीनार आदि को तत्काल रूप से दुरुस्त करने, साथ ही पंचायत स्तर से निगरानी करने हेतु सभी पेयजल योजनाओं का जियो टैग करने और विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में शत-प्रतिशत पेयजल सुलभता संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। इसके अलावा बैठक में पर्यावरण संरक्षण, अवैध खनन पर पूर्णता लगाम लगाने हेतु ड्रोन बेस्ड सर्वे टेक्नोलॉजी का प्रयोग, प्रदूषण मापने हेतु सूचकांकों का प्रयोग, दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में वाइल्डलाइफ मॉनिटरिंग सिस्टम, घने जंगलों में जान माल की सुरक्षा के लिए हाई मास्क लाइट संबंधी प्रस्ताव भी रखे गये।





बैठक के पूर्व दीप प्रज्ज्वलित करते मंत्री दीपक बिरुआ, सांसद, विधायक व अन्य पदाधिकारी।

## एक नजर में

### ग्रासरूट्स स्पोर्ट्स प्रोग्राम को राष्ट्रीय खेलों में मिली शानदार सफलता



**जामाडोबा।** टन्नू कुमारी, जिनका प्रशिक्षण डिगवाडीह युवा विकास केंद्र में एथलेटिक्स में हो रहा है, ने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में पहली बार आयोजित मॉडर्न पेंटाथलन लेजर रन में रजत पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार और गांव का नाम रोशन किया, बल्कि कई युवा लड़कियों को खेल को एक उज्जवल करियर के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी दी है। तनु को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया और बधाई दी गई। मौके पर टाटा स्टील फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें संजय राजोरिया, जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन, श्वेता मिश्रा, हेड एडमिनिस्ट्रेशन, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील और राजेश कुमार, यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन, जामाडोबा शामिल थे। यह केंद्र उन्हें अपना कौशल निखारने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों में भाग लेने के लिए एक मंच देता है।

### एनआइटी जमशेदपुर में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शानदार शुभारंभ

**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर में आज दो फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एनआइटी अगरतला के निदेशक प्रोफेसर शरद कुमार पात्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआइटी इंदौर के प्रोफेसर रामविलास पचौरी थे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार ने अपने संबोधन में आज के परिवेश में अकके महत्व पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम के समन्वयक डॉ जयेंद्र कुमार डॉ प्रशांत कुमार एवं डॉ मृत्युंजय रावत के प्रयास की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में निरंतर करते रहने की सलाह दी। यह फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न राज्यों के 108 से अधिक फैकेल्टी ने रजिस्ट्रेशन किया है। पहला प्रोग्राम एआई बेस्ड इमेज प्रोसेसिंग बायोमेडिकल एप्लीकेशन एवं दूसरा प्रोग्राम नेक्स्ट जेनरेशन वॉयरलैस संसर नेटवर्क पर आधारित है इन दोनों प्रोग्राम का समापन 28 फरवरी को होगा यह फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ई एंड आइसीटी अकादमी एनआइटी पटना के द्वारा प्रायोजित है इस कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के छात्र आयुष अग्रवाल पंकज कुमार एवं अजीत कुमार का अहम योगदान रहा

### माई किडस प्ले स्कूल का 14वां स्थापना दिवस मना



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल - श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में माई किड्स प्ले स्कूल का 14 वां स्थापना दिवस सोमवार को विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। साल 2011 से स्कूल लगातार अपने मिशन एंड विजन पर काम कर रहा है 2011 से स्कूल छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास लगातार कर रहा है। डायरेक्टर और प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ केक कटिंग किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को केक और चॉकलेट्स वितरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, श्रीमती ईशा गोयल, स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था।

### इंदरजीत सिंह ने 23वीं बार किया प्लेटलेट्स दान



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आगाज के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने 23वीं बार प्लेटलेट्स दान किये। जैसा कि ज्ञात है एक जरूरतमंद मरीज जिनका इलाज सुचारू रूप से हो सके इसके लिये प्लेटलेट्स की आवशकता थी,ब्लड बैंक द्वारा इंदरजीत सिंह से संपर्क किया गया। इंदरजीत सिंह ने ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स दान किया। इससे पूर्व भी इंदरजीत सिंह 22 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके है। इंदरजीत सिंह ने कहा कि उनका आज का प्लेटलेट्स दान हजारीबाग निवासी शहीद सरदार करमजीत सिंह बक्शी के शहादत को समर्पित है। उनका बलिदान युवाओं को राष्ट्रीय भक्ति की प्रेरणा देने वाला है।

### फार्माशिस्ट की आकस्मिक मौत होने पर काउंसिल से मिलेगी एक लाख रुपये की मदद

**जमशेदपुर।** सोमवार को सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता श्री मनी मोहंती प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में पहली बार किसी फार्मासिस्ट के आकस्मिक मृत्यु होने पर फामेर्सी काउंसिल का तरफ से एक लाख रुपए का आर्थिक मदद मिलेगी। यह प्रावधान फामेर्सी काउंसिल आफ इंडिया की तरफ से दिया जाएगा। मोहंती ने निबंधक सह सचिव प्रशांत पांडेय का आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही उन्होंने फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य व सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह जी का भी आभार जताया है।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में नवम कक्षा के छात्र-अभिभावक काउंसलिंग

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल मे कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के बीच रांची से आए काउंसलर श्री विकास कुमार ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए मार्ग दर्शन दिये। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि दसवीं कक्षा के बाद विभिन्न क्षेत्रों में जाने का अवसर मिलता है। किस प्रकार बच्चों को इसके लिए तैयार करना ताकि वे अपने रूचि अनुसार अपने कैरियर को बनाए । विद्यालय के वैसे छात्र जो आलम्पियड में गोल्ड विजेता रहे उन्हें काउंसलर के हाथों पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह ने कहा हमारे विद्यालय में विशेष प्रतीभा को निखारा जाता है एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। समय समय पर इस प्रकार के काउंसलर को आमंत्रित किया जाता है ताकि छात्रों को अपना भविष्य में उच्च शिक्षा संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन मिलता रहे।

## इमैनुएल बैपटिस्ट चर्च, सीतारामडेरा में तीन दिवसीय महिला सम्मेलन 21 से

- शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव के तहत हो रहा आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इसी के मद्देनजर आने वाले 21, 22 एवं 23 फरवरी को झारखंड, ओडिशा, बंगाल एवं बिहार के मसीही महिलाओं के लिए तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सुबह 9 से दोपहर 1 तक का बृहत आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ प्रतिदिन संध्या 5:30 बजे से 9 बजे तक जमशेदपुर के सभी विश्वासियों के लिए एक आत्मिक जागृति सभा ₹इमैनुएल महोत्सव₹ का मुख्य आयोजन किया गया है। इस शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव में परमेश्वर के जीवित वचन को प्रचारित करने के लिए महान परमेश्वर के अभिषिक्त सेवक पास्टर अजीत होरो एवं सिस्टर आराधना होरो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से पधार रहे हैं। जो उपस्थित विश्वासियों को पवित्र बाइबल से इमैनुएल अर्थात परमेश्वर हमारे साथ विषय पर प्रकाश डालेंगे। उपरोक्त शताब्दी वर्ष इमैनुएल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आज इमैनुएल बैप्टिस्ट चर्च प्रांगण में आयोजन समिति की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई।



## बैठक में नागरिक सुविधाओं पर जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग, पथ परिवहन एवं नागरिक सुविधा की योजनाओ के प्रस्तावित योजनाओं से संबंधित जिला योजना चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त के अलावा जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय, उप विकास आयुक्त सह एडीएम लॉ एण्ड ऑडर अनिकेत सचान, अपर उपायुक्त श्री भागीरथ प्रसाद, जेएनएसी उप नगर आयुक्त श्री कृष्णा कुमार, टाटा स्टील के प्रतिनिधि तथा विधायक प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जमशेदपुर अंतर्गत शहरी निकाय क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग, पथ परिवहन एवं नागरिक सुविधा से संबंधित वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित योजनाओं पर चर्चा उपरांत कई योजनाओं पर सहमति प्रदान की गई। 15वें वित्त अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, स्वच्छता से संबंधित 50 सीएनजी वाहन, 4000 डस्टबिन, 2 लाख ई बॉल वाटर ट्रिटमेंट, 4 हजार लीटर फोगिंग मशीन हेतु प्रयुक्त केमिकल, 4 फोगिंग मशीन बाईक, 25 इरिक्शा कचरा उठाव वाहन, 250 पुराने वाहनों की मरम्मति की योजनाओं सहित फुट ओवर ब्रिज, फ्लाई ओवर, सड़क, पार्क मल्टी लेवल पार्किंग, वेंडर जोन, विवाह भवन आदि से संबंधित लगभग 16 योजनाओं की सहमति दी गयी।



## निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करें पदाधिकारी : रविशंकर

- सरायकेला में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला/जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार मे उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता मे कृषि एवं सम्बद्ध विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी तथा योजनावार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी को विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का विभिन्न माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर प्रभावी तरीके से योजनाओं का लाभ आम जनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा क्रम मे उपायुक्त नें निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध ङउउ का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा शत प्रतिशत योग किसानों को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को अन्य वैकल्पिक उपजाऊ खेती के लिए प्रेरित कर बीज उपलब्ध कराने को कहा।



## जमशेदपुर एफसी मोहम्मडन एससी के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 20 फरवरी को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में मोहम्मडन एससी के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह मुकाबला 20 फरवरी को शाम 7:30 बजे किशोर भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में होने वाला है। प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से मेन ऑफ स्टील एक अहम जीत हासिल करने और लीग तालिका में ऊपर चढ़ने के लिए दृढ़ है। जमशेदपुर एफसी ने आज फ्लैटलेट में अपने अंतिम ट्रेनिंग सेशन का समापन किया, जिसमें अहम मुकाबले से पहले अपनी रणनीति और रणनीति को दुरुस्त किया। टीम कल कोलकाता जायेगी, जहां मोहम्मडन एससी के खिलाफ अपनी पिछली जीत को दोहराना चाहेगी।



## भूमिज समाज की एकता और संस्कृति ही हमारी असली ताकत : संजीव सरदार

- भूमिज समाज का विशाल मिलन समारोह संपन्न
- समाज की एकता और संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**घाटशिला/जमशेदपुर।** घाटशिला के युक्तिडीह फुटबॉल मैदान में भूमिज समाज का विशाल मिलन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कलश यात्रा से हुई, जिसके बाद नाया/लाया दाराम की रस्म पूरी की गई। भूमिज समाज का पारंपरिक झंडा रोहण कर समाज के गौरवशाली इतिहास को याद किया गया। मुख्य कार्यक्रम में चुआड़ विद्रोह के महानायक वीर शहीद रघुनाथ सिंह भुमिज की प्रतिमा का अनावरण एवं पूजा-अर्चना कर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी।

मौके पर विशिष्ट अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार ने समाज को एकजुट रहने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ₹भूमिज समाज का इतिहास बलिदान, संघर्ष और स्वाभिमान से भरा पड़ा है। यह समाज कभी भी अन्याय और शोषण के आगे नहीं झुका। वीरों के इस समाज ने हमेशा अपनी पहचान बनाई है और हमें इसे आगे भी बनाए रखना है।

उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में समाज को संगठित रहने की सबसे अधिक आवश्यकता है। हमारी संस्कृति और परंपरा हमारी असली पहचान है। हमें इसे संजोकर रखना होगा और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना होगा। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक भागीदारी के माध्यम से हम अपने समाज को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। संजीव सरदार ने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज की समृद्ध परंपराओं को अपनाएं और अपनी मातृभूमि के लिए योगदान दें।

**शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया उद्घाटन, समाज की एकता को सराहा :** मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, भूमिज समाज ने सदैव अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया है और अपनी परंपरा को जीवंत रखा है। झारखंड सरकार समाज के इतिहास को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने पर कार्य कर रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने महान पूर्वजों के संघर्ष और योगदान से प्रेरणा ले सके।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में मांदर बजाते विधायक संजीव सरदार।

# गोड्डा : अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने बच्चियों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** जिला मुख्यालय में लड़कियों के सुरक्षा के लिए अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की ओर से कैंडल मार्च निकालकर सिस्टम को संदेश देने का काम किया गया है। मुख्यालय के गुलजारबाग मोहल्ले के कुशवाहा भवन से कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा की ओर से किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र बनारस में नीट की तैयारी कर रही थी। समाज की इस बिटिया इस देश में अन्याय हुआ है। बताया कि यूपी के बनारस में स्नेहा कुशवाहा के साथ बलात्कार किया जाता है, फिर उसकी हत्या कर दी जाती है। इसके अलावा झारखंड के जामताड़ा में एक 10 वर्षीय बच्ची के रेप के बाद उसका भी मर्डर कर दिया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दलित पिछड़े आदिवासियों पर यह घटनाएं आम है। आपका और हमारा यह कर्तव्य की ऐसी घटनाओं का प्रतिकार करें और स्नेह कुशवाहा व जामताड़ा के दस बर्षी बच्ची के साथ जो जघन्न अपराध घटित हुआ है को न्याय दिलाने के लिए समाज सहित शहर के प्रबुद्धजनों की ओर से कैंडल मार्च निकालकर बिटिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम किया गया। देश व प्रदेश के सिस्टम में बैठे हुक्मरान को बिटिया को सुरक्षित करने के दिशा में कठोर कदम उठाने एवं बेटियों न्याय दिलाने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है। उक्त कैंडल मार्च कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ सदानंद महतो, कार्यकारी अध्यक्ष सुबोध पंजियारा, प्रमंडलीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, उपाध्यक्ष अनुपलाल वगवै, कुंदन बैद्ध, दिलीप कुशवाहा, युवा अध्यक्ष मनोज मंडल, बसंत माल, अरुण कापरी, विवेक कुशवाहा, पप्पू मंडल, त्रिवेणी कुशवाहा, अमरेन्द्र कुमार अमर तथा प्रदेश सचिव मनोज कुशवाहा उपस्थित हुए।

# विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति ने एसडीओ को 13 सूत्री मांगपत्र सौपा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट।** अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में सोमवार को बेरमो अनुमंडल विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले विभिन्न विस्थापित संगठनों के लोगो ने बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ को तेनुघाट-कोनार डेम बांध परियोजना तथा तेनुघाट, बोकारो थर्मल और सीटीपीएस थर्मल पॉवर प्लांट के विस्थापितों से संबंधित 13 सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपने वालों में विस्थापित नेता भुवनेश्वर केवट, उमाचरण रजवार, बालेश्वर यादव, छत्रधारी ठाकुर, रुस्तम अंसारी, पवन ठाकुर, छोटेलाल बेसरा, राजेश नायक व कई नेता शामिल थे। विस्थापितों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी से मांग करते हुए कहा गया है कि सरकार के द्वारा विस्थापन आयोग का अभिलंब गठन किया जाए। विस्थापित परिवारों को जमीन अधिग्रहण के एवज में नौकरी दिया जाए एवं राज्य के सभी बहालियों में विस्थापित परिवारों के लिए 75 प्रतिशत पद आरक्षित किया जाए। पुनर्वास क्षेत्र में बसाए गए विस्थापित परिवारों को दिए वासगीत पर्चा के आधार पर जमीन का मालगुजारी रसीद निर्गत किया जाए एवं पुनर्वास से वंचित विस्थापित परिवारों को पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। जमीन अधिग्रहण के एवज में बकाया मुआवजा का वर्तमान बाजार दर से अविलंब भुगतान किया जाए। साथ ही सभी विस्थापित परिवारों को विस्थापित प्रमाण पत्र जारी किया जाए। तेनुघाट और कोनार डेम बांध के पानी से चलने वाले बोकारो स्टील प्लांट और बीटीपीएस की बहालियों में स्थानीय विस्थापितों को नियोजन की गारंटी किया जाए। उन्होंने कहा है कि इन परियोजनाओं के लिए जिस उद्देश्य से भूमि अधिग्रहित की गई है, इसका उपयोग भी इसी काम के लिए किया जाय। वहीं इस संबंध में एसडीओ ने विस्थापितों से कहा है कि वे इस संबंध में कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों के पास पत्राचार करेंगे।

## एक नजर में

### भाजपा का संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का ऊपरघाट में किया गया आयोजन



बेरमो। बोकारो थर्मल स्थित पिलपिलो में भाजपा ऊपरघाट मंडल उपाध्यक्ष मनोज महतो के आवास में रविवार को भाजपा संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता ऊपरघाट भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने किया। वहीं मुख्य अतिथि भाजपा ऊपरघाट मंडल प्रभारी निर्मल महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। निर्मल महतो ने कहा कि जिसको भी जो दायित्व मिला हैं। उसे हर हाल में अपना कर्तव्य ईमानदारी पूर्वक निभानी हैं और जो डमी चेहरे हैं उसे जांच कर एक्टिव सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दिया जाये। जिससे भाजपा का संगठन मजबूत हो सके। महतो ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान निरंतर चल रहा हैं। इसमें सभी भाजपा के पदाधिकारियों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए। भाजपा ऊपरघाट मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने संगठनात्मक तरीके से दिल्ली में प्रचंड जीत हासिल किया हैं। आने वाले समय में झारखंड के साथ पूरे देश में भाजपा की सरकार बनना तय हैं। केवल भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की जरूरत हैं। वहीं ऊपरघाट के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सदस्यता सह प्रभारी रामचंद्र महतो ने कहा कि ऊपरघाट में अवैध कोयले की तस्करी खुलेआम चल रही हैं। इस पर स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रदेश की निकम्मी सरकार भी मौन हैं। इस पर बहुत जल्द ऊपरघाट भाजपा इकाई अवैध कोयले की तस्करी पर रोक लगाने का काम करेंगी। मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो, मंडल उपाध्यक्ष मनोज महतो, टेकलाल सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री धनंजय महतो, भागीरथ महतो, चोलेश्वर महतो, एसटी मोर्च के गोविन्द किस्कू, सुजीत सिंह, बलराम साव, रतन ठाकुर, अजय नायक आदि उपस्थित थें।

### चिन्मय विद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में प्राचार्य समेत रक्तवीरों ने किया रक्तदान



बोकारो। नगर के स्थानीय सेक्टर पांच स्थित चिन्मय विद्यालय बोकारो के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की संस्था चिन्मय विद्यालय एलुमिनी एसोसिएशन एवं रेडक्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से 10वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षकों अभिभावकों एवं शहर के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में लगभग 60 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार के साथ एलुमिनी एसोसिएशन के रणजीत कुमार शशिकांत डॉ पल्लव संजीव मिश्रा चंदन भाटिया अंकित जैन अभिषेक सिंह विनय सिंह शैवाल गुप्ता नम्रता सोनाली गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर उसके जीवन की रक्षा की जा सकती है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। सभी रक्तदाता को रक्तवीर कहकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसाइटी बोकारो के वासुदेव मिश्रा ज्योति प्रकाश द्विवेदी राजकुमार रंजन कुमार ब्रह्मदेव प्रसाद इशिका राहुल कुमार एवं पप्पू उपस्थित रहे।

### मुनिबाबा कुटिया मंदिर परिसर में शिव-पार्वती की प्रतिमा का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

दुमका। सार्वजनिक मंदिर मुनिबाबा कुटिया, रसिकपुर में धूमधाम से शिव-पार्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को हुआ। अहले सुबह श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाल मंदिर पहुंचे। जहां गणेष पूजा, कलश मंडप पूजन, नवग्रह पूजन समेत अन्य पूजा संपन्न हुआ। उसके बाद जलाधिवास आदि पूजन करा प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसके बाद कुवांरी भोजन, ब्राह्मण भोजन एवं महाप्रसाद वितरण से पूजा संपन्न हुआ। यहां बता दें कि वर्षो पुरानी मुनिबाबा कुटिया मंदिर परिसर में गणेश प्रतिमा, बजरंगबली की प्रतिमा आदि स्थापित है। इसके बाद शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित किया गया। आयोजन में मोहन सिंह आदि की भूमिका रही।

### शकूर अंसारी समेत दर्जनों ने माकपा छोड़ थामा भाकपा (माले) लिबरेशन का दामन



बोकारो/कसमार। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कसमार प्रखंड सचिव शकूर अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता माकपा छोड़ कर भाकपा (माले) लिबरेशन में शामिल हो गये। भाकपा माले कसमार प्रखंड कमिटी द्वारा खैराचातर के बगियारी बीट कार्यालय में आयोजित एक समारोह में जिला सचिव देव द्वीप सिंह दिवाकर राज्य स्थायी कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट प्रखंड सचिव गंगाधर महतो की मौजूदगी में माले में शामिल होने वाले सभी नेताओं कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता व शपथग्रहण का पाठ कराया गया। तत्पश्चात सभी नेताओं कार्यकताओं को माले नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि देश के हिंदी भाषी क्षेत्रों में भाकपा माले लाल झंडे में सबसे मजबूत ताकत के रूप में उभरी है। सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारे के लिए माले जैसी क्रान्तिकारी मजबूत धारा के साथ वामपंथी शक्तियों की एक जुटता आज के बदलते राजनीतिक दौर में जरूरी है। माले जिला सचिव देव द्वीप सिंह दिवाकर ने कहा कि बजट में शिक्षा मद में कटौती किया गया है। रोजगार के सवाल पर बजट में कोई विशेष जोर नहीं दिया गया है। भाकपा-माले में शामिल हुए शकूर अंसारी ने कहा कि कसमार प्रखंड में अभी भी बहुत कुछ नहीं बदला है। घिसेपिटे तरीके से राजनीति करने के बजाय अब मजबूत तरीके से जन सवालों पर आवाज बुलन्द करने के लिए माले में शामिल होने का निर्णय लिया हूं। भाकपा माले में शामिल होने वालों में प्रखंड सचिव साथी शकूर अंसारी उमाशंकर महाराज मुमताज अंसारी प्रेमचंद घासी सहदेव महतो महफूज अंसारी जुगल करमाली अरुण महतो साहबान अंसारी निजामुद्दीन अंसारी बादल जायसवाल शामिल हैं। मौके पर भाकपा माले नेता गंगाधर महतो अभिलास भगत जब्बार अंसारी राजू महतो नित्यानंद महतो नरेश ठाकुर लोकनाथ सिंह गोबिंद गंझू सुरेश गंझू मृत्युंजय महतो साधु चरण महतो आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### ढोरी बस्ती में नवयुवक संघ ने मनाया संत शिरोमणि रविदास की जयंती



बेरमो/फुसरो। फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी बस्ती रेहवाघाट में सोमवार को नवयुवक संघ की ओर से संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक शिवलाल रवि व संचालन भीम आर्मी जिलाध्यक्ष गोर्वधन रविदास ने किया। आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत के आध्यात्मिक ज्ञान से जो प्रकाश समाज को मिला है, इसका लाभ उठाना चाहिए। संत रविदास ने जाति और भेदभाव रहित समाज निर्माण पर बल दिया था। मुख्य अतिथि बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि संत रविदास व्यक्ति नही विचारक थे। वे भगवान के प्रति इतना निष्ठा रखते थे कि उसे पा लिए। वे सामंतवादी प्रर्था के प्रति लड़ाई लडे। संत के प्रेरणा के चलते सामाज को आरक्षण मिला। संत रविदास से प्रेरणा लेकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम ने कहा कि गुरू रविदास के जीवनी को बताते हुए कहा कि वे सामाज के भलाई के लिए काफी कार्य किए है। कार्यक्रम को भाजपा नेता ओमशंकर सिंह, भाजपा फुसरो नगर मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, बसपा जिलाध्यक्ष फुलचंद रविदास, भीम आर्मी फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, श्रीकांत सिंह यादव, मनोज शर्मा, चंदन राम, संतोष रवि, डालेश्वर रवि आदि लोगो ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरज रवि, जुगल रवि, संतोष रवि, किशोर रवि, डालेश्वर रवि, कारू रवि, सोहन रवि, जानकी रवि, रवि कुमार, अरूण, अनिल, बबलू, संजय, रति आदि लोगो का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : सड़क दुर्घटना में एक की मौत

बेरमो। डुमरी के एन एच 19 हेठनगर के समीप सड़क पार करने के दौरान एक बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि मृतक बाइक से इसरी बाजार से हेठनगर जा रहा था तभी सड़क पार करने के दौरान पहले एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। जिससे वह सड़क पर ही गिर गया। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने घायल के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दी है। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पुलवामा के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



बोकारो। कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए भारत के वीर जवानों को राष्ट्रीय बजरंग दल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जैनामोड़ चौक पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बोकारो जिला अध्यक्ष विजय सिंह जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष सौरभ ठाकुर व राजकुमार तथा सक्रिय सदस्य सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा।

### स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता महाकुंभ स्नान के लिए रवाना



बोकारो। स्वदेशी जागरण मंच के 40 कार्यकर्ताओं का एक समूह महाकुंभ स्नान के लिए बोकारो से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। इस समूह का नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सम्पर्क प्रमुख अजय कुमार चौधरी एवं जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा कर रहे हैं। मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि मंच के कार्यकर्ता हर घर स्वदेशी व युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार एवं उद्यमिता आयोग बनाने के उद्देश्य के प्रचार प्रसार हेतु अपने साथ कई पत्रक ले जा रहे हैं जिसे वह पूरे रास्ते वितरण करते हुए जाएंगे। सिंह ने बताया कि प्रयागराज जा रहे मंच के कार्यकर्ता स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित कैंप में ठहरेंगे। जो महाकुंभ मेला परिसर में ही बना है और सनातनियों को सेक्टर वन में अपनी सेवा दे रहे हैं।

### दुमका: किशोर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

दुमका। शहर के कुम्हारपाड़ा मुहल्ले के सुनसान जंगल के एक पेड़ से लटकता 15 वर्षीय किशोर का शव सोमवार को बरामद हुआ। शव की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा के शिवसुंदरी रोड निवासी मो मुन्ना के पुत्र मो वासिद के रुप में हुई है। परिजनों ने बताया कि किशोर रविवार की शाम से लापता था। उसके पिता ने बेटे की काफी तलाश की। लेकिन वह नहीं मिला। दोपहर के करीब 12 बजे पिता बकरी लाने के लिए जब उक्त जंगल की ओर गए तो देखा कि बेटे का शव एक पेड़ से लटक रहा है। लोग जुट गए और शव को उठाकर पीजेएमसीएच लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। नगर थाना की पुलिस ने किशोर के परिजनों से लिखित आवेदन लेकर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए भेज दिया।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र ने चलाया 'श्रमिको के द्वार' कार्यक्रम

# संस्थान और श्रमिक संगठन के लिए मजदूर रीढ़ की हड्डी होते हैं : विजय सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रमिकों के द्वार कार्यक्रम चलाया गया। राकोमयू के प्रतिनिधिगण जारंगडीह कोलियरी परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले बाबू क्वार्टर पहुंचे। यहां श्रमिकों के आवासीय कॉलोनी का मुआयना किया। यहां निवास करने वाले श्रमिकों से बातचीत करते हुए इस बात की जानकारी प्राप्त करने का कार्य किया कि प्रवधान द्वारा प्रदत मूलभूत सुविधा मिल पा रही हैं कि नही। कई श्रमिकों ने अपने आवास की परिस्थिति, कॉलोनी में ब्याप्त कूड़े करकट और नाली की सफाई से संबंधित समस्याओं को रखने का कार्य किया। श्रमिक नेताओं ने असैनिक विभाग के अधिकारियो को इन समस्याओ का समाधान करने की बात कही। इसके बाद श्रमिक प्रतिनिधि जारंगडीह अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सक और नर्स के नही होने की जानकारी मिली। श्रमिक प्रतिनिधियों ने लोगो को अश्वस्त किया कि इस मामले को लेकर क्षेत्र के महाप्रबंधक सहित सीसीएल के सीएमड़ी और डीपी से बात करके इसके लिए पहल की जाएगी। वही जारंगडीह के 16 नंबर इलाका में पेयजल की समस्या से अवगत हुए। असैनिक विभाग के अधिकारियो ने बताया कि टेंडर का कार्य पूर्ण हो चूका हैं। जल्द ही काम का एवार्ड करके इस इलाका में पेयजल समुचित रूप से मिल सके इसके लिए कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यहां संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संस्थान और श्रमिक संगठन के लिए मेहनतकस मजदूर जमात रीढ़ की हड्डी होते हैं। उन्हें प्रवधान के अनुरूप सुविधा और कार्य के दौरान मानसिक शांति रहे इसके लिए उनकी समस्या का समाधान होना ही चाहिए। यूनियन के प्रतिनिधि श्रमिको तक पहुंचने का यह अभियान और उनको माकूल रूप से सुविधा मिले इसके लिए प्रयास जारी रखने का काम करते रहेंगे। इस दौरान स्टॉफ अफसर असैनिक संजय कुमार सिंह, परियोजना अभियंता असैनिक मो फिरदौस, ओवरसियर सुजीत कुमार ने पूरी वस्तुस्थिति को श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ देखने का कार्य करते हुए समस्याओ को जल्द समाप्त कर देने की बात कही। इस अवसर पर जारंगडीह शाखा के सचिव खगेश्वर रजक, भीम चौहान उर्फ छोटू, ओमप्रकाश रजक, जेजे सांगा, रफीक आलम, दिनेश कुमार, कथारा कोलियरी के सतीश वर्णवाल, सुधीर सिंह, कृष्ण दयाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### अमलो मे इनमोसा की बैठक में आंदोलन की सफलता पर चर्चा



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी एरिया के एएडीओसीएम में इनमोसा की बैठक की पवन सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन जयराम सिंह ने किया। मौके पर ने इनमोसा द्वारा चार चरणों में सीसीएल स्तरीय आंदोलन पर चर्चा की. उन्होंने बताया गया कि नौ सूत्री मांगों को लेकर 24 फरवरी को पीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन, तीन मार्च को महाप्रबंधक कार्यालय में प्रदर्शन, 10 मार्च को सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में धरना-प्रदर्शन व 24 से 26 मार्च तक सभी माइनिंग स्टाफ सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वरीय ओवरमैन अशोक कुमार सरकार के सेवानिवृत्ति पर 28 फरवरी को सम्मान समारोह सेंट्रल कॉलोनी स्थित ऑफिसर्स क्लब में आयोजित की गई है। इस अवसर पर तुलसी महतो, राजेश कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार, शशांक शेखर, धर्मेंद्र रावत, दीपक कुमार, श्री राम कुमार, जितेंद्र कुमार, राजेश रोशन महतो, मो अनवर हुसैन, अरविंद कुजूर, विनोद कुमार, रविंद्र कुमार मंडल, लालदेव रजक, गौतम प्रसाद बाउरी आदि उपस्थित थे।

# दुमका : रेशम कृषकों का प्रमंडलीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में संथाल परगना के रेशम सहायक उद्योग निदेशक के तत्वाधान में प्रमंडल स्तरीय एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित रेशम कृषकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएसबी के वैज्ञानिक सी मजूमदार ने कोकून के अनुरक्षण एवं अच्छी गुणवत्ता के रोग मुक्त चकत्ते पर विशेष प्रस्तुति की गई। कृषि वैज्ञानिक द्वारा मिट्टी एवं अर्जुन के पौधे पर विशेष परिचर्चा किया गया। आईटीडीए निदेशक रवि जैन ने बताया गया कि वन-धन योजना जो आईटीडीए से संचालित होती है, से किसानों को सम्मलित कर धागे एवं अन्य वैल्यू एडिशन का कार्य कराया जा सकता है। जिससे किसानों की आया में वृद्धि होगी। जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक ने बताया गया कि कोकून को नहीं बेच कर इसे धागा उत्पादन कर बेचने का कार्य किया जाये। जिससे किसानों को ज्यादा आमदनी मिल सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने अर्जुन के पेड़ का रोपण कर तसर उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जेएसएलपीएस के डीपीएम के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रेशम को कोए उत्पादन को और बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला को रवि शंकर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बेरमो : रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक सह वनभोज का आयोजन

बैठक में प्रदेश के विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों से जुटे विस्थापित नेतागण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** रैयत विस्थापित मोर्चा की केन्द्रीय समिति की बैठक सह वनभोज का आयोजन सोमवार को गिद्दी के साधु कुटिया मैदान में आयोजित की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय महासचिव शैयनाथ गंझु व संचालन केन्द्रीय उपाध्यक्ष मो इकबाल अहमद के द्वारा किया गया। इस बैठक में प्रदेश के लगभग तमाम कोलियरियो से मोर्चा के नेतागण उपस्थित हुए। बैठक में विस्थापितों के विभिन्न मुद्दों पर गहण मंथन के साथ साथ कई एजेंडो पर भी चर्चा हुई जिसमें संगठन को मजबूत बनाने, विभिन्न परियोजनाओं के विस्थापितों के हक अधिकार, नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार, सीएसआर, डीएमएफटी फंड, गैरमजरुआ भूमि पर नौकरी, वन पट्टा, रोड सेल, ठेका पट्टा आदि क्षेत्रों में विस्थापितों की सम्मान जन हिस्सेदारी आदि मुख्य मुद्दे बैठक में चर्चा का विषय रहा और उपरोक्त तमाम मांगो की प्राप्ति के लिए मोर्चा द्वारा पहल करते हुए संघर्ष, आंदोलन की रुप रेखा भी तैयार की गई। इस बैठक में जारंगडीह शाखा के अध्यक्ष इस्लाम अंसारी के अलावे दर्जनों लोग भी शामिल थे जिन्होंने बैठक में जोरदार तरिके से क्षेत्र की विस्थापितों की समस्याओं व सीसीएल प्रबंधन की शोषण नितियो को उठाने का काम किया। इस बैठक में मोर्चा के उपरोक्त नेताओं के अलावे गुरुदयाल साव, इस्लाम अंसारी, मो तसदीक, विनोद कुमार गंझू, सुभाष यादव, विश्वजीत उरांव, राजकुमार उरांव, रामू उरांव, राजेश बेदिया, जियाउल अंसारी, वसीम अंसारी, सबीर अंसारी, लखन भोक्ता, दीपा देवी, विगन सिंह, सोना राम मांझी आदि लोग उपस्थित थे। बैठक उपरांत लोगो ने वनभोज का आनंद लिया। जबकि मौके पर पहुंचे मोर्चा के केंद्रीय नेताओं ने कहा कि वनभोज तो महज एक मिलने मिलाने का बहाना मात्र है दरअसल मोर्चा का इस कार्यक्रम के पिछे बस एक ही मकसद है कि तमाम क्षेत्रों से नेतागण पहुचे और अपने अपने क्षेत्र की समस्या से समिति को अवगत करवाये ताकि उसे ध्यान में रखकर विस्थापितों के उत्थान के लिए रणनीति तय की जा सके।

# संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो का होली मिलन सह स्थापना दिवस समारोह नौ मार्च को

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** संपूर्ण विप्र समाज बोकारो जिला द्वारा स्थानीय पुस्तकालय मैदान जनवृत 5 में समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिवाकर दुबे की अध्यक्षता में 9 मार्च को आयोजित होने वाले विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस के लिए 11 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया जिसका नेतृत्व ज्योति प्रकाश द्विवेदी करेंगे। संचालन समिति के अन्य सदस्यों में अर्चना चौबे मिली चौबे, दिवाकर दुबे, श्रवण कुमार झा, वीरेंद्र चौबे, बबलू पांडेय मृणाल, मनीष पांडेय, संजय पांडेय विजय त्रिपाठी एवं मनोज पांडेय शामिल हैं। संचालन समिति के कार्यों को गति देने के लिए गठित पांच सदस्यीय मार्गदर्शक समिति में विमलेश पांडेय, सोमनाथ पांडेय शैलेंद्र तिवारी, अखिलेश ओझा एवं अक्षय दुबे शामिल हैं। महासचिव श्रवण कुमार झा एवं सचिव वीरेंद्र चौबे ने बताया कि समारोह का शुभारंभ आराध्यदेव भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना एवं वेद मंत्रों से की जाएगी तथा पूरे विश्व के कल्याण एवं शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व होली गायन तथा समाज की भावी योजनाओं पर चिंतन के साथ ही इस समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों से खेली जाने वाली होली होगी। बैठक में संपूर्ण विप्र समाज के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल एवं प्रदेश महासचिव-संगठन मृणाल कांत चौबे सहित अशोक पांडेय, कुंदन उपाध्याय राममूर्ति पाठक, सरोज तिवारी उमेश चंद्र दुबे, वीरेंद्र नाथ तिवारी एवं अर्जुन पांडेय उपस्थित रहे।

फोटो क्रमांकः ल्ली६२-317अ

# अम्बिका पब्लिक स्कूल में विज्ञान कला व साहित्य प्रदर्शनी आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अम्बिका पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में आयोजित विज्ञान, कला और साहित्य प्रदर्शनी का उद्घाटन जीजीपीएस के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती व प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने किया। चक्रवर्ती ने प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी प्रकार नवीन विचारों और नवाचार में प्रयास करते रहना चाहिए। स्कूल के प्राचार्य विजय सौरभ ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि प्रदर्शनी छात्रों को प्रतिभा दिखाने का मौका है। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी सिंह और योगदान अंजू कुमारी हर्षा चौबे संजय सिंह मीना तिर्की पूजा गोस्वामी इस्मिता तिर्की सुनीता प्रीति दिनेश शर्मा संजय रवानी कंचन शर्मा जसवंती तिग्गा आभा टोप्पो सुनील वर्णवाल शालिनी सिंह तथा सुमन कुमारी ने किया।

# चीन दुश्मन नहीं, भारत को बदलना होगा नजरिया : पित्रोदा

▸▸ राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा, चीन से खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है

▸▸ कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें। पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है, सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए, यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होना चाहिए। सैम पित्रोदा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है।

मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें 'कमांड और कंट्रोल' की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा कि चीन चारों ओर है... चीन बढ़ रहा है... हमें इसे पहचानना और समझना होगा। हर देश आगे बढ़ रहा है, कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा, और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी। जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी। हमें इन सब चीजों को एक साथ देखना होगा।

पित्रोदा की यह टिप्पणी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक के बाद आई है, जिसमें भारत-चीन सीमा तनाव पर चर्चा हुई थी।

कांग्रेस ने चीन को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया हैं।

पार्टी महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस का बयान नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से कांग्रेस के विचार नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा कि चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### कांग्रेस-चीन की दोस्ती काफी पुरानी : भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के बयान को गलवान घाटी में शहीद हुए जवानों का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और चीन की दोस्ती काफी पुरानी है। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने पीपुल्स लिबरेशन पार्टी ऑफ चाइना के साथ एक गुप्त संधि पर भी हस्ताक्षर किए हैं। राजीव गांधी ने चीन से फंड लिया था। जवाहर लाल नेहरू ने अक्साई चिन और यूएनएससी में भारत की सीट चीन को दे दी।

## महाकुंभ में अब तक 54.31 करोड़ से अधिक श्रद्धालु ने लगायी डुबकी

**महाकुंभ नगर ।** प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा है। सोमवार रात 08 बजे तक 1.35 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। अपर मेला अधिकारी महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुम्भ में 17 फरवरी तक 54.31 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुकें है, तीर्थयात्रियों का तांता लगा हुआ है। सुरक्षा के मद्देनजर सभी स्नान घाटों पर बचाव रात दल, जल पुलिस एवं गोताखोर निगरानी में लगे हुए। भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए घाटों से स्नान कर चुके श्रद्धालुओं को हटाने के लिए बाहर निकाला जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला

नयी दिल्ली। राजधानी में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मामले को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित कर समन्वय और सामूहिक रूप से काम करने का केंद्र समेत सभी राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में केंद्र सरकार और राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 2014 में ह्यकार्यक्रमों और सामूहिक समारोह स्थलों पर भीड़ का प्रबंधनह्न शीर्षक से तैयार की गई रिपोर्ट के कार्यान्वयन और विचार के लिए निर्देश देने की मांग की गयी है।

### इजरायल ने लेबनान में किया हमला

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने दोनों देशों के बीच एक नाजुक युद्धविराम के बीच रविवार शाम कहा कि उसके युद्धक विमानों ने लेबनान में साइटों पर हमला किया, दावा किया कि वे हिजबुल्लाह सैन्य ठिकाने थे जिनमें रॉकेट लॉन्चर और हथियार थे। युद्धक विमानों ने दो हवाई हमले हरबता शहर के बाहरी इलाके में किए और तीसरा हवाई हमला हलबता शहर पर किया, दोनों पूर्वी लेबनान में उत्तरी बेका घाटी में स्थित हैं।

### नयी दिल्ली स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट पर रोक

नयी दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ की घटना के बाद रेलवे ने भीड़ प्रबंधन के तहत कड़ा फैसला लिया है। रेलवे मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को घोषणा की कि अगले एक सप्ताह तक रोजाना शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक रहेगी। शनिवार रात को स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ मच गई थी, जिसमें 18 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस घटना के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### मिस्र में इमारत ढहने से 10 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के गीजा प्रांत में सोमवार को एक इमारत ढहने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। रिपोर्टों में कहा गया है कि गीजा पिरामिड के पास केरदासा क्षेत्र में एक तीन मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर विस्फोट हुआ। हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### यूपी बोर्ड की परीक्षायें 24 से, तैयारी पूरी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रदेश सरकार के नकलविहीन परीक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। इस सिलसिले में सोमवार को सूबे के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में झटके महसूस किये गये।

# पुतिन से जल्द मिलेंगे ट्रंप

## युद्ध समाप्त करने को लेकर रूस से लगातार बातचीत कर रही है अमेरिकी टीम

एजेंसी

### रूस के राष्ट्रपति ने ट्रंप को दिया मॉस्को आने का न्योता



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। रविवार को ट्रंप ने कहा कि वो जल्द ही पुतिन से मुलाकात करेंगे। उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को रोकना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि मीटिंग अब तक कोई समय निर्धारित तो नहीं है, लेकिन वो जल्द ही राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। ट्रंप ने ये भी कहा कि युद्ध समाप्त करने को लेकर सरकार की एक टीम रूस से लगातार बातचीत कर रही है। ट्रंप ने पुतिन को लेकर कहा कि मुझे लगता है राष्ट्रपति पुतिन जल्द ही युद्ध समाप्त करना चाहते हैं। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि पुतिन यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं। इस सवाल पर ट्रंप ने कहा कि अगर ऐसा है तो यह एक बड़ी समस्या को जन्म देने वाला है। हालांकि, मुझे लगता है पुतिन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं।

बता दें कि हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत की। इसमें युद्ध समाप्त करने के लिए तुरंत वार्ता शुरू करने पर चर्चा की गई। रूस की ओर से कहा गया गया कि पुतिन और ट्रंप के बीच करीब डेढ़ घंटे बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेता मिलने के लिए सहमत हो गए हैं और पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है। इसी बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रूस कमजोर नाटो के खिलाफ युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहा है।

### नाटो के खिलाफ युद्ध छेड़ सकता है रूस : जेलेंस्की

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही में सऊदी अरब की राजधानी में रूसी अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। बता दें कि ट्रंप ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि वो युद्ध समाप्त करना चाहते हैं। बताते चलें की फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था। इस युद्ध में अब तक दोनों देशों के हजारों सैनिकों की मौत हो चुकी है। अनगिनत जिंदगियां तबाह हो चुकी है। भारत ने हमेशा बातचीत कर युद्ध समाप्त करने की वकालत की है।

### रियाद में आज वार्ता करेंगे रूस-अमेरिका

**मॉस्को।** रूस और अमेरिका मंगलवार को रियाद में यूक्रेन पर वार्ता करेंगे।

रूसी समाचार पत्र कोमर्सेंट ने यह जानकारी दी। वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री मार्को रुबियो, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और मध्य पूर्व के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ शामिल होने की उम्मीद है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन में स्थिति को सुलझाने के मामले में वाशिंगटन मास्को का मुख्य समकक्ष था। बाद में ट्रंप ने सऊदी अरब में पुतिन के साथ बैठक करने की योजना की घोषणा की, और अमेरिका और रूस के राष्ट्रपतियों की टीमें जल्द ही इस शिखर सम्मेलन की तैयारी करेंगी।

# यूनूस व मोदी के बीच होगी बैठक!

▸▸ मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मिले जयशंकर

▸▸ हुसैन ने गंगा जल बंटवारा पर बात करने का किया आग्रह

एजेंसी

**ढाका ।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने मस्कट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक के दौरान गंगा जल बंटवारा संधि की शुरूआत के लिए चर्चा शुरू करने के महत्व पर जोर दिया। बांग्लादेशी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

राजनयिक सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार और भारतीय विदेश मंत्री के बीच मस्कट में हुई बैठक आधे घंटे से भी कम समय तक चली।

चर्चा के दौरान, दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के मौजूदा संदर्भ में उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने के लिए काम करने के महत्व पर जोर दिया। उनकी चर्चा के दौरान, अप्रैल में बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक आयोजित करने का विषय भी उठा। सोमवार को बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक प्रोथोम अलो ने बताया।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के बयान का हवाला देते हुए, ढाका में स्थानीय मीडिया ने उल्लेख किया कि रविवार को ओमान के मस्कट में 8वें हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) के दौरान आयोजित बैठक के दौरान, हुसैन ने सार्क स्थायी समिति की बैठक आयोजित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला और भारत सरकार से इस मामले पर विचार करने का आग्रह किया।

## एसजीपीसी प्रधान से हरजिंदर सिंह धामी ने दिया इस्तीफा

### तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार को हटाने का विवाद गहराया



**चंडीगढ़।** सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। शिरोमणि अकाली दल तथा एसजीपीसी के बीच चल रही खींचतान के बाद अचानक हुए घटनाक्रम से सभी आश्चर्यचकित हैं। सोमवार को शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल की बेटी का शादी समारोह होने के कारण अकाली दल व एसजीपीसी के ज्यादातर नेता वहां व्यस्त थे। वहीं अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह इस समय विदेश में हैं। अकाली दल के साथ-साथ एसजीपीसी में भी कई माह से अंदरूनी खींचतान चल रही है। इसके बावजूद 29 नवंबर 2024 को हरजिंदर सिंह धामी को चौथी बार एसजीपीसी का प्रधान चुन लिया गया था। हरजिंदर सिंह धामी ने इसके पीछे का कारण श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह की पोस्ट को बताया, जिसे उन्होंने श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवाएं समाप्त करने के बाद लिखा। उन्होंने एसजीपीसी के फैसले के बाद 13 फरवरी को पोस्ट शेयर की थी। इस्तीफा देने से पहले हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पद से हटाने का कारण उन्हें बताया जा रहा है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त



**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त होने जा रहे राजीव कुमार को आज विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था। विदाई भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रेरित और अपुष्ट हमलों के बावजूद लगभग एक अरब मतदाताओं का भरोसा अडिग है। उन्होंने मतदाताओं की विशेष रूप से महिला मतदाताओं की उनकी जीवंत भागीदारी के लिए सराहना की और कहा कि चुनावी प्रक्रिया अब अधिक समावेशिता की ओर बढ़ रही है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समावेशी, परिवर्तनकारी और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत मिली है।

## बिहार को मिल सकता है नया हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

खबर मन्त्र संवाददाता



▸▸ केंद्र को सरकार भेजेगी नारायणी गंगा कॉरिडोर का प्रस्ताव : मंत्री

▸▸ पटना-आरा-सासाराम हाइस्पीड कॉरिडोर से होगा कनेक्ट

▸▸ गंगा नदी पर छपरा के रिविलगंज में एक और पुल बनेगा : विजय सिन्हा

▸▸ भोजपुर, सारण, सीवान, गोपालगंज और प. चंपारण जिले को होगा फायदा

**पटना/गया।** उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र को नारायणी-गंगा कॉरिडोर का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस कॉरिडोर से राज्य के उत्तर-दक्षिण हिस्से को संपर्कता मिलेगी। यह नए हाईस्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के रूप में विकसित होगा। इसमें गंडक नदी पर एक नए पुल का प्रस्ताव भी शामिल है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर से राज्य के उत्तर-पश्चिम कोने की सीधी संपर्कता दक्षिण-पश्चिम कोने से हो जाएगी। इससे भोजपुर, सारण, सीवान, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले को त्वरित संपर्कता हासिल होगी। प्रस्तावित कॉरिडोर बगहा से आरा के पातर के बीच बनेगा। यह कॉरिडोर पटना-आरा-सासाराम हाईस्पीड कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। अभी आरा व छपरा के बीच गंगा पर जो पुल है, उस पर वाहनों का अधिक दवाब है। इस वजह से गंगा नदी पर रिविलगंज में एक और पुल के निर्माण पर विचार किया जा रहा। विजय सिन्हा ने बताया कि यह प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लक्ष्य के अनुरूप त्वरित संपर्कता उपलब्ध कराने की दिशा मे भी यह कॉरिडोर निर्णायक साबित होगा।

## एनएच और एसएच के किनारे बनेंगे ट्रामा सेंटर

**पटना।** सड़क हादसों में घायलों को त्वरित इलाज मुहैया कराने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और राजकीय राजमार्ग (एसएच) के पांच से सात किलोमीटर के दायरे में ट्रामा सेंटर बनाए जाएंगे। यातायात नियमों के सख्ती से अनुपालन के लिए सभी शहरों में कैमरे से नजर रखी जाएगी। यह बातें सोमवार को अधिवेशन भवन में सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान निकलकर सामने आईं। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी-निजी अस्पताल दुर्घटना में घायलों का पहले इलाज करें, उसके बाद घायल के स्वजनों को खबर दें। किसी के इंतजार में इलाज में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों के साथ आम लोग भी इंसानियत को प्राथमिकता देंगे, तो सड़क पर होने वाली मौत का आंकड़ा खुद ही कम हो जाएगा। बच्चों के पाठ्यक्रम में भी सुरक्षा विषय को जोड़ने पर काम हो रहा है।

## ब्रिटिश कंपनी बेकर बेंगलुरु में लगायेगी प्लांट

एजेंसी

### वायुसेना के लिए बनायेगी इंजेक्शन सीट



नयी दिल्ली। ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कंपनी मार्टिन बेकर भारतीय विमानों की इजेक्शन सीटों के रखरखाव और निर्माण के लिए बेंगलुरु में प्लांट लगाएगी। स्वदेश में निर्मित इजेक्शन सीटों को निर्यात करने का भी मौका मिलेगा। इसी कंपनी ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए के लिए 108 आईएन16जी सीटों में से 40 फीसदी की आपूर्ति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को की है। इसी तरह मार्क-1 के लिए भी 51 इजेक्शन सीटों की डिलीवरी की गई है। ब्रिटिश मार्टिन बेकर एयरक्राफ्ट कंपनी विमानन के लिए इजेक्शन सीट और सुरक्षा संबंधी उपकरणों का निर्माण करती है। इजेक्शन सीट के क्षेत्र में अग्रणी बनने से पहले यह कंपनी मूल रूप से विमान निर्माता थी। कंपनी का मुख्यालय हायर डेनहम, बकिंघमशायर, इंग्लैंड में है, जबकि अन्य साइटें फ्रांस, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। मार्टिन बेकर दुनियाभर में 93 वायु सेनाओं के लिए इजेक्शन सीटों की आपूर्ति करती है। इस कंपनी की सीटों को 200 से अधिक फिक्स्ड-विंग और रोटरी प्रकारों में फिट किया गया है, जिनमें सबसे हालिया लॉकहीड मार्टिन एफ-35 लाइटनिंग ll प्रोग्राम है। मार्टिन बेकर के बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख स्टीव रॉबर्ट्स ने भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने को लेकर कहा कि 2025 के अंत में बेंगलुरु शहर में एक नया प्लांट खोला जायेगा। यहां से भारतीय वायु सेना के विमानों की इजेक्शन सीटों का रखरखाव करने के साथ ही निर्माण भी किया जाएगा। यह सुविधा इजेक्शन सीटों के लिए निर्यात अवसरों को भी मौका देने में मदद करेगी। मार्टिन बेकर 83 हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए लड़ाकू विमानों के लिए 108 इजेक्शन सीटें देने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने इस ऑर्डर के लिए आईएन16जी सीटों का लगभग 40 फीसदी हिस्सा वितरित भी कर दिया है, जिसकी अंतिम डिलीवरी 2028 तक होने की उम्मीद है। कंपनी के मुताबिक एलसीए मार्क-2 के लिए डिजाइन की गई आईएन 16 सीट के एक संस्करण के बारे में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के साथ भी चर्चा कर रही है। एलसीए मार्क-2 को एक अपडेटेड सीट की आवश्यकता है, क्योंकि इसकी कॉकपिट शुरूआती एलसीए संस्करणों से अलग होगी। आईएन 16 सीट एलसीए मार्क-2 के प्रोटोटाइप संस्करणों के लिए है, जबकि कंपनी ने अन्य संस्करणों के लिए अपनी एमके-18 सीट की पेशकाश की है। इसके साथ ही कंपनी ने नियोजित एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) और ट्विन-इंजन डेक बेस्ड फाइटर (टीईडीबीएफ) के लिए भी इजेक्शन सीटों की आपूर्ति का प्रस्ताव रखा है।

## शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 57 व निफ्टी 30 अंक चढ़ा

मुंबई । विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को शेयर बाजार न केवल शुरूआती बल्कि लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में कामयाब हुआ। सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.25 अंक मजबूत होकर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई में कुल 4221 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1354 में लिवाली जबकि 2733 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह में 34 कंपनियों में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही। बीएसई के 11 समूहों में बढ़त का रुख रहा।

